दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-14 अंक- 48 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए
रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

मार्च क्लोजिंग में स्टॉक क्लीयर करने के लिए देश के अनेक राज्यों में शराब ठेकेदारों ने शराब के दाम घटा दिए है। एक पर एक फ्री की योजना भी लागू की जा रही है। इससे शराबियों की पांचों उंगलियां रम में और सिर स्कॉच में हो गया है। शराब दुकानों में पियक्कड़ों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सभी महीने भर का स्टॉक जमा कर रहे हैं। शराबियों की यह खुशी भी नई दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को रास नहीं आ रही हैं। वे इस पर उंगली उठा रही हैं। जबकि उनकी सरकार खुद एक पर एक फ्री देती थी।

बिलासपुर के मोहभट्ठा से प्रदेशवासियों को 33 हजार 7 सौ करोड़ के विकास कार्य की सौगात

ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ाः मोदी

विक्रम सिंह ठाकुर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर मोहभट्ठा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने करीब 33 हजार 7 सौ करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया। लोगों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह ईमानदार प्रयासों का ही नतीजा है कि भाजपा पर जनता का भरोसा बढ़ता जा रहा है। हमारी सरकार तेजी के साथ गारंटियों को पूरा करती जा रही है।

आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में यहां भर्ती परीक्षाओं में भी खूब घोटाले हुए हैं। भाजपा सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटालों को लेकर जांच बिठाई है। छत्तीसगढ़ को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय बिजली व्यवस्था का बुरा हाल था। लोगों को बिजली नहीं मिलती थी। आज हमारी सरकार बिजली प्लांट लगा रही है। आपके घर में जीरो बैलेंस के लिए पीएम सोलर योजना शुरू की गई है। इसके जरिए आप बिजली बनाकर बेच सकेंगे। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा। हम अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। गैस उपलब्ध होने से यहां छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव हो पाएगा। यानी बड़ी संख्या में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभनपुर रायपुर रेल सेक्शन पर मेमो ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया है। पीएम मोदी अभनपुर रेलवे स्टेशन से वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़े हुए हैं। इस दौरान पीएम ने रायपुर रेल सेक्शन पर मेमू ट्रेन को हरी ढंडी दिखाकर रवाना किया है।

जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा

नेक नीयत का एक और उदाहरण देते हुए मोदी ने कहा कि गैस पाइप लाइन है। छत्तीसगढ़ समुंदर से दूर है, तो यहां तक गैस पहुंचाना इतना आसान नहीं है। पहले जो सरकार थी, उसने गैस पाइप लाइन पर भी जरूरी खर्च नहीं किया। हम इस चुनौती का भी समाधान कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार यहां गैस पाइप लाइनें बिछा रही है। इससे पेट्रोलियम से जुड़े उत्पादों को ट्रकों से ट्रांसपोर्ट करने की मजबूरी कम होगी। ये चीजें कम कीमत में आपको मिलने लगेगी। मोदी ने कहा कि गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाडियां चल पाएंगी। इसका एक और फ़ायदा होगा। घरों में खाना बनाने की गैस अब पाइप से भी आ पाएगी। जैसे पाइप से किचन में पानी आता है, वैसे ही अब गैस आएगा। मोदी ने कहा कि हम अभी 2 लाख से ज्यादा घरों में सीधे पाइप से गैस पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। गैस उपलब्ध होने से यहां छत्तीसगढ़ में नए उद्योग लगाना भी संभव हो पाएगा।

सुरक्षा कारणों से मोदी का विमान रायपुर में उतरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर से निकलकर अपराह्न 2.30 बजे अपने विशेष विमान से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर हवाई अड्डा पर उतरे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उन्हें बिलासपुर स्थित बिलासदेवी केवट एयरपोर्ट पर उतरना था लेकिन सुरक्षा कारणों से मोदी वहां नहीं उतर सके। रायपुर एयरपोर्ट पर सांसद विजय बघेल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल स्वागत, मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक खुशवंत साहेब और महापौर मीनल चौबे मोदी के स्वागत के लिए पहुंचे। एयरपोर्ट से वह एमआई 17 हेलीकॉप्टर से बिलासपुर के मोहभट्ठा के लिए रवाना हुए। गौँरतलब है कि बिलासदेवी केवट एयरपोर्ट बिलासपुर में है जहां से नियमित पैसेंजर विमान चल रहे है लेकिन सुरक्षा के लिहाज से प्रधानमंत्री का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भ्रष्टाचारी कांग्रेस को जनता ने उखाड़ फेंकाः विष्णुदेव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा ने कहा कि ऊर्जा, रेलवे, सड़क, आवास और शिक्षा के सेक्टर में 33 हजार 700 करोड़ की सौगात देंगे, जिससे विकास को तेज गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सौभाग्यशाली है। साय ने कहा कि कि आपने छत्तीसगढ़ की जनता से आह्वान किया था कि उस समय की भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार को उखाड़ फेंकना है। जनता ने आपके आह्वान और आपकी गारंटी पर भरपूर भरोसा जताया। आपके विश्वास के कारण हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त कर डबल इंजन की सरकार बना पाए। साय ने कहा कि प्रदेश में सरकार बनाने के बाद मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास सरकार में हुआ, इसलिए स्थानीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज के चुनाव में जनता का भरपूर आशीर्वाद हमारी पार्टी को मिला।

छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी जनसभाः खट्टर

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मुझे लगता है कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे बड़ी जनसभा है। खट्टर ने जय जोहार से लोगों को संबोधित किया। हम सब जानते हैं कि इस देश को दुनिया में विशेष स्थान प्राप्त कराने के लिए प्रधानमंत्री ने देश की जनता को आह्वान किया है। खट्टर ने कहा कि 2047 तक देश विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाए। उद्योग बढ़ेंगे तो रोजगार मिलेगा और उसके लिए ऊर्जा की जरूरत होगी। 22 प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिनकी शुरुआत की जा रही है, जिसकी लागत 33 हजार 799 करोड़ की योजनाएं ऊर्जा विभाग से जुड़ी है।

छत्तीसगढ़ में भी हुआ चांद का दीदार

आज देशभर में धूमधाम से मनाई जाएगी ईद

रायपुर /नवप्रदेश। राजधानी रायपुर समेत देश के कई इलाकों में आज शाम चांद दिखने की शरई तस्दीक के बाद कल यानी सोमवार 31 मार्च देशभर में ईद मनाए जाने का ऐलान कर दिया गया है। ईद से पहले बाजारों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। वहीं, रविवार को नवरात्र शुरू होने से मंदिरों में भी काफी भीड़ देखी गई। दोनों त्योहारों को देखते हुए देशभर में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

प्लाइवुड फैक्ट्री में लगी आग

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के उरला इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित एक प्लाइवुड फैक्ट्री में रविवार देर शाम भीषण आग लग गई। घटना के कारण इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना के बाद दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, उरला थाना क्षेत्र अंतर्गत भीमसरिया प्लाइवुड कंपनी की फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण फैक्ट्री से उठ रहे धुंए की लपटें दूर तक देखी जा सकती है। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. मौके पर दमकल की चार वाहन आग बुझानें में जुटी है।

हिमाचल प्रदेश के मणिकर्ण में गाड़ियों पर गिरा पेड़, 6 की मौत

कुल्लू(ए.)। हिमाचल प्रदेश की धार्मिक नगरी मणिकर्ण में नव संवत के दिन एक दर्दनाक हादसा हो गया। कायल का एक पेड़ तेज हवा के चलते नीचे खड़ी गाड़ियों पर गिर गया। पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। मृतकों में कुछ पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों को कुल्लू अस्पताल लाया जा रहा है। फिलहाल, मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मणिकर्ण गुरुद्वारा के ठीक सामने वाली सड़क के पास एक पेड़ टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से वहां पर खड़े रेहड़ी संचालक एक गाड़ी सवार और तीन पर्यटक जो मौके पर मौजूद थे उनकी मौत हो गई है। मरने वालों की पहचान की जा रही रही है। एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की जान गई है, जबकि कई घायल हुए हैं । राहत एवं बचाव कार्य जारी है । प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है।

मणिपुर, नागालैंड व अरुणाचल में छह महीने के लिए बढ़ाया गया अफस्पा

नयी दिल्ली (वार्ता) । केंद्र सरकार ने मौजूदा हालातों को देखते हुए पूर्वोत्तर के दो राज्यों मणिपुर व नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) को छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद, सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (1958 का 28) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए,पांच जिलों के निम्नलिखित 13 (तेरह) थानों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर, संपूर्ण मणिपुर राज्य को एक अप्रैल 2025 से छः माह तक, यदि इस घोषणा को इससे पहले वापस न लिया जाए, 'अशांत क्षेत्र' के रूप में घोषित किया जाता है। अरुणाचल प्रदेश के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों तथा राज्य के तीन पुलिस थाना क्षेत्रों में अफस्पा को छह महीने के लिए बढ़ाया गया।

लालू ने बिहार को किया बदनाम

राजग सरकार आई तो शुरू होंगी बंद चीनी मिलें : शाह

पटना (वार्ता)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद पर उनकी पार्टी की सरकार में प्रदेश की विधि-व्यवस्था और सहकारिता को चौपट कर राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाते हुए आज वादा किया कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की फिर से सरकार बनी तो सूबे की बंद पड़ीं सभी चीनी मिलों को शुरू करा दिया जाएगा।

शाह ने रविवार को यहां बापू सभागार में सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में चार विभागों की 823 करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही मिथिला की महत्वाकांक्षी परियोजना मखाना प्रसंस्करण केंद्र का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा 100 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम भी बांटें। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि राजद के शासनकाल में अपहरण, हत्या, लूट और नरसंहार होते थे।

उन्होंने राजद अध्यक्ष यादव पर हमला बोला और कहा कि उनके 15 साल के शासन में बिहार की पूरी सहकारिता चौपट हो गई। सैंकड़ों चीनी मिल बंद हो गयीं।

शाह ने यादव पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने चारा घोटाला करके बिहार को पूरे विश्व में बदनाम कर दिया। लेकिन, जब बिहार में श्री नीतीश कुमार की सरकार बनी तो गांव-गांव तक सड़कें पहुंची, बिजली पहुंची और हर घर तक नल का जल पहुंचा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चीनी के उत्पादन में बिहार का हिस्सा 30 प्रतिशत से भी अधिक था, राजद शासन की कुव्यवस्था के कारण घटकर छह प्रतिशत के नीचे चली गई है। बिहार में अन्न का उत्पादन काफी घट गया। उन्होंने कहा, मैं बिहार की जनता को कहने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेपाल हिंसा : पीएम ओली और विपक्ष ने बुलाई अहम बैठक

■ राजशाही समर्थकों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

काठमांडू (ए.)। नेपाल में हाल ही में राजशाही समर्थकों ने राजधानी काठमांडू में जमकर उत्पात मचाया था। जिसके बाद नेपाल सरकार ने कई कड़े फैसले लिए हैं। इसी बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए आज शाम 6 बजे (स्थानीय समयानुसार) संसद में मौजूद दलों के साथ बैठक बुलाई है। प्रधानमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के अनुसार, इस बैठक में दक्षिणपंथी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को आमंत्रित नहीं किया गया है।

नेपाली कांग्रेस के मुख्य सचेतक श्याम कुमार का कहना है कि यह बैठक हाल की राजनीतिक घटनाओं और संसद तथा सरकार के संचालन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई है। यह बैठक प्रधानमंत्री ओली और सीपीएन (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष तथा मुख्य विपक्षी नेता पुष्प कमल दहल के बीच हुई टेलीफोन वार्ता के बाद आयोजित की जा रही है।

कांग्रेस ने शुरू किया संपत्तियों का दस्तावेजीकरण

30 दिनों में एआईसीसी को भेजेंगे सूचीः आशीष साहा

अगरतला (ए.)। त्रिपुरा कांग्रेस अध्यक्ष साहा ने कहा कि टीपीसीसी के पास उपलब्ध एक आंशिक रिपोर्ट एआईसीसी को सौंप दी गई है। शेष पार्टी कार्यालय संपत्तियों की सूची अगले 30 दिनों में दिल्ली भेजी जाएगी।

100 से अधिक पार्टी कार्यालयों पर किया अवैध कब्जा : आशीष साहा ने कहा कि पार्टी तीन दशक से अधिक समय से सत्ता से बाहर है। 100 से अधिक पार्टी कार्यालयों पर या तो अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, या उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया है। विरोधी राजनीतिक दलों ने पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई है। उन्होंने कहा, दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में दो मंजिला कांग्रेस भवन को आग लगा दी गई। सिपाहीजाला जिले के बिशालगढ़ में भी कांग्रेस भवन तीन बार फूंक दिया गया। इसके अलावा, कई पार्टी कार्यालयों पर भाजपा समर्थित लोगों ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

रामनवमी पर सूर्य की किरणें करेंगी रामलला का अभिषेक

वैज्ञानिकों ने किया ट्रॉयल

अयोध्या (ए.)। रामजन्मभूमि परिसर में सूर्य तिलक का ट्रायल हुआ। इसरो के वैज्ञानिक छह अप्रैल को सूर्य की किरण भगवान के मस्तक पर लाने के लिए व्यवस्था कर रहे हैं। बीते वर्ष अस्थायी तौर पर रामलला का सूर्य तिलक हुआ था। अब स्थायी तौर पर वैज्ञानिक मंदिर का निर्माण पूरा होने पर सूर्य तिलक की व्यवस्था कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव के मौके पर भगवान के मस्तक का सूर्य अभिषेक होगा। वैज्ञानिकों ने एक मिनट का ट्रायल किया है।

इस दौरान सफलतापूर्वक सूर्य की किरणें रामलला का सूर्य अभिषेक करती नजर आई। रामनवमी को चार मिनट तक भगवान सूर्य रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगे। हिंदू नववर्ष 2082 के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर उतारी आरती

हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर जहां अयोध्या में विभिन्न मंदिरों से झांकी निकाल कर संत, महंत और भक्तों ने रामकोट की परिक्रमा की तो वहीं हिंदू नववर्ष के पहले सूर्योदय पर वैदिक ब्राह्मण और संतों ने नमन किया। रामनगरी में रविवार को नववर्ष के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर आरती उतार कर स्वागत किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, वैदिक बटुक और आरएसएस के कार्यकर्ता शामिल रहे।

नववर्ष संवत 2082 के स्वागत में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सरयू के तट पर सरयू जल से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

पुनर्वास नीति... बीजापुर जिले में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर सीएम ने सुरक्षाबलों को दी बधाई

छत्तीसगढ़ में बदल रहा है बस्तर, भय से भरोसे की ओरः साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले में एक साथ 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर सुरक्षाबलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025 के सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर स्पष्ट दिखने लगे हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद के कुचक्र में फंसे लोग अब बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं, यह परिवर्तन स्वागतयोग्य है। हमारी सरकार हर उस व्यक्ति के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है, जो लाल आतंक छोड़ शांति का रास्ता चुनता है। मुख्यमंत्री साय ने यह भी दोहराया कि यह सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 2026 तक वामपंथी उग्रवाद के समूल उन्मूलन के संकल्प का ही परिणाम है।

वामपंथी उग्रवाद का खात्मा तय : मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के अनुरूप मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद का खात्मा तय है। इसके तहत डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में अब तक 2200 से ज्यादा नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है और आत्मसमर्पण किया है, साथ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यह भरोसे की वापसी है

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के तहत सुदूर अंचलों में सड़कों का निर्माण, स्कूलों और अस्पतालों की स्थापना ने बस्तर क्षेत्र में सरकार के प्रति विश्वास और उम्मीद की लौ जगाई है।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं, यह भरोसे की वापसी है। जो कल भय का प्रतीक थे, वे आज भविष्य की उम्मीद बन रहे हैं। छत्तीसगढ़ अब शांति, विकास और नवचेतना के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

13 के सिर पर था 68 लाख का इनाम

वर्ष 2025 में अब तक कुल 157 माओवादियों ने किया पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण। वहीं वर्ष 2025 में अब तक कुल 153 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। एवं 83 माओवादियों को अलग-अलग मुठभेड़ में सुरक्षाबल के जवानों ने मार गिराया गया है. सभी आत्मसमर्पण 50 माओवादी फायरिंग,आईडी ब्लास्ट,आगजनी जैसे अन्य घटनाओं में शामिल रहें।

सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र यादव, एडिशनल एसपी मंयक गुर्जर आईपीएस, डीएसपी शरद जायसवाल एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष सभी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25-25 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है. उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी।

क्या 12 साल तक राष्ट्रपति रह सकते हैं ट्रंप? संविधान की एक खामी की वजह से हो सकता है ऐसा

नई दिल्ली/(ए.)। अमेरिका को दुनिया का सबसे ताकतवर देश माना जाता है और उसके राष्ट्रपति को शायद दुनिया का सबसे ताकतवर व्यक्ति लेकिन 20 जनवरी 2025 को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप के बारे चर्चा थोड़ी अलग भी है। वह ताकतवर होने के साथ-साथ दुनियाभर में चर्चित भी हैं। बिना लाग-लपेट किए बात करने के लिए जाने, जाने वाले ट्रंप अगले चार साल तक कानूनी तरीके से राष्ट्रपति बने रहेंगे। लेकिन अब सवाल यह है कि क्या वह अगले 12 सालों के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति के पद पर रह सकते हैं या नहीं? हालांकि अमेरिका का संविधान साफ तौर पर यह कहता है कि अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता।

डोनाल्ड ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की बात इसलिए भी सामने आई है क्योंकि अमेरिकी संविधान में एक ऐसा लूप होल है जिसकी वजह से यह संभव हो सकता है। दरअसल, 22 वें संशोधन के मुताबिक अमेरिका का राष्ट्रपति दो बार से ज्यादा बार नहीं चुना जा सकता है, लेकिन वे उत्तराधिकार की प्रक्रिया के माध्यम से फिर से इस भूमिका को निभा सकते हैं।

उत्तराधिकार की प्रक्रिया कैसे काम करती है इसे एक प्रक्रिया के जरिए समझा जा सकता है। दरअसल, अमेरिकी संविधान के 22 वें संशोधन के अनुसार, दो बार चुना जा चुका राष्ट्रपति तीसरी उत्तराधिकार के रूप में यह दायित्व निभा सकता है।

अगर ट्रंप दूसरे कार्यकाल की समाप्ति के बाद उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ते हैं और उनका साथी जीतने के बाद राष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे देता है तो वह तीसरी बार उत्तराधिकारी के रूप में

राष्ट्रपति की भूमिका को निभा सकते हैं।डेलीमेल की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अगर इस रणनीति का पालन करते हैं तो वे 2029 के बाद और संभावित रूप से 2037 तक व्हाइट हाउस में काम करना जारी रख सकते हैं।

ट्रंप के तीसरी बार राष्ट्रपति बनने को लेकर मुख्य तौर पर रणनीति इस तरह से हो सकती है कि ट्रंप 2028 में जेडी वेंस सरीखे अपने किसी भरोसेमंद साथी को राष्ट्रपति का चुनाव लडवाते हैं और वेंस चुनाव जीतने के बाद इस्तीफा दे देते हैं तो ट्रंप आगामी कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बने रह सकते हैं। यह एक ऐसी रणनीति है जो दो बार से अधिक राष्ट्रपति के रूप में ÷चुने÷ जाने पर संवैधानिक प्रतिबंध का उल्लंघन नहीं करेगी। ट्रम्प 2032 में इस प्रक्रिया को दोहरा सकते हैं।

संघ-भाजपा के बीच नहीं है कोई मतभेद; आरएसएस बोला- हमारी विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी पहली बार रविवार को नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के हेडक्वार्टर पहुंचे। किसी भी प्रधानमंत्री की ह पहली यात्रा है। पीएम की यात्रा के बीच आरएसएस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ कोई मतभेद नहीं है। पीएम मोदी के इस दौरे को बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताते हुए आरएसएस के शेषाद्रि चारी ने कहा, ÷लोग हमेशा आरएसएस और बीजेपी के संबंधों के बारे में बात करते हैं। पहले भी बात करते रहे हैं। बीजेपी और आरएसएस के बीच कोई मतभेद नहीं है। आरएसएस नेता ने कहा, जो लोग संघ और बीजेपी के बारे में कुछ नहीं जानते वही लोग कहते हैं कि बीजेपी और आरएसएस के बीच मतभेद हैं। जो लोग इन झूठी बातों को फैलाते हैं वे अपनी राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे की शुरुआत नागपुर स्थित स्मृति मंदिर में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित करके की।

आरएसएस नेता ने कहा, ÷यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री मोदी पीएम बनने के बाद यहां आ रहे हैं।

ईद से पहले महाराष्ट्र की मस्जिद में बड़ा धमाका, दो लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। महाराष्ट्र के बीड से ईद उल-फित्र से एक दिन पहले

बड़ी खबर सामने आई है। यहां रविवार तड़के सुबह एक मस्जिद में धमाके की खबर मिली है। कथित तौर पर यह विस्फोट एक शख्स द्वारा रखी गई जिलेटिन रॉड की वजह से हुआ। पुलिस ने बताया है कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। घटना जियोराई तहसील के अर्ध मसला गांव की है जहां मस्जिद में तड़के सुबह करीब 2.30 बजे धमाका हुआ। विस्फोट के बाद मस्जिद का आंतरिक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।पुलिस ने बताया कि इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है। एक अधिकारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और किसी भी गलत सूचना के फैलने से बचने के लिए गांव में भारी सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों के मुताबिक एक व्यक्ति मस्जिद के पिछले हिस्से से घुसा और कथित तौर पर वहां कुछ जिलेटिन की रॉड रख दी, जिससे विस्फोट हुआ है।जानकारी के मुताबिक गांव के प्रधान ने सुबह करीब 4 बजे तलवाड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कंवत और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड (बीडीडीएस) के साथ फोरेंसिक साइंस टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि बीड पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाह न फैलाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करने की अपील की है।

300 परमाणु बम फूटने जितना शक्तिशाली था म्यांमार में आए भूकंप का झटका, 10 हजार मौतों की आशंका

म्यांमार (ए.)। म्यांमार और थाईलैंड सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में शुक्रवार को आए भूकंप ने तबाही मचा दी। 28 मार्च को आए इस शक्तिशाली 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद स्थिति अब तक सामान्य नहीं हो पाई है। म्यांमार में 1600 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है और बचाव दल कर्मी लगातार मलबों की तलाशी में जुटे हैं। वहीं पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भारी नुकसान हुआ है जहां अधिकारियों के मुताबिक 17 लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (स्त्नस्) के मुताबिक म्यांमार में केंद्रित इस भूकंप के एक दर्जन से ज्यादा झटके बाद में महसूस किए गए हैं। जानकारों के मुताबिक भूकंप का झटका 300 परमाणु बम फूटने जितना शक्तिशाली था।

शनिवार को भी म्यांमार में कम से कम दो भूकंप आए हैं जिनमें से एक की तीव्रता 5.1 और दूसरे की 4.2 थी। सीएनएन की एक रिपोर्ट ने एक भूविज्ञानी के हवाले से बताया है कि म्यांमार में आए भूकंप से 334 परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा निकली। रिपोर्ट में भूविज्ञानी जेस फीनिक्स ने बताया, ÷इस तरह के भूकंप से निकलने वाली शक्ति लगभग 334 परमाणु बमों के बराबर होती है।÷ एक अन्य विशेषज्ञ ने बताया कि भूकंप पृथ्वी पर एक बड़े चाकू से वार जैसा था।

सड़कों पर रात बिता रहे लोग

इस बीच म्यांमार में हर ओर तबाही का मंजर छाया हुआ है। करीब 3400 लोगों के घायल होने की खबर है और लोग अपने लापता परिजनों को खोजने की जद्दोजहद में जुटे हुए हैं। वहीं भूकंप के बाद आ रहे झटकों की वजह से बहुत से लोग सड़कों पर रात बिता रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के मुताबिक नुकसान और भूकंप के झटकों के डर से लोगों को घर के अंदर जाने की हिम्मत नहीं हुई।

10,000 से अधिक मौतों की आशंका

ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्तमान में मरने वालों की संख्या 1,600 से अधिक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह आंकड़ा 10,000 से अधिक तक पहुंच सकता है। यूएसजीएस ने यह भी बताया है कि अनुमानित आर्थिक नुकसान म्यांमार की जीडीपी से ज्यादा हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि नुकसान के बाद मांडले अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है।

सानिया मिर्जा की बहन अनम के एक्सपो में फायरिंग से दहशत, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली (ए.)। टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा के दावत-ए-रमजान एक्सपो में गोलियां चलने से अफरा-तफरी मच गई। किंग्स पैलेस में इसका आयोजन किया गया था। जानकारी के मुताबिक अनम मिर्जा के एक्सपो में दो शख्स भिड़ गए और उनमें से एक ने गोली चला दी। घटना शनिवार रात की है। फायरिंग की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी का गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तुरंत पिस्तौल भी जब्त कर ली। गुडीमालकापुर पुलिस सस्टेशन के इन्स्पेक्टर ने कहा कि एक्सपो में परफ्यूम शॉप और खिलौनों की दुकान के मालिकों में कहासुनी हो गई। इसके बाद एक शख्स ने गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि हसीबुद्दीन नाम के शख्स ने हवा में दो बार फायर किया। पुलिस ने बताया कि आर्म्स ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पता लागने की कोशिश

कर रही है कि आखिर गोली क्यों चलाई गई।पुलिस ने यह भी बताया कि गोली चलाने वाला शख्स ना तो परफ्यूम की दुकान वाला है और ना ही खिलौनों की दुकान का मालिक। बल्की गोली चलाने हैदर पूर्व सरपंच है। वह एसी गार्ड्स पैरामाउंट कॉलोनी का रहने वाला है। उसके पास लाइसेंसी पिस्तौल थी। बता दें कि हैदराबाद में रमजान के दौरान इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वहीं अनम मिर्जा के दावत-ए-रमजान में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि फायरिंग में कोई भी घायल नहीं हुआ है।

बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस हादसे का शिकार, ट्रेन के 11 डिब्बे पटरी से उतरे

बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस रविवार को हादसे का शिकार हो गई। हादसा ओडिशा के कटक जिले में हुआ। रेलवे अधिकारी ने बताया कि एसी ट्रेन के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। राहत-बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ टीम और रेलवे अधिकारी मौके पर

पहुंच चुके हैं।ईस्ट कोस्ट रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि स्स्ङ्क्ष्ज्ञ बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के ग्यारह डिब्बे निर्गुंडी के पास मंगलुरी में सुबह 11:54 बजे पटरी से उतर गए। हालांकि, अब तक किसी के घायल होने या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया, ÷हमने अपने संसाधनों को सक्रिय कर दिया है और एनडीआरएफ और दमकल सेवाओं को सूचित कर दिया है। एक राहत ट्रेन को घटनास्थल पर भेजा गया है।राहत-बचाव कार्य : अशोक कुमार ने आगे कहा, हमारे अग्रिम पंक्ति के अधिकारी और सहयोगी कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।इस घटना के बाद 8455885999 और 8991124238 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं और फंसे हुए यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।

एक गलती और खाक हो गई हजारों एकड़ जमीन, मारे गए 30 लोग

द कोरिया में कैसे लगी इतनी भीषण आग?

नई दिल्ली (ए.)। दक्षिण कोरिया में बीते दिनों जंगल की आग ने तबाही मचा दी। इस आग में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई। खबरों के मुताबिक आग ने 1 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन को अपने अंदर लील लिया जिसमें हजारों इमारतें तबाह हो गईं। आग में कई प्राचीन इमारतें भी जलकर खाक हो गई है। जानकारों ने इसे दक्षिण कोरिया के इतिहास की सबसे भीषण जंगल की आग बताया है। अब इस त्रासदी के पीछे की हैरतअंगेज वजह सामने आई है। जानकारी के मुताबिक

यह आग एक शख्स की गलती की वजह से लगी।

जांचकर्ताओं ने बताया है कि यहां के शख्स ने अपने रिश्तेदार के कब्र की सफाई करते समय एक चिंगारी सुलगा दी जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। दक्षिण कोरियाई पुलिस ने इस शख्स के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। प्रांतीय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया है कि 56 वर्षीय इस शख्स पर 22 मार्च को अपने दादा-दादी की कब्रों की सफाई करते समय गलती से आग लगाने का संदेह है। नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया, हमने अनजाने में जंगल में आग लगाने के संदेह में शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया है।

कैसे लगी आग?

अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर निरीक्षण पूरा होने के बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। संदिग्ध की बेटी ने कथित तौर पर अधिकारियों को बताया है कि उसके पिता ने कब्रों के आस-पास पेड़ की शाखाओं को सिगरेट लाइटर से जलाने की कोशिश की थी। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक तेज हवा की वजह से आग की लपटें फैल गईं और जंगल में आग लग गई।

हमास ने गाजा में युद्ध विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी, इजरायल ने दे दिया नया प्रपोजल

गाजा (ए.)। हमास ने गाजा पट्टी में इजरायल के साथ युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हमास की तरफसे शनिवार को कहा गया कि उसने मध्यस्थों इजिप्ट और कतर द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है लेकिन दुविधा तब पैदा हो गई जब इजरायल की तरफ से कहा गया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर एक नया प्रस्ताव तैयार किया है। इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफसे रिहा होने वाले बंधकों की संख्या में बदलाव किया गया है।

गाजा में युद्धविराम के लिए इजिप्ट और कतर पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास करने में लगे हुए

हैं। इसी के तहत उन्होंने हमास के सामने एक प्रस्ताव रखा था। इजिप्ट की तरफसे एक अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि इस समझौते के तहत हमास एक अमेरिकी-इजराइली समेत पांच जीवित बंधकों को रिहा करेगा जिसके बदले में इजराइल गाजा में मानवीय सहायता को पहुंचने देगा और एक सप्ताह के लिए युद्ध रोकने पर सहमत होगा। साथ ही, इजराइल सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा।गाजा में हमास के नेता खलील अल-हय्या ने इसे स्वीकार करने की घोषणा की लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि इस घोषणा से पहले प्रस्ताव में बदलाव किया गया था या नहीं।

इजरायल की तरफ से पेश किए गए नए प्रस्ताव पर कोई ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन पीएम नेतन्याहू ने कहा कि यह प्रस्वात शुक्रवार को हुई चर्चा के बाद सामने आया है।इससे पहले इजरायल ने करीब दस दिन पहले हमास पर बंधकों को न छोड़ने का आरोप लगाते हुए सीजफायर तोड़कर हमला कर दिया था। इन हमलों में सैकड़ों लोग मारे गए थे।

जयशंकर की एक ही चोट से तिलमिलाया पाक, देने लगा फर्जी ज्ञान

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बार फिर भारत पर बेबुनियाद इल्जाम लगाते हुए कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों के अधिकारों की हिमायत करने का कोई हक नहीं है। हालांकि, सच्चाई ये है कि खुद पाकिस्तान में हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों की हालत बद से बदतर होती जा रही है, जहां उनके जान-माल, मंदिरों और धार्मिक आजादी पर लगातार हमले होते रहते हैं।विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दयनीय स्थिति पर चर्चा की, जिस पर पाकिस्तान की ओर से जवाब आया। पाकिस्तानी प्रवक्ता ने कहा कि उनके देश में राज्य संस्थाएं अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उलटा भारत में अल्पसंख्यकों के खिलाफ घृणा, भेदभाव और हिंसा को व्यवस्थित तरीके से भड़काने की घटनाएं दर्ज हैं।गौरतलब है कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की चिंताजनक स्थिति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाए जाने का उल्लेख करते हुए शुक्रवार को कहा कि हम ऐसे पड़ोसी देश की मानसिकता नहीं बदल सकते जिसकी सोच धर्मांधता और कट्टरता वाली है और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी ऐसा नहीं कर सकी थीं।जयशंकर ने लोकसभा में प्रश्नकाल में यह भी कहा कि पाकिस्तान में हिंदुओं समेत धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हमलों और उनके उत्पीड़न के अनेक मामले सामने आने के बावजूद वहां की सरकार अपने यहां अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए कोई कार्रवाई नहीं करती।विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार पाकिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले व्यवहार पर करीब से नजर रखती है और उनके उत्पीड़न के मामलों को संयुक्त राष्ट्र समेत अनेक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समय-समय पर उठाती रहती है।उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में फरवरी माह में हिंदुओं पर अत्याचार के 10 मामले, सिखों के उत्पीड़न के दो मामले और ईसाई समुदाय के एक व्यक्ति के साथ ज्यादती का एक मामला सामने आया। विदेश मंत्री ने इनमें अपहरण, जबरन धर्मांतरण और होली खेल रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले गिनाए।

आसाराम की जमानत से रेप पीड़िता के पिता को सताने लगा डर

नई दिल्ली (ए.)। रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे आसाराम बापू को शुक्रवार को गुजरात हाईकोर्ट द्वारा मेडिकल आधार पर तीन महीने की तात्कालिक जमानत दी गई है। इस फैसले के बाद पीड़िता के पिता ने अपनी चिंता जताते हुए कहा कि अब उनके परिवार को और भी अधिक खतरा हो गया है क्योंकि यह स्वयंभू बाबा कुछ भी कर सकता है।

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रहने वाले पीड़िता के

पिता ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, ÷जब आसाराम जेल में थे तब यह हमारे लिए जीत थी। लेकिन अब वह हर किसी को मैनेज कर रहे हैं। मुझे आश्चर्य है कि कोर्ट बार-बार उन्हें अंतरिम जमानत क्यों दे रहा है। पहले सात दिनों के लिए, फिर 12 दिनों के लिए, फिर दो महीने और ढाई महीने के लिए और अब तीन महीने के लिए।÷उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनका परिवार अपने वकील से धोखा खा चुका है, जिन्होंने आसाराम की जमानत याचिका पर आपत्ति दाखिल नहीं की। वकील के पास सारे दस्तावेज तैयार थे। उन्होंने कहा, ÷हमने सभी कागजात वकील को दिए थे, लेकिन उसने अदालत में आपत्ति नहीं दाखिल की और हमें लगातार भागदौड़ करवाई। वह हमें धोखा दे रहे हैं।

मेडिकल आधार पर जमानत

आसाराम के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता शालिन मेहता ने अदालत में तर्क दिया कि 86 वर्षीय आसाराम हृदय और किडनी की बीमारियों से ग्रसित हैं। उनके इलाज के लिए केवल आयुर्वेदिक 'पंचकर्म' ही उपलब्ध है। वकील ने बताया कि जोधपुर स्थित एक आयुर्वेदिक केंद्र में उनका इलाज अभी शुरू हुआ है।

गंगोत्री धाम के कपाट खोलने का यह है शुभ मुहूर्त

उत्तराखंड /(ए.)। उत्तराखंड चारधाम यात्रा के शुरू होने से पहले ही पुलिस-प्रशासन सहित अन्य विभागों की तैयारियों पूरी जोरों पर है। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट खोलने के शुभ मुहूर्त का ऐलान कर दिया गया है। केदारनाथ-बदरीनाथ, यमुनोत्री समेत चारों धामों के कपाट खोलने की तारीखों की घोषणा भी हो चुकी है।गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट इस वर्ष 30 अप्रैल को खुलेंगें। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा व नवरात्र के शुभ अवसर पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का शुभ मुहूर्त निकाला गया। जिसमें अक्षय तृतीय पर प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ गंगोत्री धाम के कपाट देश विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनाथ खोल दिए जाएंगे।गंगोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की उत्सव डोली 29 अप्रेल को अपने शीतकालीन प्रवास मुखबा से सुबह 11 बजकर 57 मिनट पर गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

गर्मी की छुट्टियों के लिए बच्चों को पीएम मोदी का टास्क

'मन की बात' में क्या-क्या बोले प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (ए.)। हर महीने की तरह इस महीने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। पीएम मोदी ने सबसे पहले सभी देशवासियों को नव संवत्सर की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे सामने इस वक्त बहुत सारी चिट्ठियां रखी हुई हैं, जिनमें रोचक तरीके से लोगों ने अपनी बात को रखा है। इसके बाद पीएम मोदी ने कई भाषाओं में नव संवत्सर की बधाईयों को पढ़ा। पीएम ने कहा कि आने वाले समय में कई त्योहार आने वाले हैं इसीलिए इन सभी संदेशों में मुझे बधाई संदेश मिले हैं। पीएम ने कहा कि इन सभी में भाषाएं अलग-अलग हैं लेकिन भावनाएं एक जैसी हैं। उन्होंने कहा यह त्योहार भले ही अलग-अलग राज्यों में हों लेकिन यह हमें दिखातें हैं कि हम एक ही हैं। हमें इस एकता की भावना को मजबूत करते हुए चलना है।

पीएम मोदी ने इस महीने परीक्षा देकर लौटे छात्रों को एक नया टास्क दिया है। युवा शक्ति को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे युवा साथियों की परीक्षाएं हो चुकी हैं। कई स्कूलों में नई पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। इसके बाद गर्मियों की छुट्टियां आने वाली है। यह समय बच्चों के लिए खेलने-कूदने का समय होता है लेकिन इसके साथ ही हम इस

समय में कुछ अच्छा और नया सीख भी सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट के इस जमाने में बच्चों के पास ऐसे कई प्लेटफार्म हैं जहां वे काफी कुछ नया सीख सकते हैं। जैसे कोई संस्था टेक्नोलॉजी कैंप चला रही हो तो बच्चे वहां पर ओपनसोर्स या एप बनाना सीख सकते हैं। कई अलग-अलग क्षेत्रों में भी बच्चें जा सकते हैं। इन सब के अलावा कई वालंटियर एक्टिविटी से भी जुड़ सकते हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर बच्चे या संस्था ऐसी एक्टिविटी करवा रहे हों तो इसे ञ्स्र्व4द्धश्ध्यद्बस्त्रड्ढ4ह्य के साथ साझा कर सकते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने माय भारत कलैंडर के बारे में भी बात की। पीएम ने कहा कि इसे समर वैकेशन के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें स्टडी टूल है, जिसके जरिए आप जान सकते हैं कि हमारे जन औषधि केंद्र कैसे काम करते हैं, इसके अलावा बाइब्रेंड विलेज अभियान के तहत सीमावर्ती गांवों का एक खास अनुभव ले सकते हैं। इसके अलावा वहां के कल्चर और खेल कूद की गतिविधियों की जानकारी भी ले सकते हैं। इसके साथ ही अंबडेकर जयंती पर होने वाली पदयात्रा में भी भाग ले सकते हैं। पीएम ने आग्रह किया कि छुट्टियों के अनुभवों को ञ्॥ड्डश्चश्च4ङ्कड्डष्ड्डह्लद्बशठ्ठ पर साझा करें। वह अपने अगले मन की बात कार्यक्रम में इनमें से कुछ को सभी लोगों के साथ साझा करेंगे।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आने वाली गर्मियों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर भी बात की। पीएम ने कहा कि देश वासियों को गेट द रेन जैसे विकल्पों पर भी काम करना चाहिए। पीएम ने लोक जल शक्ति मंत्रायल द्वारा जारी किए गए आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि पिछले साल देश वासियों ने इन तरीकों के जरिए करीब 11 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी इकट्ठा किया है। उन्होंने कहा कि इस पानी का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि 90 किलोमीटर में फैले भांखड़ा नागल डैम में भी केवल 8 से 9 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी ही इकट्ठा होता है। पीएम ने कर्नाटक के गढ़ जिले के लोगों द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर भी प्रकाश डाला कि कैसे गांव के लोगों ने मिलकर वहां पर मौजूद तालाबों को साफकिया और गेट द रेन में अपना योगदान दिया।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स कार्यक्रम पर बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने इन खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

संक्षिप्त खबरें

मुख्यमंत्री साय से केन्द्रीय मंत्री खट्टर ने सौजन्य मुलाकात की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार को मुख्यमंत्री निवास में केन्द्रीय आवास और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने खट्टर का शॉल एवं प्रतीक चिन्ह नंदी भेंटकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण सिंह देव उपस्थित थे।

महाराष्ट्र मंडल में अंतर संस्था व समाज कैरम स्पर्धा 26-27 अप्रैल को

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति की ओर से दो दिवसीय अंतर संस्था एवं अंतर समाज कैरम स्पर्धा के आयोजन 26 और 27 अप्रैल को चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन में किया जा रहा है। स्पर्धा सिर्फ संस्था या समाज के सदस्यों के लिए है। स्पर्धा के लिए न्यूनतम प्रवेश शुल्क निर्धारित किया जाएगा। वहीं विजयी प्रतिभागी को शील्ड, प्रमाणपत्र के साथ नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।महाराष्ट्र मंडल की कार्यकारिणी सदस्य और खेलकूद की प्रभारी मालती मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2025 के लिए कैरम स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा में राजधानी रायपुर के विभिन्न संस्थाओं और समाज के सदस्य भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में भाग लेने वाले पुरुष वर्ग व महिला वर्ग प्रतिभागियों को अपना नाम, संस्था/समाज का नाम, मोबाइल नंबर, प्रवेश शुल्क के साथ महाराष्ट्र मंडल, रायपुर को भेजा जाना है। मालती मिश्रा ने आगे बताया कि एकल स्पर्धा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपये निर्धारित किया गया। वहीं युगल पुरुष के लिए एक हजार रुपये प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। उक्त स्पर्धा में विजेता एवं उपविजेता को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र के साथ नकद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी।

निगम बजट में आयुर्वेद की उपेक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रान्ताध्यक्ष डॉ मनोहर लहेजा ने राजधानी के निगम बजट में आयुर्वेद हॉस्पिटलों की उपेक्षा पर दुःख जताया है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब पी एम मोदी जी आयुर्वेद की सराहना व प्रगति के लिए कटिबद्ध हैं, तब महापौर ने ऐसे आयुर्वेद को भुला दिया है, जो स्वाभाविक रूप से चिन्ता का विषय है। डॉ लहेजा ने कहा कि रायपुर निगम में जब 56 वार्ड थे तब 13 आयुर्वेद हॉस्पिटल थेऔर अब 70 वार्ड हैं तो आयुर्वेद अस्पताल समाप्त कर दिए गए हैं। इतना ही नहीं बल्कि उनकी करोड़ों की जमीन एवं भवन आयुर्वेद से छीन लिया गया है। उन्होंने शासन, प्रशासन, महापौर, आयुक्त एवं सचिव से मांग की है कि प्रत्येक वार्ड में सर्वसुविधासंपन्न आयुर्वेद अस्पताल बनें ताकि जनता स्वस्थ और सुखी हो। पूर्व आयुक्त व वित्त मंत्री ओ पी चौधरी इस पर अवश्य ध्यान देंगे क्योंकि आयुर्वेद से लाखों की संख्या में जनता जुड़ी है । तो यह जनता के हित में ही होगा ! नेशनल इंटेग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन के महासचिव डॉ. नरेंद्र दत्त मिश्रा ने यथाशीघ्र आयुर्वेद चिकित्सा उयलब्ध कराने की आवश्यकता बताई !डॉ. गिरीश चंदेल, कुलपति, आईजीकेवी ने बैंकों से छोटे उद्यमियों और स्टार्टअप्स के लिए ऋण प्रवाह बढ़ाने और फूलों की खेती और कृषि व्यवसाय निर्यात के लिए आगे के लिंकेज का समर्थन करने का आग्रह किया। शीतल शाश्वत वर्मा, निदेशक, संस्थागत वित्त, जीओसीजी ने दूरदराज के क्षेत्रों में बैंकिंग पहुंच बढ़ाने और एसएचजी वित्तपोषण को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मनोज कुमार, जीएम, एसबीआई और एसएलबीसी संयोजक ने बैंकरों से 2025-26 के लिए 1.18 लाख करोड़ रूपए के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी प्रयास करने का आग्रह किया। अंत में नाबार्ड ने सभी बैंकों को आग्रह किया कि स्टेट फोकस पेपर के आंकलन को आधार बनाकर वित्त वर्ष 2025-26 में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के विकास हेतु ऋण पोषित करें।

जिला खनिज से मिली दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास 'उमंग' की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर किया दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पणउद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर किया दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पणउद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर किया दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पणउद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने फीता काटकर किया दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पण जिला खनिज न्यास मद से कोरबा शहर को आज सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास '' उमंग '' की सौगात मिली। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री लखनलाल देवागन ने फीता काटकर विद्यालय सह-छात्रावास का लोकार्पण किया, लोकार्पण पट्टिका का अनावरण करने के साथ ही सम्पूर्ण भवन एवं परिसर का निरीक्षण किया। इस मौके पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर संजूदेवी राजपूत, कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्षदगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यालय सह-छात्रावास के स्टाफजन उपस्थित थे। जिला खनिज न्यास संस्थान मद से कोरबा के डिंगापुर बस्ती के समीप सर्वसुविधायुक्त दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास का निर्माण एवं स्थापना का कार्य कराया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में दिव्यांग विद्यालय सह-छात्रावास में पठन-पाठन, प्रशिक्षण, आवास, भोजन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई है, उक्त भवन में शिक्षण-प्रशिक्षण कक्ष, सेरेब्रल पॉलिसी-बहुदिव्यांग, मल्टीसेन्सरी विकास कक्ष, स्मार्ट क्लास रूम, मानसिक मंदता कक्ष, पंजीयन काउंटर सहित अन्य विविध व्यवस्थाएं वहॉ पर की गई है ।

मुख्यमंत्री साय ने बालिकाओं के साथ सुनी मन की बात की120वीं कड़ी

देश की जनता को जागरूक और सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है 'मन की बात' : मुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में नवगुरुकुल और नेतृत्व साधना केंद्र की बालिकाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तुत लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 120वीं कड़ी का श्रवण किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक श्री किरण देव और विधायक पुरंदर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री साय ने चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर बालिकाओं के साथ आत्मीय संवाद किया और उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आज देश की जनता को जागरूक बनाने का सशक्त मंच बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम के माध्यम से विशेष रूप से छात्रों और युवाओं को कड़ी मेहनत, नवाचार और सकारात्मक सोच की प्रेरणा देते हैं। यदि हम सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें, तो समाज और जीवन में बड़ा परिवर्तन संभव है।

नवाचार और सामाजिक समरसता का संवाहक

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'मन की बात' भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने वाला मंच है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम जनता से सीधे जुड़ने का सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसमें देश के नवाचार, जन भागीदारी, प्रेरक कहानियाँ, जल संरक्षण, योग, आयुर्वेद और वीर सैनिकों सहित खिलाड़ियों और वैज्ञानिकों के योगदान को उजागर किया जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चियों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर अपने सपनों को आकार देने के लिए संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़ें।

बालिकाओं से आत्मीय भेंट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उनके मेहनत और संकल्प की सराहना की। उन्होंने कहा कि आप सभी तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी बेटियाँ जीवन में अवश्य सफल होंगी। आप सबकी उपलब्धियों में सहभागी बनना मेरे लिए गर्व का विषय है। बालिकाओं ने भी मुख्यमंत्री श्री साय से संवाद करते हुए अपने अनुभव साझा किए और मुख्यमंत्री निवास में बिताए गए इन खास पलों को यादगार बताया।

प्रशासनिक तैयारी की नई उड़ान-नवगुरुकुल संस्था की

छात्रावास अधीक्षिका सुश्री रेणुका चंदन ने जानकारी दी कि नवगुरुकुल से निकले कई छात्र-छात्राएं आज बैंगलोर और हैदराबाद की प्रमुख आईटी कंपनियों में कार्यरत हैं। इसी तरह नेतृत्व साधना केंद्र में सीजीपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। यहाँ रहने वाले बच्चों को निःशुल्क आवास और भोजन की सुविधा दी गई है। इस वर्ष केंद्र के 11 बच्चों ने पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है और वे अब मुख्य परीक्षा में भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित नवगुरुकुल संस्थान में बच्चों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, कोडिंग एवं डिकोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

डीएमएफ से विकास का काम जन अपेक्षाओं के अनुरूप : मंत्री देवांगन

■ **विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देश**

रायपुर/नवप्रदेश। विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देशविभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देशविभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यों की प्रगति एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना की स्वीकृति हेतु अनुमोदन किया गया। इस दौरान विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार क्षेत्र तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूल सिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर संजू देवी राजपूत सहित अन्य सदस्य एवं पदेन अध्यक्ष कलेक्टर अजीत वसंत, वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत, आयुक्त नगर निगम आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, अपर कलेक्टर मनोज बंजारे, एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में डीएमएफ अंतर्गत विभिन्न एजेण्डाओं पर चर्चा उपरांत मंत्री देवांगन ने कहा कि डीएमएफ से जिले में विकास का काम जन अपेक्षाओं की पूर्ति के साथ किया जा रहा है। जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अधोसंरचना सहित जनहितैषी कार्यों को प्रस्ताव में प्राथमिकता दी गई है, उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके साथ ही निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अनेक विकास कार्यों के लिए बजट में भी प्रावधान किया जाता है। इस हेतु सभी अधिकारी विभागीय कार्यों की बजट में स्वीकृति हेतु प्राक्कलन तैयार कर समय पर स्वीकृति हेतु भेजें। मंत्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विकास कार्य का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने जिले में जल आवर्धन व संचयन की दिशा में कार्य करते हुए नए तालाब निर्माण की स्वीकृति के साथ ही निर्मित तालाबों के जीर्णोद्धार पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करते हैं। कलेक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। शासी परिषद की बैठक में मंत्री देवांगन ने विभागों और जन प्रतिनिधियों से प्राप्त विकास कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा की और कहा कि जिले के विकास से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जाएगी। विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल ने कहा कि डीएमएफ की राशि का विकास कार्यों में सदुपयोग होना चाहिए। जो भी कार्य कराए जाएंगे उसमें गुणवत्ता का ध्यान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मद की राशि के उपयोग से शैक्षणिक स्तर को ऊपर उठाने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में प्रयास करने की बात कही। विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर मरकाम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने के कार्यों को प्राथमिकता से कराने की बात रखी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बुलाई आवश्यक बैठक .

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव प्रक्रिया को लेकर शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में सरगुजा महासमुंद एवं रायगढ़ में होने वाले चुनावी प्रक्रिया को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए जिसके तहत सरगुजा जिले में 14 अप्रैल दिन सोमवार, महासमुंद एवं रायगढ़ जिले में 16 अप्रैल दिन बुधवार को चुनावी प्रक्रिया संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, के. सी. महेश्वरी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत महासमुंद जिले के मतदाताओं का मतदान स्थल जो की रायपुर था उसे परिवर्तित करके महासमुंद में ही 16 अप्रैल, समय 10 बजे से 4 बजे तक, दिन बुधवार को रखा गया है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने यह बताया कि पूर्व में चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात मतगणना की तिथि 6 एवं 7 मई निर्धारित की गई थी। चूंकि जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री पद हेतु अधिकतर जिलों से केवल एक-एक प्रत्याशियों के ही नाम आए हैं जिसके कारण निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है।

अतः मतगणना की तिथि में बदलाव करते हुए 18 अप्रैल, समय प्रातः 10 बजे से, दिन शुक्रवार को चेंबर भवन में कराने का निर्णय लिया गया है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है एवं जिन पदों पर केवल एक एक प्रत्याशी है वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना उपरांत प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं, और स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार प्रसार न करें।

जिन कंपनियों के खिलाफ करना था एफआईआर उन्हें दिया शराब सप्लाई का काम?-कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि न्यायालय ने जिन शराब कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था उन शराब कंपनियों को सरकार ने पुनः शराब सप्लाई का काम कैसे दे दिया? न्यायालय ने भाटिया वाइन मर्चेंट, सीजी डिस्टलरीज, वेलकम डिस्टलरीज, दिशिता वेंचर्स, ओम साई बेवरेजेज सहित कुछ कंपनियों के खिलाफ सरकार को अपराध पंजीबद्ध करने का निर्देश दिये है। भाजपा प्रदेश में शराब घोटाला होने का झूठा मनगढंत आरोप लगाकर कांग्रेस सरकार के खिलाफ फर्जी जांच करवा रही है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लिखित जवाब देते हैं कि शराब घोटाला की जानकारी नहीं है।

राज्य ऋण संगोष्ठी 2025-26 का आयोजन

नाबार्ड ने प्राथमिकता क्षेत्र के तहत1.18 लाख करोड़ की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया

रायपुर/नवप्रदेश। नाबार्ड छत्तीसगढ़ ने 2025-26 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत छत्तीसगढ़ के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगायानाबार्ड छत्तीसगढ़ ने 2025-26 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत छत्तीसगढ़ के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगायानाबार्ड छत्तीसगढ़ ने 2025-26 के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के तहत छत्तीसगढ़ के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपये की ऋण क्षमता का अनुमान लगाया राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर ने 29 मार्च 2025 को राज्य ऋण संगोष्ठी 2025-26 का आयोजन किया। केदार कश्यप सहकारिता मंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अपने संबोधन के दौरान उन्होने नाबार्ड को राज्य ऋण संगोष्ठी 2025-26 आयोजित करने के लिए बधाई दी और छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों की सहायता करने में नाबार्ड द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के लिए स्टेट फोकस पेपर 2025-26 का अनावरण किया गया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि ने बताया कि नाबार्ड ने वर्ष 2025-26 के लिए छत्तीसगढ़ के प्राथमिकता क्षेत्र के तहत ऋण क्षमता 1.18 लाख करोड़ रुपये आंकी है।

मोदी सरकार में दिनोंदिन बढ़ रही है बेरोज़गारी

आईआईटी एनआईटी तक में प्लेसमेंट हो रहे कम

रायपुर/नवप्रदेश। सीएजी और संसदीय समिति के रिपोर्ट में हुए क्लासिक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार से न देश संभल रहा है, न देश की अर्थव्यवस्था। बेरोजगारी का आलम यह है कि अब तो देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी में भी प्लेसमेंट लगातार काम हो रहे हैं। संसदीय समिति के रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि आईआईटी और नित जैसे उच्च शिक्षा के सर्वाधिक प्रतिष्ठित संस्थानों में भी 10 प्रतिशत से अधिक की प्लेसमेंट गिरावट आई है जो युवाओं के लिए चिंता का विषय है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा कहा है कि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के चलते देश के छात्रों का भविष्य लगातार गर्त में धकेला जा रहा है। एक तरफ जहां केंद्र सरकार के विभाग सरकारी उपक्रम और नवरत्न कंपनियों में 30 लाख से अधिक पद रिक्त हैं वही भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार सरकारी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में भर्तियां रोक रखी है। बैंकिंग सेवा, एसएससी, रेलवे जैसे भर्ती परीक्षाएं जो पहले हर 3 महीनो में लगातार आयोजित होती थी, पिछले 11 सालों से जब से मोदी सरकार आई है, लगातार बाधित हैं।

आरोप | कोयला खदानों में भाजपाई ट्रांसपोर्टरों से वसूल रहे 50 रुपए प्रति टन-सुशील

भाजपाइयों में कोयले की काली कमाई के लिए गोलीबारी

भाजपा राज में खनन, रेत, कोल माफिया बेलगाम

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राज में खनन, रेत, कोल माफिया बेलगाम हो गये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोयले के कारोबार करने में वर्चस्व के लिये कोरबा जिले में भाजपा के मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने एक ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या कर दिया। बताते हैं कि कोयला के कारोबार में वसूली का यह झगड़ा महिनों से चल रहा था। सत्ता के संरक्षण से दोनो पक्ष एक दूसरे को धमका रहे थे, घंटों गोलीबारी, खूनी संघर्ष के बाद प्रभावशाली भाजपा नेता ने दूसरे की हत्या कर दिया है। यही है विष्णु का सुशासन, जहां पर सरेआम अवैध धंधे के लिये हत्या हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोल, खनिज और परिवहन विभाग मुख्यमंत्री के अधीन है। मुख्यमंत्री के विभाग में भर्राशाही हो रही है। भाजपाई सरेआम ट्रांसपोर्टरों से 50 रू. टन वसूली की डिमांड कर रहे जो नहीं दे रहा उनको धमकाया जाता है। प्रशासन से प्रताड़ित करवाया जाता है या फिर गोली मारकर हत्या कर दिया जाता है। पूरे प्रदेश एक भी ऐसी कोयला खदान नहीं है जहां पर बिना वसूली के कोई ट्रक कोयला नहीं ले जा सकती है। सरकार पिटपास के साथ सत्ता के संरक्षण में अवैध उगाही केन्द्रों से भी परमिशन लेने की अनिवार्यता हो गयी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इसके पहले भी रायगढ़ के उड़ीसा बार्डर पर भी कोयले एवं खनन के झगड़े के कारण ढाई से तीन घंटे तक दो पक्षों के बीच गोली बारी चली थी। उसके जो मुख्य आरोपी था उसे प्रदेश के वित्त मंत्री का संरक्षण मिला हुआ था। उसकी फोटो वित्त मंत्री के साथ सामने आई थी। रेत माफिया का मकड़जाल पूरे प्रदेश में फैल चुका है।

सुविचार

अधूरी ख्वाहिशो का कारवां होती है जिंदगी, मुक्कमल जहां तो सिर्फकिस्से कहानियों में होता है। - अज्ञात

टैरिफ पर बात बनने के आसार

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत सहित कई देशों के खिलाफ टैरिफ बढ़कार उन देशों की चिंता बढ़ा दी है। भारत में भी अमेरिका के ट्रैरिफ प्लान को लेकर चिंता बढ़ गई है। ससंद के बजट सत्र में भी विपक्षी पार्टियों ने अमेरिका द्वारा टैरिफ बढाये जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए यह आशंका जाहिर की है कि इससे भारत की अर्थव्यस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किन्तु भारत सरकार इस बात को लेकर आस्वास्थ है कि टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के बीच जो मतभेद उभरे हैं उन्हें जल्द दूर कर लिया जाएगा और टैरिफ पर बात बन जाएगी। इसकी वजह यह है कि भारत ने भी अमेरिका पर टैरिफ बढ़ा दी है जिससे अमेरिका को अपने टैरिफ कम करने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद बहुत बड़े व्यापारी हैं और वे इस बात को बेहतर ढंग से समझते हैं कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाना चाहते हैं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को बढ़ाकर दोगुना करने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच पहले ही सहमति बन चुकी है। पीएम मोदी के पिछले अमेरिका प्रवास के दौरान दोनो ने ही मिलकर व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने की घोषणा की थी । डोनाल्ड ट्रंप और नरेन्द्र मोदी के बीच व्यक्तिगत रूप से भी अच्छे संबंध हैं दोनों एक दूसरे की तारीफ भी करते रहते हैं। खासतौर पर डोनाल्ड ट्रंप तो अनेक बार यह चुके हैं कि नरेन्द्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और एक महान नेता हैं। कल ही उन्होंने एक बार फिर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की है। डोनाल्ड ट्रंप यह भी जानते हैं कि जिस तरह उनके लिए अमेरिका के हित सबसे पहले है उसी तरह पीएम मोदी के लिए भी नेशन फस्ट है। दोनों ही मित्रता को अपनी जगह रखते हैं और व्यापार को अपनी जगह रखते हैं। यही वजह है कि अमेरिका द्वारा बढ़ाये गये टैरिफ को कम कराने के लिए भारत उस पर दबाव बना रहा है। इसी क्रम में अमेरिका के दक्षिण और मध्य ऐशिया के लिए सहायक व्यापार प्रतिनिधी ब्रेडन लिंच भारत की पांच द्विवसीय यात्रा पर आये हैं। उनके साथ अगले हफ्ते से लागू होने वाले पारस्परिक टैरिफ को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा है। इस चर्चा को सकारात्मक बताते हुए भारतीय विदेशी मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच आपसी व्यापार के मुद्दे पर सार्थक चर्चा हुई है, जो पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए द्विपक्षी व्यापार समझौते के निर्णय का कुपरिणाम है। एक जयशंकर ने यह भी उम्मीद जाहिर की है कि अमेरिका के साथ टैरिफ पर बहुत जल्द बात बन सकती है। यदि ऐसा हुआ तो निश्चित रूप से यह भारत की एक बड़ी कुटनीतिक सफलता कही जाएगी। इस बीच जिस तरह बार बार डोनाल्ड ट्रंप भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शान में कसीदे पढ़ रहे हैं। उसे देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि वे भारत को शीशे में उतारना चाहते हैं लेकिन पीएम मोदी भी खालिस गुजराती बनिया है वे इस तरह की लल्लो चप्पो में आने वाले नहीं है उनके लिए भारत का हित सर्वोपरि है। ऐसे में भारत अगर दो कदम आगे बढ़ेगा तो अमेरिका को भी दो कदम आगे कढ़ना होगा तभी टैरिफ को लेकर दोनों देशों के बीच जो मतदभेद उभरे हैं वे दूर होंगे। और भारत तथा अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध और ज्यादा मजबूत होंगे। आशा की जानी चाहिए कि टैरिफ का मसला बहुत जल्द हल हो जाएगा।

गौशाला पर अखिलेश बयान से बवाल

उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर विवादास्पद बयान देकर नया बवाल खड़ा कर दिया है। गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव योगी सरकार को निशाने पर लेने के लिए पूर्व में लगातार विवादास्पद बयानबाजी करते रहे हैं। इस बार उन्होंने गौशाला को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा को दुर्गन्ध पसंद है इसलिए वह गौशालाओं का निमार्ण करा रही है। जबकि समाजवादी पार्टी को सुगन्ध पसंद है। इसलिए हम इत्र बनाने के काम को आगे बढ़ाते रहे हैं। अखिलेश यादव के इस बयान को लेकर भाजपा ने उनपर हमले तेज कर दिये हैं। भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा है कि गाय हमारी माता है और उसका गोबर भी उतना ही पवित्र है। इसे लेकर अखिलेश यादव ने जो बयान दिया है वह घोर निंदनीय है। भाजपा के ही एक और सांसद दिनेश शर्मा ने गौशाला को लेकर अखिलेश यादव के बयान को सनातन विरोधी करार दिया है। वहीं भाजपा सांसद संबित पात्रा ने तो और भी कड़ी टिप्पणी की है उन्होंने कहा है कि अगर हिन्दुस्तान में रहकर कोई सनातन का विरोध करता है तो उसे हिंदुस्तान में राजनीति करनी बंद कर देनी चाहिए और ऐसी भूमि ढूंढनी चाहिए, जहां वे सनातन का अपमान कर सकें। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अखिलेश यादव के बयान को दुर्भाग्यजनक बताया है उन्होंने कहा है कि ना सिर्फ यादववंशी बल्कि सभी सनातनधर्मी लोग गौमाता की पूजा करते हैं। अखिलेश यादव को चाहिए कि वे सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे बयानों से परहेज करें अन्यथा दो साल बाद होन जा रहे उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में उनको और उनकी समाजवादी पार्टी को सनातन विरोधी बयानों का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

प्रेरक प्रसंग - सौ का नोट

एक अंधा व्यक्ति रोज शाम को सड़क के किनारे खड़े होकर भीख माँगा करता था। जो थोड़े-बहुत पैसे मिल जाते उन्हीं से अपनी गुजर-बसर किया करता था। एक शाम वहां से एक बहुत बड़े रईस गुजर रहे थे। उन्होंने उस अंधे को देखा और उन्हें अंधे की फटेहाल होने पर बहुत दया आई और उन्होंने सौ रूपये का नोट उसके हाथ में रखते हुए आगे की राह ली।

उस अंधे आदमी ने नोट को टटोलकर देखा और समझा कि किसी आदमी ने उसके साथ ठिठोली भरा मजाक किया है क्योंकि उसने सोचा कि अब तक उसे सिर्फ 5 रूपये तक के ही नोट मिला करते थे जो कि हाथ में पकड़ने पर सौ की नोट की अपेक्षा वह बहुत छोटा लगता था और उसे लगा कि किसी ने सिर्फ कागज का टुकड़ा उसके हाथ में थमा दिया है और उसने नोट को खिन्न मन से कागज़ समझकर जमीन पर फेंक दिया।

एक सज्जन पुरुष जो वहीं खड़े ये दृश्य देख रहे थे, उन्होंने नोट को उठाया और अंधे व्यक्ति को देते हुए कहा- यह सौ रुपए का नोट है। तब वह बहुत ही प्रसन्न हुआ और उसने अपनी आवश्यकताएं पूरी कीं।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 06:19, सूर्यास्तः 06:34, अयन उत्तरायणे, ऋतुः वसंत, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (काल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : अश्विनी, योग : इन्द्र, प्रथम करण : चतुष्पाद (06:13 तक), द्वितीय करण : नाग (16:27 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मीन, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:57 से 12:47, अमृत काल 15:11 से 16:36, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त 18:32 से 18:56, सायाह्न सन्ध्या 18:34 से 19:43, निशिता मुहूर्त 23:58 से 24:44, राहुकाल 07:30 से 09:00, राहुवास पूर्व, यमगण्ड 13:55 से 15:28, दुर्मुहूर्त 06:10 से 06:59, होमाहुति सूर्य, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पाताल, चन्द्रवास उत्तर, शिववास गौरी के साथ (16:27 से श्मशान मे

उमेश चतुर्वेदी

योगी राज में उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में जबरदस्त सुधार हुआ है। इसकी वजह यह है कि राज्य के पुलिस बल को मजबूत बनाया गया। राज्य के अर्धसैनिक बल पीएसी की 54 कंपनियों को जहां पुनर्जीवित किया गया, वहीं इसकी अलग से दो महिला कंपनियां भी बनाई गईं। जिसमें राज्य की लड़कियों को रोजगार भी मिला और सुरक्षा के लिए आत्मविश्वास भी। सुरक्षा और सर्विलांस को ध्यान में रखते हुए पूरे राज्य में जहां 11 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, वहीं करीब 2.16 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई। सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिहाज से नो टॉलरेंस नीति का ही असर है कि अब राज्य के अपराधी अपराध करने में हिचकते हैं और अगर अपराध होता भी है तो तुरंत कार्यवाही होती है और अपराधी को तत्काल सबक सिखाया जाता है। योगी सरकार ने निश्चित तौर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन अभी निचले स्तर पर भ्रष्टाचार पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। राज्य के कर्मचारी अब भी आम जनता के लिए बेलगाम हैं। कुछ राजनेता दबी जुबान से राज्य में अफसरशाही के दबदबे को भी स्वीकार करते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार की ख्याति दुनियाभर में मजदूर सप्लाई करने वाले राज्यों की रही है। योगी राज में इसमें कमी तो आई है, लेकिन अभी इसका खात्मा नहीं हो पाया है। इस मोर्चे पर योगी सरकार को अभी बहुत मेहनत करनी होगी।

योगी सरकार के आठ साल का सफरनामा

उत्तर प्रदेश के इतिहास में 19 मार्च 2017 की तारीख को किस रूप में याद किया जाना चाहिए, यह सवाल इन दिनों मौजूं हो गया है। प्लेटो ने अपने ग्रंथ में दार्शनिक राजा की कल्पना की है। उत्तर प्रदेश की सत्ता में इस तारीख को दार्शनिक तो नहीं कह सकते, लेकिन एक संत ने सत्ता संभाली थी। महज 44 साल के योगी आदित्यनाथ ने जब बीजेपी विधानमंडल दल के नेता के तौर पर सत्ता संभाली तो शायद ही किसी को उम्मीद थी कि वे अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे। बीजेपी की अतीत की सरकारों में जिस तरह की उठापटक रही, उससे इस आशंका को बल मिलना स्वाभाविक था। लेकिन घुटे हुए सिर और भगवा वस्त्रधारी इस संत राजनेता ने ना सिर्फ आठ साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, बल्कि इस दौरान बदलाव का वाहक भी बना है। राम, कृष्ण, तुलसी, कबीर, सूर की धरती उत्तर प्रदेश का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि यहां जाति आधारित राजनीति का बोलबाला रहा है। एक दौर में तो यहां जातीय और धार्मिक उन्माद राजनीति पर इतने भारी रहे कि राज्य की कानून-व्यवस्था कुछ जातीय समूहों की जागीर बनकर रह गई थी। इस पृष्ठभूमि में अगर देखें तो योगी आदित्यनाथ की सरकार बेहद अलग नजर आती है। अब उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को जातीय और धार्मिक समूहों की जागीर मानना अतीत की बात हो चुकी है। योगी आदित्यनाथ के शासन काल में ही अयोध्या में चिर प्रतीक्षित राम मंदिर बना, उनके ही शासन काल में दुनिया की सबसे प्राचीन मानी जाने वाली नगरी काशी का कायाकल्प हुआ, उनके ही शासन काल में पहली बार उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े पूर्वी उत्तर प्रदेश पर शासन का ध्यान गया।

एक दौर में उत्तर प्रदेश में माफिया का बोलबाला था। माफिया को शासन का सहयोग मिलता था या यूं कहें कि माफिया ही शासन चलाते थे। माफिया के सामने पुलिस नतमस्तक नजर आती थी। लेकिन अब माफिया पुलिस से दूर भागते हैं। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि उत्तर प्रदेश के संत राजनेता मुख्यमंत्री ने विधानसभा में ही कह दिया कि माफिया को वे मिट्टी में मिला देंगे।

1980 के दशक के मध्य में अर्थशास्त्री आशीष बोस ने बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य की संज्ञा दी थी। दरअसल उन दिनों भारतीय विकास की दौड़ में ये चारों राज्य फिसड्डी थे और भारतीय विकास के पहिए को एक तरह से कीचड़ में फंसा रहे थे। तब से बीमारू शब्द एक तरह से उत्तर प्रदेश पर चिपक गया था। लेकिन योगी राज्य में अब उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य नहीं रहा। वह एक ट्रिलियन यानी एक खरब की अर्थव्यवस्था बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। आज भारतीय राज्यों में सूबे की अर्थव्यवस्था दूसरे नंबर पर आती है। कभी आर्थिक मोर्चे पर लगातार पिछड़ा रहा उत्तर प्रदेश आज राजस्व के मामले में सरप्लस राज्य हो गया। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि राज्य की कानून व्यवस्था सुधारी गई। कानून-व्यवस्था सुधरने से कारोबारी जगत का ध्यान उत्तर प्रदेश की ओर गया और निवेश बढ़ा। इसका असर दोहरा हुआ। उत्तर प्रदेश के लोगों को जहां रोजगार मिलना शुरू हुआ, वहीं राजस्व के जरिए

राज्य का खजाना भरने लगा। उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़ों के अनुसार राज्य में साल 2016 में बेरोजगारी दर जहां 18 प्रतिशत थी, वहीं यह अब घटकर तीन प्रतिशत रह गई है। इस दौरान 8.5 लाख से ज्यादा युवाओं और करीब 1.38 लाख महिलाओं को सरकारी नौकरी दी गई। कभी उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों और अध्यापकों को वेतन समय पर मिलना बड़ी बात होती थी, अब राज्य में ऐसा नहीं है।

योगी राज में उत्तर प्रदेश में तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई, जबकि बंद पड़ी छह चीनी मिलों को फिर से चालू कराया गया। इसके साथ ही 38 मिलों का विस्तार हुआ। उत्तर प्रदेश में इन दिनों 122 चीनी मिलें काम कर रही हैं। इनके जरिए राज्य के गन्ना किसानों को जहां वाजिब मूल्य मिल रहा है, वहीं राज्य को राजस्व का भी फायदा हो रहा है। उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान राज्य रहा है। गंगा, घाघरा, यमुना, राप्ती, गोमती आदि नदियों की लाई उत्तर प्रदेश की माटी खेती-किसानी के लिए बेहद मुफीद रही है। लेकिन एक दौर में यहां किसानी की स्थिति खराब हो गई थी। लेकिन योगी सरकार का दावा है कि उसके राज में खेती-किसानी भी लगातार विकास कर रही है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, साल 2016-17 तक सूबे में कृषि की विकास की दर जहां पांच प्रतिशत के आस-पास थी, वहीं आज कृषि विकास की दर 13.5 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है। राज्य में बाढ़ एक स्थायी आपदा रही है। लेकिन योगी सरकार का दावा है कि उसने अब इस आपदा पर काबू पाने की दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है और करीब 32 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि बाढ़ से बचाई गई है। उत्तर प्रदेश अपने विशिष्ट हस्तशिल्प और उत्पाद के लिए भी मशहूर रहा है। इसे बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने 'एक जिला-एक उत्पाद' की नीति लागू की। जिससे जहां पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के उत्पादों से परिचय मिल रहा है, वहीं शिल्पकारों और किसानों की आय बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में इसी तरह निराश्रित गोवंश के लिए 7700 से अधिक गो-आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जबकि डेढ़ लाख से ज्यादा किसानों को करीब 1.63 लाख से ज्यादा गोवंश सरकार की ओर से दिए गए। इसी तरह पशुपालकों को प्रति गोवंश 1500 रुपए दिए जा रहे हैं।

कानून-व्यवस्था सुधरने और धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास, राज्य में एक्सप्रेस वे के विकास आदि के चलते अब उत्तर प्रदेश भी पर्यटकों को पसंद बनता जा रहा है। साल 2024 में राज्य में करीब 64.90 करोड़ पर्यटक आए, जबकि साल 2023 में 48 करोड़ सैलानियों को राज्य ने रिझाया। इस लिहाज से देखें तो सिर्फ एक साल में ही सैलानियों की संख्या में 17 करोड़ का इजाफा हुआ। उत्तर प्रदेश इन दिनों विदेशी पर्यटकों की भी पसंद बन कर उभरा है। साल 2024 में जहां 22,69,067 विदेशी पर्यटक राज्य में आए, वहीं एक साल पहले उनकी आमद करीब 16,01,503 रही। इस तरह कह सकते हैं कि सिर्फ एक साल में विदेशी पर्यटकों की आवक में भी सात लाख का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा पर्यटक अयोध्या आ रहे हैं, दूसरे नंबर काशी का है। अयोध्या में राममंदिर बनने का असर ही है कि स्थानीय और विदेशी-दोनों तरह के पर्यटक आ रहे हैं। अयोध्या की अकेले बात करें तो साल 2024 में जहां 16.44 करोड़ सैलानी आए तो वहीं इसके एक साल पहले यहां 5.75 करोड़ पर्यटक आए। रामलला का ही असर कहेंगे कि राम नगरी में आने वाले सैलानियों की संख्या में सिर्फएक साल में 10.68 करोड़ का इजाफा हुआ। इस बार का प्रयाग महाकुंभ तो जनसैलाब का गवाह बन गया। इस साल रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालु प्रयाग आए। राज्य और केंद्र सरकार ने मिलकर प्रयाग महाकुंभ पर करीब सात हजार करोड़ रूपए खर्च किए। राज्य सरकार का दावा है कि इससे राज्य के जीडीपी में इक्कीस हजार करोड़ की बढ़ोत्तरी हुई। इसका असर यह रहा कि राज्य के दूसरे धार्मिक स्थलों पर भी भारी भीड़ रही। शायद इन सब उपायों का ही असर कहेंगे कि आज उत्तर प्रदेश प्रदेश की जीडीपी में 28 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। योगी सरकार का दावा है कि उसके शासन काल में राज्य की स्वास्थ्य सेवा में भी बेहतरी दर्ज की गई है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार सा 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज ही थे। लेकिन आठ सालों के योगी शासन में राज्य में 80 मेडिकल कॉलेज बने हैं, जिनमें 44 सरकारी और 36 निजी मेडिकल कॉलेज हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 2007 में आज ही के दिन विश्व तैराकी चैंपियनशिप में माइकल फ़ेल्प्स ने छह गोल्ड मेडल हासिल किए थे। 2005 में 31 मार्च के दिन ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया को अनाज की आपूर्ति रोकी थी। 1997 में आज ही के दिन नया नाटो सैनिक कमांडर नियुक्त किया गया था। 1979 में 31 मार्च के दिन ही माल्टा ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1966 में आज ही के दिन सोवियत रूस ने पहला चंद्रयान लूना10 लांच किया था। 1964 में 31 मार्च के दिन ही बंबई में इलेक्ट्रिक ट्राम आखिरी बार चली थी। 1959 में आज ही के दिन बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई थी। 1921 में 31 मार्च के दिन ही रॉयल ऑस्ट्रेलिया एयरफोर्स की स्थापना हुई थी। 1917 में आज ही के दिन अमेरिका ने डेनिश वेस्ट इंडीज खरीदा और उसका नाम वर्जिन आइलैंड रखा था। 1889 में 31 मार्च के दिन ही फ्रांस में एफिल टावर को ऑफिशियली खोल दिया गया था। 1870 में आज ही के दिन अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया था।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

किसी से

किसी से उम्मीद लगा लेना ये हमारी खुद की गलती है...कभी-कभी...हम किसी के लिए इतना कुछ कर देते हैं बस वो उम्मीद के रूप में रिफ्लेक्ट होने लगता है...बस किसी का इतना ही भला करो जिसमें खुद का कुछ बुरा न हो - **तनु देहलवी**

अखिलेश यादव

अखिलेश यादव भाई लिट्टी - चोखा जो उपले पे बनता है उसमे जबरदस्त स्वाद आता है माइक्रोवेव वाले मे कोई स्वाद नही होता है। हाँ उपले गोबर को पाथकर सुखाया जाता है । गांव मे अभी उपले मुख्य ईंधन है खाना बनाने के लिये। आप भी गोबर को काऊ पोटी मत समझिये उपले पर बने भोजन को एक बार खा कर देखिये मजा और स्वाद दोनो आयेगा।

- **एडीवी अरूण कुमार गुप्ता**

ख़ास पाती | गर हसरतों के बगैर और सपनो

गर हसरतों के बगैर और सपनों के बगैर सिर्फ सांस लेने को कहते हैं जिंदगी तो देखो मैं जिंदा हूँ रोज-रोज सपनों को मारती हसरतों को जलाती समय की आंच में जलकर इंसानियत के खाक पर लोटती रोज मरती रोज जीती टुकड़ों में बंटती और खुदी को समेटती सी जींदगी नित नए सपनों को उधेड़ती खुदी में बुनती रचती दुनिया रोज ही मरती रोज ही जीती हूँ तो देखो मैं जी रही हूँ जिंदगी... तो देखो मैं जिंदा हूँ हूँ ना हाँ मैं जिंदा हूँ - **डेज़ी जयसवाल**

संवेदना विहीन समाज है मशीनी युग

संवेदना विहीन समाज है मशीनी युग क्या कीजियेगा मुझे तो इस तरह की खबरों के प्रचार प्रसार से आपत्ति है कुछ अच्छा कहीं किसी ने किया हो तो उसका प्रचार प्रसार हो हरसू नकारात्मक ख़बरों का प्रचार प्रसार नकारात्मकता ही फैलाता है जिससे भविष्य में भी इस तरह की घटनाओं की संभावना बढ़ती ही है ऐसी खबरों को केवल एक ख़बर की तरह ही आकर लुप्त होना चाहिए पुलिस व न्यायालय का निर्णय ही अंत में बताया जाना चाहिए, मात्र एक संदेश की तरह - **शुचि 'भवि'**

दर्द दिल का बढ़ा सा रहता है, आग

दर्द दिल का बढ़ा सा रहता है, आग दिल में लगा सा रहता है। जब से खुद को खुदा समझने लगे वे, न्याय का सर झुका सा रहता है। आशिक़ी के इदारों में दानी, दुनिया से फ़ासला सा रहता है। आइना आसमां में रख दूँ तो, चांद भी भागता सा रहता है। मुझको अब खुद का साया दिखता नहीं , साया भी ग़मज़दा सा रहता है। मिलना जुलना बना रहे तो ही, हौसला कुछ बना सा रहता है। शौक जब बेसुरा सा रहता है, हर घड़ी दिल बुझा सा रहता है। - **डॉ संजय दानी**

मेरे संग सोना सीखा है, कभी

मेरे सँग सोना सीखा है, कभी जागकर देखो भी मेरी दिनचर्या कैसी है, कभी भाँपकर देखो भी काम सभी को करना पड़ता,घर और बाहर दोनों ही अपने रिश्ते कैसे हो गए, कभी आँककर देखो भी - **जे डी कुदाल**

ये पति भी मां बन जाते हैं .. छोड़ के नैहर

ये पति भी मां बन जाते हैं .. छोड़ के नैहर अनजानी प्रीत से हम बंध जाते हैं प्रेम और विश्वास उनका जीवन-सुधा बन जाते हैं ये पति भी मां बन जाते हैं..होते हैं जब उम्मीदों से हज़ारों नख़रे उठाते हैं। आइसक्रीम खाने का मन हो जो आधी रात को दौड़ जाते हैं। ये पति भी मां बन जाते हैं.. मां की याद में कभी जब आंसू आ जाते हैं। ममता-भरा आलिंगन दे अपना स्नेह जताते हैं ये पति भी मां बन जाते हैं.. कोई भी दुविधा हो सर्वोत्तम सलाहकार बन जाते हैं छुट्टियों में तफ़रीह और ख़रीदारी भी कराते हैं हां ये पति भी माँ बन जाते हैं..सहायिका की अनुपस्थिति में स्वयं भी हाथ बंटाते हैं कभी होटल और कभी फ़िल्म भी ले जाते हैं ये पति भी माँ बन जाते हैं.. मन की हर बात बिन बताए भांप जाते हैं। कभी-कभी सरप्राइज़ दे कर भी चौंकाते हैं ये पति भी कभी-कभी माँ बन जाते हैं..माना गृहणियाँ घर की धुरी है परंतु पति से घर-गृहस्थी पूरी है कभी नर्म धूप कभी सुहानी छाँव बन जाते हैं हाँ ये पति भी माँ बन जाते हैं .. - **अंजू डोकानिया**

अपनी मर्ज़ी पे जब से चलने लगे

अपनी मर्ज़ी पे जब से चलने लगे। अचानक हम जहां को खलने लगे।। दौर कैसा ये आ गया या रब। आइने आइनों को छलने लगे।। छोड़ कर जंगलों को अब तो। आस्तीनों में साँप पलने लगे।। लद गए पेड़ जब आम से तो। उनपे पत्थर बहुत उछलने लगे।। मन को चैन भी आ गया कमल। दर्द जब हम अपना लिखने लगे।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो - **कमलकांत डोंगरे**

QUIZ TIME

1) इंटरनेशनल गीता महोत्सव का 5वाँ संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था?

2) किस बाँध के पूरा होने से रावी नदी का पाकिस्तान में जल प्रवाह बंद हो गया है?

3) पेटीएम ई-कॉमर्स ने खुद को किस नाम के रूप में रिब्राण्ड किया है?

4) गूगल ने अपने किस उत्पाद का नाम बदलकर जैमिनी रखा है?

5) असम में अनावरण की गई लचित बोरफुकन प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑस्ट्रेलिया (2) शाहपुर-कंडी बांध (3) पाई प्लेटफॉर्म्स (4) बार्ड (5) 125 फीट

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आज परिस्थितियां विपरीत रहेंगी। स्वास्थ्य लापरवाही के कारण ख़राब होगा।

वृषः आज का दिन शुभ है। स्वास्थ्य की तरफसे निश्चिन्त रहेंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा कार्यो को बेहतर तरीके से करेंगे।

मिथुनः आज का दिन मिश्रित रहेगा। वर्जित कार्यो की और आसानी से आकर्षित हो जाएगे।

कर्कः आज के दिन परिस्थितियां अनुकूल बन रही है। सेहत में सुधार आएगा कार्यो में गंभीरता से लगे रहेंगे।

सिंहः आज आप प्रत्येक कार्यो को देख-भाल कर ही करेंगे फिर भी सफलता के प्रति आशंकित रहेंगे एवं मन में डर सा बना रहेगा।

कन्याः आज के दिन आप विरोधियो पर विजय पाएंगे। स्वभाव में दिखावे का क्रोध रहेगा अंदर से दयालु रहेंगे ध्यान रहे अधिक परोपकारी स्वभाव हानि भी करा सकता है।

तुलाः आज के दिन आप कार्यो में लापरवाही करेंगे जिससे कार्य में विलम्ब के साथ अन्य लोगो को असुविधा रहेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपने मन की ज्यादा सुनेंगे कार्यो में किसी का दखल आपको सहन नहीं होगा।

धनुः आज आप अत्याधिक भावुक रहेंगे आपसी संबंधों में स्वयं को ठगा सा महसूस करेंगे।

मकरः आज के दिन आप धन लाभ की आशा लगा कर रखेंगे परन्तु आशा के अनुसार नहीं होगा। मन कल्पनाओं के संसार में खोया रहेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए शान्तिप्रद रहेगा। आज की दिनचार्य थोड़ी विलम्ब से आरम्भ होगी सुस्ती अधिक रहने से कार्य क्षेत्र पर भी विलम्ब होगा।

मीनः आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष शुभ रहेगा निकट संबंधियों से अचानक भेंट होगी मन प्रसन्न रहेगा परन्तु किसी के तानों को अनदेखा करें शान्ति बनी रहेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य - 003

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

ऊपर से नीचे

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हरिदर्शन के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. कुदाया, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल

डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के लिए बनाया गया 120 किमी लंबा कॉरिडोर

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। आज से चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो गई। सभी मंदिरों के ज्योति कक्ष में आस्था के दीप जलने लगे हैं। मंदिरों में मातारानी के साथ-साथ ज्योति कलश के दर्शन करने भी लोग पहुंच रहे हैं। माता के दर्शन करने डोंगरगढ़ जाने वाले हजारों भक्तों के लिये कॉरिडोर बनाया गया है। हर साल नवरात्रि में पदयात्री बड़ी तादाद में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव से पदयात्रा शुरू करते हैं और डोंगरगढ़ माता रानी के दर्शन करते हैं। कई जिलों से पैदल डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्री करीब 120 किलोमीटर से भी अधिक पैदल चलते हैं। भक्तों की सुविधा और दुर्घटना न होने देने के लिये दुर्ग जिला प्रशासन ने कुम्हारी से अंजोरा बायपास तक कॉरिडोर का निर्माण किया है। यातायात पुलिस दुर्ग ने भक्तों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपील की है कि पदयात्री अपने बाएं साइड ही चलें। मुख्य मार्ग पर किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न करें। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कॉरिडोर रूट तैयार कराया है। इनकी सुरक्षा के लिए 4 पेट्रोलिंग वाहन लगाए गए हैं। ये वाहन लगातार 30 मार्च से 6 अप्रैल तक 24 घंटे पेट्रोलिंग करेंगे।

पदयात्रियों का रूट चार्ट

कुम्हारी टोल प्लाजा, सिरसा गेट चौक, डबरापारा तिराहा, खुर्सीपार, तिराहा, पावर हाउस अंडर ब्रिज, मुर्गाचौक, सेन्ट्रल एवेन्यू चौक होते हुए सेक्टर 9 चौक से 32 बंगला तिराहा, ठगड़ा बांध ओवरब्रिज के नीचे, जेल तिराहा, गांधी तिराहा, पटेल चौक, गंजपारा, पुलगांव चौक, शिवनाथ नदी ब्रिज, अंजोरा बायपास से राजनांदगांव होते हुए डोगरगढ़ जाएंगे।

साय सरकार की शराब वंदन योजना बंद हो : छत्तीसगढ़ी महिला संघ ने दिया धरना

शराब दुकान खोलने का जिक्र संकल्प पत्र में तो था नहीं : प्रेमलता

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। रविवार को दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी महिला संघ द्वारा छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी को लेकर जोहार चौक रिसाली में एक दिवसीय धरना दिया गया। छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से 67 नई शराब दुकानें खोलने की तैयारी की है। दुर्ग जिले में 18 नई शराब दुकान खुलेगी। पहले से यहां 16 शराब दुकानें चल रही हैं। अब शराब दुकानों की संख्या बढ़कर 34 हो जाएगी। इसके विरोध में प्रदेश छत्तीसगढ़ी समाज ने सभी जिले में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। आज रिसाली में जोहार चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के बाद कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षमा यदु को ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ी महिला संघ की सदस्य सुजाता देवी, कुसुमलता वर्मा, चंद्रकला तारम का कहना है शराब से राजस्व वसूली का कारोबार आम जनता की मौत और युवाओं को अपराध में धकेलने का सौदा है। एक तरफ सरकार शराब की दुकान बढ़ा रही है। दूसरी तरफ लोगों को नशे से दूर रहने जागरुकता अभियान का ढोंग कर रही है। जनता सब समझ रही है।

छत्तीसगढ़ी महिला संघ की जिला अध्यक्ष प्रेमलता देशमुख ने कहा कि महतारी वंदन योजना सरकार के घोषणा पत्र में था लेकिन शराब दुकान खोलने का जिक्र घोषणा पत्र में नहीं किया गया था। उन्होंने साय सरकार पर आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी कार्यक्रम को समर्थन दिया, जिसमें प्रमुख रूप से आदिवासी नेता व पार्षद चंद्रभान ठाकुर, सुबोध देव, दीनबंधु, हीरोज, पूर्व पार्षद राजेंद्र रजक, समाजसेवी नोहर सिंह गजेन्द्र, गुलाब दास मानिकपुरी, वेदराम यादव, ललित कुमार ध्रुव, मनीष कुमार नवरंगे, रवि कुमार विनोद, निवेदिता दीदी, सुजाता देवी, नीतू दीदी, दीनबन्धु साहू, चन्द्रकला तारम, रामसिंह यादव, कनकलता नाग, कुसुमलता वर्मा, मनोज साहू, गंगाश्री तोमर, भावना नितेश,सुनीति निर्मलकर, गिरजा साहू उपस्थित रहे।

न्यूज गैलरी

महापौर बाघमार ने चैत्र नवरात्र पर शहरवासियों को दी बधाई

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार ने आज हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के पहले दिन वार्ड 14 सिकोला भाठा स्थित माँ शीतला मंदिर में दिव्य आरती, ज्योत प्रज्वलन, ज्योति कलश का दर्शन कर शहर व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा माँ शीतला माता मंदिर में माता के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महापौर अलका बाघमार ने चैत्र नवरात्र, हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर व प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की शक्ति आराधना का पर्व है। माँ दुर्गा पूजा के शुभारंभ से ही जनमानस में भक्ति, आराधना, पूजा पाठ, ज्योत, जंवारा, माता जसगीत, भजन, भंडारा कर अपनी श्रद्धा भक्ति व्यक्त करते हैं। हर साल नवरात्रि के साथ नए जोश का आगाज होता है। महापौर ने कहा कि जगत जननी मां नवदुर्गा जी से आपके परिवार में सुख समृद्धि की मंगल कामना करती हूँ। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शशि साहू, पार्षद सुरुचि उमरे, ललित ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा मौजूद रहे।

भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा में उमड़े सिंधी समाज के लोग

दुर्ग। वरुणदेव भगवान झूलेलाल की जयंती पर रविवार को सिंधी समाज द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सिंधी कालोनी स्थित झूलेलाल मंदिर में सुबह से ही भगवान झूलेलाल जी और बाराणा - साहेब के दर्शन के लिए सिंधी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों का तांता लगा रहा। यहां भगवान झूलेलाल के भजनों पर नाच-गाकर लोगों ने अपनी आस्था प्रगट की। दर्शन के लिए कई जनप्रतिनिधि भी झूलेलाल मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान झूलेलाल से शहर की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर शदाणी युवा मंडल द्वारा सिंधी कालोनी स्टेशन रोड में प्रसाद व शर्बत का वितरण किया गया।

निगरानीशुदा बदमाश की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। इंदर ढाबे के सामने निगरानीशुदा बदमाश अवतार मरकाम की हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इस मामले में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सोना उर्फआकाश मजूमदार ने फोन कर अवतार को दुर्ग बायपास रोड स्थित इंदर ढाबा बुलाया था। वहां पहले से मौजूद आरोपियों दीपक ठाकुर, मुकेश चौहान उर्फचीरा, अमन साहू उर्फ मसान और होरीलाल पटेल उर्फबाती ने धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

इस जघन्य अपराध को गंभीरता से लेते हुए दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन और उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान चलाया। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद गवाह विकास सिंह परमार से पूछताछ की गई। इसके बाद आरोपियों की पहचान की गई।

पुलिस ने नाकाबंदी कर संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी आकाश मजूमदार उर्फ सोना को आदित्य नगर दुर्ग से गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों मुकेश चौहान उर्फ चीरा, अमन साहू उर्फ मसान और होरीलाल पटेल उर्फ बाती को सिरसा-गनियारी क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने पुरानी रंजिश के कारण यह साजिश रची थी।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि अवतार मरकाम का पहले दीपक ठाकुर के भाई के साथ विवाद हुआ था, जिसके कारण उसने दीपक पर हमला कर दिया था। होरीलाल पटेल के साथ भी होली के दौरान अवतार की मारपीट हुई थी। इन घटनाओं से नाराज होकर आरोपियों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। योजना के तहत दीपक ठाकुर ने आकाश मजूमदार से कहा कि वह अवतार को बीयर पीने के बहाने बुलाए। आकाश के कहने पर 29 मार्च को जब अवतार इंदर ढाबा पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे घेरकर चाकू से कई वार किये और मौके से फरार हो गए।

गिरफ्तार आरोपियों में आकाश मजूमदार उर्फ सोना (उम्र 36) के खिलाफ 11 मामले दर्ज हैं। मुकेश चौहान उर्फचीरा (उम्र 22) के खिलाफ भी 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन साहू उर्फ मसान (उम्र 25) के खिलाफ 7 आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि होरीलाल पटेल उर्फबाती (उम्र 25) के खिलाफ 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। फरार आरोपी दीपक ठाकुर (उम्र 27) के खिलाफ 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इस पूरे ऑपरेशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के सहायक उप निरीक्षक पूर्ण बहादुर, सहायक उप निरीक्षक गुप्तेश्वर, प्रधान आरक्षक प्रदीप सिंह, धनंजय वर्मा, आरक्षक तिलेश्वर, फारूक खान, जी. रवि, नरेन्द्र सहारे, खुर्रम बक्श और चौकी जेवरा सिरसा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सुपेला संडे बाजार में फिर लगने लगा जाम

भिलाई। जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने सुपेला के संडे बाजार में जाम लगने की शिकायत की है। गुप्ता ने कहा कि संडे बाजार अथक प्रयास से हटाया गया था लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों हो गई है। शराब दुकान के कारण भी रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। 100 फीट की चौड़ी सड़क संडे बाजार के कारण 20 फीट में सिमट जाती है। यहां से रोज हजारों गाड़ियां निकलती हैं। संडे बाजार में ग्राहक गाड़ियों को सड़क पर ही पार्किंग कर रहे हैं। फल के ठेले रोड में ही खड़े रहते हैं। अवैध पार्किंग से सड़क केवल 10 फीट ही चलने लायक रहती है। सड़क पर जाम के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

वायशेप ब्रिज पर लकड़ी से भरा ट्रक पलटा: बाल बाल बचे लोग

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शनिवार रात को नेहरू नगर के पास ट्रैफिक्र चौक पर लकड़ी से भरा ट्रक पलट गया। ट्रक में भरी सेंटरिंग की लकड़ी ब्रिज के नीचे जा गिरी। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय ब्रिज के नीचे कोई नहीं था। इससे पहले शुक्रवार रात को एक ट्रक ने वायशेप ओवरब्रिज के प्रवेश द्वार को टक्कर मारकर तोड़ दिया था।

दुर्ग पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात भिलाई से दुर्ग की ओर ट्रक आ रहा था। ब्रिज पर ट्रैफिक्र चौक से ट्रक को राउंड में लेकर मोड़ा तो अधिक स्पीड होने पर ट्रक पलट गया। ट्रक पलटते ही लोग ड्राइवर को बचाने के लिए भागे। हादसे में ड्राइवर और क्लीनर दोनों सुरक्षित रहे। ड्राइवर ने बताया कि गाड़ी मोड़ते समय स्टेयरिंग से नियंत्रण खोने के कारण ब्रिज के डिवाडर से टकराकर पलट गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। इस हादसे में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। हादसे से एक दिन पहले शुक्रवार रात को वाय शेप ब्रिज से साइंस कॉलेज के सामने एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया था। इस हादसे के कारण दुर्ग का स्वागत गेट टूट गया।

कुम्हारी पालिका अध्यक्ष ने पेश किया 7 लाख लाभ का बजट

स्वीमिंग पूल, ऑडिटोरियम, स्टेडियम सहित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 90 करोड़ का प्रावधान, 30 करोड़ से नगर में वाटर सप्लाई सिस्टम की मंजूरी

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के शिवनाथ सभागार में सामान्य सभा में 7 लाख 15 हजार रुपये लाभ का बजट प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रस्तुत बजट में अनुमानित आय 1 अरब 58 करोड़ 2 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है जबकि 1 अरब 57 करोड़ 95 लाख 25 हजार रुपये का व्यय बताया गया है। सम्पत्ति कर के नामांतरण शुल्क को वर्तमान निर्धारित राशि 500 से 1000 रु तक की वृद्धि करने पर भी पार्षदों ने इसे सिरे से खारिज करते हुए यथावत रखने की मांग की। वार्षिक भाड़ा शुल्क निर्धारण पर भी पार्षदों ने नगर वासियों पर अतिरिक्त कर का बोझ बताते हुए ख़ारिज कर दिया। शेष सभी प्रस्तावों को ध्वनिमत से पास कर दिया गया।

बजट में शामिल प्रमुख योजनाएं

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण 90 करोड़, स्वीमिंग पूल निर्माण 1 करोड़, ऑडोटोरियम निर्माण 1 करोड़, परसदा तालाब सौंदर्यीकरण 1 करोड़ 95 लाख, परसदा में स्टेडियम निर्माण 3 करोड़, जंजगिरी में पार्क निर्माण 60 लाख, निकाय क्षेत्रों में अन्नपूर्णा भवन निर्माण 50 लाख, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स निर्माण 30 लाख, प्रकाश व्यवस्था एवं मरम्मत संधारण कार्य हेतु राशि 1 करोड़, पेयजल व्यवस्था एवं मरम्मत / संधारण हेतु राशि 85 लाख, सड़क सफाई व्यवस्था हेतु आवश्यक सामग्री हेतु राशि 75.00 लाख, अधोसंरचना का विकास किये जाने हेतु राशि 12 करोड़, मिशन क्लीन सिटी योजना हेतु 1.50 करोड़, 15 वें वित्त आयोग और अमृत मिशन 2.0 हेतु स्टार्म वाटर ड्रेनेज व वाटर सप्लाई हेतु राशि 30 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निजी आवासों के निर्माण हेतु 7 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 200 मकानों का निर्माण कराने का लक्ष्य रखा गया है। सामान्य सभा में पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, पार्षद डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, अश्वनी देशलहरे, लता साहू, उमेश्वरी साहू, लेखराम साहू, लोकेश साहू, आर प्रवीण राव, यूजेन्द्र साहू, हरिदास वैष्णव, सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

दुर्ग ऑइडल की घोषणा : संगीत प्रेमियों ने महापौर के प्रति जताया आभार

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में संगीत प्रेमियों के लिए दोबारा दुर्ग आइडल कराने की घोषणा का छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग सहित शहर के समस्त गायक कलाकारों और संगीत प्रेमियों ने स्वागत किया है। मंच अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, और सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन सहित सभी पार्षदों के प्रति आभार जताया है।

छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन और कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने हाल ही में महापौर से मिलकर शहर में दुर्ग आइडल प्रतियोगिता कराने की मांग की थी। महापौर द्वारा निगम के बजट सभा के दौरान दुर्ग आइडल प्रतियोगिता कराए जाने की घोषणा से शहर के समस्त संगीत प्रेमियों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। मंच अध्यक्ष ईश्वर ने बताया कि पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर ने दुर्ग आइडल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया था।

जिम्मेदारी निभाने से मिलता है माता-पिता का आशीर्वाद

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। राजयोग मेडिटेशन द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में मेडिटेशन कैंप का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। कैंप के तीसरे दिन ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी ने बताया कि हमारे श्रेष्ठ सकारात्मक विचारों से मन शांत होता है और आत्मिक शक्ति बढ़ती है। व्यर्थ बातों से खुद को बचाएं। कार्यक्रम की प्रेरणा स्त्रोत ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने बच्चों को समय का महत्व, आज्ञाकारिता और जिम्मेदारी के गुण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समय पर हर कार्य करने का महत्व होता है। घर में स्कूल बैग और अन्य सामान अपनी जगह रखें। माता-पिता की हर बात मानें। उनसे कुछ छिपाए नहीं। विश्वासपात्र और जिम्मेदार बनें। जिम्मेदारी निभाने से हमें माता पिता का आशीर्वाद और जीवन में सफलता मिलती है। सभी बच्चे मेडिटेशन रूम में 5 मिनट शांत और एकाग्र होने के बाद ही पीस ऑडिटोरियम में प्रवेश कर रहे है। कार्यक्रम के अंत में कैंप में सीखी गई बातों को सभी बच्चों ने एक साथ गाकर रिवीजन किया। सभी बच्चे हर रविवार को सुबह 8 से 10 बजे तक चलने वाले डिवाइन ग्रुप की क्लास में आ सकते हैं। उन्हें स्व उन्नति चार्ट, वीकली होमवर्क, मेडिटेशन का अभ्यास कराया जाएगा।

महागृह प्रवेश उत्सव : ग्रामीणों का पक्के मकान का सपना हुआ साकार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आज कोलिहापुरी पंचायत भवन में महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। हिंदू नववर्ष, चैत्र प्रतिपदा और नवरात्रि के शुभ अवसर पर हजारों ग्रामीण परिवारों ने अपने नवनिर्मित पक्के घर में प्रवेश किया। यह दिन उनके लिए सपना सच होने जैसा था। इस उत्सव ने उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने का मौका दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मकान की चाबी सौंपी। दस अन्य हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान बताया।

चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक आवासों का निर्माण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इस अवसर पर सभी हितग्राहियों को गृह प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है, क्योंकि यह दिन उन परिवारों के लिए है, जो अब अपने पक्के घर में रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक की गई प्रगति का विवरण दिया। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 9203 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। 5537 आवासों को पहली किश्त और 4409 आवासों को दूसरी किश्त मिल चुकी है। 2313 आवास पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

108 पूजा थाल से होगी महाआरती | **6 को माताजी की निकलेगी भव्य पालकी शोभायात्रा**

सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर के वार्षिक महोत्सव में विवाहित जोड़े करेंगे सुंदरकांड का पाठ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। चैत्र नवरात्र के अवसर पर सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर गंजपारा समिति का वार्षिक महोत्सव मनाया जाता है। इस साल वार्षिक महोत्सव का 15 वां वर्ष है। वार्षिक महोत्सव को भव्य रूप देने मंदिर समिति द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रेल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विवाहित जोड़ों के लिए संगीतमय सुंदरकांड पाठ, कन्या पूजन, कन्या भोज, भजन संध्या, शोभायात्रा शामिल है।

मंदिर के वार्षिक महोत्सव की शुरुआत 30 मार्च को सुबह 5 बजे ज्योति कलश प्रज्जवलन से हुई। सुबह 9 बजे माता जी का महाभिषेक किया गया। श्री सत्तीचौरा दुर्गा मंदिर समिति के सुरेश गुप्ता ने बताया कि 1 अप्रैल को विवाहित जोड़ों के लिए संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। शहर व जिले के विवाहित जोड़े साथ में बैठकर सुंदरकाण्ड पाठ करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पाठकर्ता गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ करवाया जाएगा।

सुंदरकाण्ड का पाठ शाम 6 बजे से रात 8.30 बजे तक चलेगा। आयोजन में पुरुष वर्ग सफेद व महिलाएं लाल या पीली साड़ी पहनकर शामिल होंगी। सुंदरकांड पाठ में शामिल होने विवाहित जोड़ों का मंदिर परिसर में पंजीयन किया जा रहा है। इच्छुक दंपत्ति 31 मार्च तक अपना पंजीयन करवा सकते है।

2 अप्रैल पंचमी के अवसर पर माता जी की 108 पूजा थाल से महाआरती की जाएगी। 3 अप्रैल को मंदिर में दादी राणी सती जी का मंगलपाठ होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायिका ममता अग्रवाल (भिलाई) अपने मधुर भजनों के साथ दादी जी का मंगलपाठ करेगी। इस आयोजन में महिलाएँ 16 श्रृंगार करके, लाल चुनरी ओढ़कर पाठ में बैठेगी। यह कार्यक्रम मंदिर परिसर में दोपहर 1 बजे से शुरु होगा।

5 अप्रैल अष्टमी को दोपहर 12 बजे माता जी को 56 भोग लगाया जाएगा। शाम 7 बजे 108 दीयों की 108 पूजा थाल से माता जी की महाआरती की जाएगी। रात्रि 8 बजे से हवन, पूजन, पूर्णाहुति, आरती होगी। 6 अप्रैल नवमी को सुबह 7 बजे ज्योति कलश विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाम 4 बजे से माताजी की पालकी व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। माताजी को पालकी में बैठाकर सभी धर्मप्रेमी नगर भ्रमण कराएंगे।

चैत्र नवरात्र में प्रतिदिन सुबह 9 बजे श्रद्धालु माताजी का महाभिषेक कर सकेंगे। दोपहर 12 बजे प्रतिदिन कन्या पूजन व कन्या भोज कराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अजय शर्मा, अशोक राठी, महेश टावरी, प्रवीण भूतड़ा, राजेश शर्मा, बसंत शर्मा, विजय मनहरे, पिंकी गुप्ता, मनोज भूतड़ा, रमेश बावनकर, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, राहुल शर्मा, कुलेश्वर साहू, नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय है।

इस्पात संयंत्र के एमआरडी विभाग में राजभाषा कार्यशाला संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट के सभागार में महाप्रबंधक प्रचालन-एमआरडी दीनामणि नायक के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक (प्रचालन-एम.आर.डी) आलोक माथुर के विशिष्ट आतिथ्य में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमआरडी के कार्यक्षेत्र में पदस्थ एफएसएनएल के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि दीनामणि नायक ने कहा कि मटेरियल्स रिकवरी डिपार्टमेन्ट में समस्त कार्य हिंदी भाषा में ही संपादित किए जाते हैं। दैनिक जीवन में हिंदी भाषा को अधिकाधिक प्रयोग में लाना है। हिंदी हमारे देश और प्रदेश की प्रमुख भाषा है। हम हिंदी में शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्य करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमारे विभाग को संयंत्र स्तर पर 'निदेशक प्रभारी, राजभाषा वैजयंती' पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुलदीप सिंह तोमर (सहायक प्रबंधक), अनिल कुमार सोनी (एफएसएनएल) और विजय बहादुर सिंह (जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट) ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

काफी पीछे खड़े मूणत-चंद्राकर से मिलते ही पीएम मोदी हुए गदगद

■ दोनों लोग खिलखिलाकर हंस पड़े--ये तस्वीर बनी चर्चा का विषय

रायपुर/नवप्रदेश। हेलीपैड पर पीएम मोदी के स्वागत करने वाली कतार में काफी पीछे विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर खड़े थे, जैसे ही पीएम मोदी पहुंचते उनके पास पहुंचे खिलखिलाकर हंस पड़े फिर ऐसी कुछ बातें हुई कि अजय चंद्राकर और मूणत भी खुद को हंसने से रोक नहीं पाए। ये तस्वीरें अब सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। सभी का ध्यान खींचा पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और दूसरे पूर्व मंत्री राजेश मूणत से पीएम मोदी जिस अंदाज में मिले।

उल्लेखनीय है कि, चंद्राकर और मूणत वर्तमान में सिर्फ विधायक हैं। ऐसा माना जाता है कि, दोनों को ही मंत्री पद की उम्मीद और इंतजार दोनो है। अब चूंकि वर्तमान में दोनों सिर्फ विधायक हैं, तो स्वाभाविक है स्वागत करने वालों में उनका नंबर काफी पीछे था। दोनों स्वागत के लिए लाइन में खड़े भी एक के बाद एक थे। पीएम मोदी भी संभवतः उनकी उम्मीद और वर्तमान स्थिति से वाकिफ तो होंगे ही, सो जब वे इन दोनों के पास पहुंचे तो खिलाखिलाकर हंसते हुए दिखे। उनके साथ श्री चंद्राकर और श्री मूणत भी उसी तरह खिलखिलाकर हंसते दिखे। बहरहाल उनके बीच क्या ऐसी बात हुई, जिससे तीनों खिलखिला कर हंस पड़े यह तो हम नहीं कह सकते, लेकिन यह दृश्य सियासी गलियारों में चर्चा का विषय जरूर बन गई है।

इस वाक्या के बाद एक नए चर्चा की शुरूआत : उल्लेखनीय है कि, डा. रमन सिंह की सरकार में मूणत और चंद्राकर दोनों काफी प्रभावशाली मंत्री रहे हैं। इस बार जब फिर से भाजपा की सरकार बनी तो उम्मीद किया जा रहा था कि फिर से इन दोनो को मंत्री बनाया जाएगा और सरकार में कद भी काफी ऊंचा होगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। इसके बाद सियासी गलियारों में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। हालांकि मंत्रिमंडल में अभी भी दो पद खाली हैं, तो उम्मीद अभी बाकी है। तो पीएम मोदी के साथ खिलखिलाते हुए इस तस्वीर ने चर्चाओं के एक और दौर की शुरुआत कर दी है।

■ न्यूज गैलरी

मेयर इन काउंसिल की पहली बैठक मेयर के अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

एमसीबी// नवप्रदेश। । शुक्रवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी शहर सरकार के मेयर इंन काउंसिल की पहली बैठक नगर निगम के प्रथम नागरिक महापौर रामनरेश राय के अध्यक्षता में महापौर कक्ष में सम्पन्न हुई, बैठक में सबसे पहले महापौर ने एमआईसी सदस्यों और निगम के अधिकारियों का एक-दूसरे से परिचय कराया इसके बाद कई महत्वपूर्ण ऐजेंडों पर चर्चा शुरू हुई। जिसमें नगर के सिटी डेवलपमेंट प्लान के तहत स्वीकृत राशि 21.06 करोड़ के विकास की विस्तृत परियोजना तैयार करने हेतु, लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु प्रस्ताव, नगर निगम में सलाहकार के रूप में अधिवक्ता की नियुक्ति करने, इसके अलावा निगम का राजस्व अधिक से अधिक बढ़ाये जाने, निगम से संचालित होने वाले कई योजनाओं के बारे में महापौर ने अधिकारियों से पूछा और जनता को अधिक से अधिक लाभ देने को निर्देशित किया। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही जनहित से जुड़े सड़क, पानी, बिजली जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने कक्ष में चर्चा की गई।पेयजल समाधान हेतु महापौर ने निगम अधिकारियों को दिये निर्देश..महापौर रामनरेश राय ने निगम अफसरों से पूछा कि नगर के किन-किन वार्डों में पेयजल की ज्यादा किल्लत उत्पन्न हो रही है, साथ ही उन्होंने गर्मी में जल आपूर्ति की सारी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया महापौर ने शहर के प्रत्येक वार्डों में पेयजल समस्या का निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान नगर निगम के एमआईसी मेंबर, मनोज डे, नरेंद्र साहू, राम औतार, आयुषी सिंह, रंजीत कुमार बंजारे, नीलम सलूजा, संध्या सोनवानी, मोती प्रधान, व निगम आयुक्त रामप्रसाद आचला, सहायक अभियंता विजय बधावन, निगम सचिव श्याम देश पाण्डेय, उप अभियंता विक्टर वर्मा, व अन्य नगर निगम के समस्त विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहें।

पीएम आवास योजना में लापरवाही करने वाले कई आवास मित्रों की सेवाएं की गई समाप्त

एमसीबी// नवप्रदेश।। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के जनपद पंचायत भरतपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नियुक्त आवास मित्रों की लापरवाही सामने आई है। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन आवास मित्रों को आबंटित ग्राम पंचायतों में कार्य में लापरवाही बरतने, प्रगति शून्य रहने, बैठकों में अनुपस्थित रहने और क्षेत्रीय दौरा नहीं करने के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। आदेश के अनुसार भरतपुर जनपद पंचायत के तहत कार्यरत आवास मित्र श्री सौरभ यादव, श्री गणेश तिवारी, श्री रवि प्रकाश, श्री आकाश जायसवाल और श्री रामप्रवेश की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनके खिलाफआरोप था कि ये अपने-अपने आबंटित ग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं कर रहे थे, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति प्रभावित हो रही थी । एवं पंकज शर्मा ऑपरेटर (pmayg) जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के द्वारा कार्य में अनुपस्थित रहने पर मार्च माह का आगामी आदेश तक वेतन रोका गया ! प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है। योजनाओं के क्रियान्वयन में यदि किसी के द्वारा लापरवाही की जाती है तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों की बंपर वैकेंसी

जगदलपुर: जगदलपुर जिले के आत्मानंद स्कूलों में रिक्त शिक्षकीय और गैरशिक्षकीय पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। जारी विज्ञापन के अनुसार सहायक ग्रेड 2 और 3 के पदों पर भर्ती होनी है। कयूटर में दक्ष आवेदक इस पद पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट पर मिल जाएगी। इन जगहों पर निकली भर्तियां-स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जगदलपुर एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर, तोकापाल, दरभा, करपावण्ड, किलेपाल, लोहण्डीगुड़ा, धरमपुरा, नानगुर, बकावण्ड, मानपुरी, माड़पाल, बास्तानार, करीतगांव, बड़ेचकवा, अलनार, करंजी एवं मांझीगुड़ा चिंगपाल के लिए शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय रिक्त व बैकलाग पदों पर संविदा नियुक्ति की जानी है। इस के लिए योग्य उमीदवारों से विज्ञापन में निहित शर्तों के अन्तर्गत निर्धारित प्रारूप में आवेदन तक आमंत्रित किए गए हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

■ कलेक्टर ने बच्चों से कहा आगे की पढ़ाई के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

नारायणपुर/ नवप्रदेश। ।जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के भूमकाल छात्रावास रेकावाया के बच्चों को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के मार्ग दर्शन में दो दिवसीय भ्रमण कराया गया। इन बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया गया इसका मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन द्वारा इस छात्रावास में अध्यनरत बच्चों को बाहरी दुनिया से परिचित कराने का मकसद था। ताकि वह मुख्य धारा से जुड़कर आगे का अध्यापन कार्य अच्छे से कर सकें साथ ही जिला प्रशासन द्वारा इन सभी बच्चों के अध्यापन के लिए डुंगा एवं रेकावाया में शिक्षा हेतु सुविधा उपलब्ध करई जा रही है।

जिला प्रशासन के सकारात्मक सोच के अनुसार बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया, जिसके कारण बच्चों के मानसिकता में सकारात्मक सोच आ सके जिससे वे मुख्य धारा में जुड़कर सामाजिक आर्थिक एवं मानसिक रूप से विकसित हो सके और अपने जीवन को उज्ज्वल बना सके, इन बच्चों को देखकर गांव के अन्य बच्चे भी स्कूल जाने के लिए प्रेरित हो सके। इन सभी बच्चों के अध्यापन के लिए डुंगा एवं रेकावाया में शिक्षा हेतु सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रेकावाया आश्रम के बच्चों को दंतेवाड़ा के एजुकेशन हब जावंगा, दंतेवाड़ा के दंतेश्वरी मंदिर, दिव्यांग स्कूल सक्षम और अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल आस्था का भ्रमण कराया गया। दंतेवाड़ा के भ्रमण पश्चात् बच्चों को जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर का दर्शन कराया गया राजमहल का भ्रमण के दौरान बस्तर के राजा कोमलचंद भंजदेव से बातचीत करवाया गया उनके द्वारा राजतंत्र एवं बस्तर संस्कृति के बारे में रोचक जानकारी दी गई। जगदलपुर के पुरातात्विक संग्रहालय (म्यूजियम) का भी अवलोकन कराया गया, उसके पश्चात चित्रकोट जलप्रपात का भी भ्रमण के पश्चात आसना स्थित बस्तर अकादमी ऑफ डांस, आर्ट, लिटरेचर एंड लैंग्वेज संस्था का भ्रमण कराया गया एवं विश्रामगृह बादल में ही विश्राम करवाया गया इस दौरान बच्चों के द्वारा गायन, संगीत, वादन का भी लुफ्त उठाया।

भ्रमण के दौरान सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ओरछा संतोष पात्र, बीआरसी लक्ष्मीकांत सिंह, सीएसी डुंगा राजू सलाम, बासिंग के प्रधान अध्यापक संतुराम नुरेटी, पिड़ियाकोट के अधीक्षक मानु कोर्राम, प्राथमिक शाला पुसालाभा के शिक्षक हेमा कश्यप, सरपंच डुंगा मड्डाराम नेताम, शिक्षक लालूराम, बस्सूराम आलामी, मंगेश नेताम सहित विद्यार्थीगण शामिल थे।

भ्रमण पश्चात बच्चों को ब्रेकफास्ट करवा कर कलेक्टर ने किया बस से रवाना

नारायणपुरजिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के भूमकाल छात्रावास रेकावाया के बच्चों को कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं के मार्गदर्शन में दो दिवसीय भ्रमण कराया गया। इन बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया गया इसका मुख्य उद्देश्य जिला प्रशासन द्वारा इस छात्रावास में अध्यनरत बच्चों को बाहरी दुनिया से परिचित कराने का मकसद था। ताकि वह मुख्य धारा से जुड़कर आगे का अध्यापन कार्य अच्छे से कर सकें साथ ही जिला प्रशासन द्वारा इन सभी बच्चों के अध्यापन के लिए डुंगा एवं रेकावाया में शिक्षा हेतु सुविधा उपलब्ध करई जा रही है। कलेक्टर ने रेकावाया आश्रम के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण से वापस जिला मुख्यालय पहुंचने पर उन्हें बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे की पढ़ाई बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने ब्रेकफास्ट के दौरान बच्चों से मुखातिब होते हुए भ्रमण के दौरान दिखाएं गए स्थलों की जानकारी लेते हुए, बेहतर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने आगे की पढ़ाई करने के लिए बताते हुए कहा कि शिक्षा पूरी करने के पश्चात शिक्षक बनने की अपनी जिज्ञासा बताई। कलेक्टर ने भ्रमण से वापस सभी बच्चों को कलेक्ट्रट परिसर का भ्रमण कराया।

मुठभेड़ में मारे गए 7 नक्सलियों की हुई पहचान

सुकमा/ नवप्रदेश।। सुकमा और दंतेवाड़ा के सरहदी इलाके में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में चार जवान भी घायल हो गए। इनमें से तीन जवान डीआरजी और एक सीआरपीएफके हैं। मुठभेड़ स्थल पर भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में से 7 की पहचान कर ली गई है। इसमें दरभा डिवीजन के सचिव कुहाड़ामी जगदीश उर्फ बुधरा है। इसके अलावा रोशन उर्फ भीमा, माड़वीदेवे, दशरी कोवासी, सलवम जोगी, हुंगी निलावाया और खेड़मे कोरमागोदी थाना कुकानार हैं।

बता दें इस मुठभेड़ में डीव्हीसीएम कैडर के 25 लाख का इनामी जगदीश उर्फ बुधरा मारा गया है। जगदीश उर्फ बुधरा दरभा डिवीजन का इंचार्ज था और झीरम हत्याकांड में सम्मिलित था। वह वर्ष 2023 में जिला सुकमा के अरणपुर में डीआरजी के जवानों की हत्या की वारदात में भी शामिल था।

बस्तर पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र के जंगल में सुबह करीब आठ बजे उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। सुंदरराज ने बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात शुरू किए गए अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे।

उन्होंने बताया, अब तक मुठभेड़ स्थल से 17 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। अभियान अब भी जारी है। कार्रवाई के दौरान डीआरजी के दो जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं, उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। घटनास्थल से एके-47 राइफल, सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), इंसास राइफल, 303 राइफल, रॉकेट लांचर और बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।

ग्राम पंचायत चनवारीडांड को स्वच्छता में अव्वल बनाने लिया संकल्प

तृतीय लिंग सोनू सिंह उरांव ने सामुदायिक जल स्रोत में सामुदायिक सहभागिता से किया श्रमदान

एमसीबी/ नवप्रदेश।। ग्राम पंचायत चनवारीडांड को स्वच्छता में अव्वल बनाने का संकल्प लेकर कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के दिशा-निर्देशन और जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम के मार्गदर्शन में ग्राम चनवारीडांड के सामुदायिक तालाब पर ग्रामीण जनों एवं सरपंच सोनू सिंह उरांव के माध्यम से स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। इस अभियान में ग्राम पंचायत चनवारीडांड के ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान कर जल स्रोत की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।प्रशिक्षण से मिली प्रेरणा

सरपंच सोनू सिंह उरांव ने बताया कि जनपद पंचायत में आयोजित ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम पंचायत प्रशिक्षण सह कार्यशाला से उन्हें प्रेरणा मिली कि अपने गांव को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाने की प्रक्रिया सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक श्रमदान के जरिए जल स्रोत की सफाई की गई। उनका संकल्प है कि भविष्य में ग्राम पंचायत को प्रदेश में स्वच्छता में नंबर वन बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा । जल संरक्षण और प्रबंधन को अति आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसका संरक्षण व संवर्धन हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए सभी को जागरूक और सक्रिय होना होगा।डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य जल्द होगा शुरू ग्राम पंचायत में जल्द ही डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे जहां गांव स्वच्छ और सुंदर बनेगा, वहीं दूसरी ओर ग्राम की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। अगले चरण में ग्राम पंचायत के चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों और आम रास्तों पर श्रमदान की मुहिम जारी रहेगी, जिससे सामुदायिक स्वच्छता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

बर्बाद हो रही फसलें राज्य सरकार से की मुआवजे मांग

जगदलपुरनवप्रदेश। बस्तर के बाइस पंचायतों के प्रभावित किसान राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि नदी के सूखने से उनकी आजीविका के साथ पूरा परिवार प्रभावित हो रहा है। इंद्रावती नदी के सूखने से बस्तर किसानों की फसलें सूख रही हैं जिसके कारण किसानों के आंखों से नींद उड़ गई है। जल संकट से जूझ रही नदी रेत के नाले में तबदील है। हजारों एकड़ फसलें प्रभावित हो रही हैं। कहते हैं कि नदियां धरती की जीवन रेखा हैं लेकिन जब वही सूखने लगें तो आस-पास के जीव-जन्तु के साथ इंसानों की जिंदगी से हंसी थम जाती है।

इंद्रावती के किनारे बसने वाले किसान का परिवार सूखती फसलों के कारण संकटग्रस्त है। परेशान किसानों ने राज्य सरकार से जल के लिए गुहार लगाया है। जिससे उनकी फसलें बच सकें। दूसरे किसानों का कहना है कि हमारा समाधान सरकार के आश्वासन के नीचे दब गया है। पानी के आभाव में खेत में लहलहाती फसलें अब सूख रही हैं जिसे देखकर बस्तर का किसान कराह रहा है।

अन्नदाताओं का कहना है कि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से ले अन्य था हमारी फसलें बरबाद हो जायेगी। बस्तर के बाइस पंचायतों के प्रभावित किसान राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि नदी के सूखने से उनकी आजीविका के साथ पूरा परिवार प्रभावित हो रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर नुकसान का आंकलन करें एवं उसके आधार पर मुआवजा दे।

इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति उपाध्यक्ष वीर सिंह बघेल ने राज्य सरकार से इसमें हस्तक्षेप करने की अपील की है। नदी के जल वितरण प्रणाली में बदलाव और सिंचाई के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जरूरी है। इंद्रावती नदी का सूखना भविष्य की समस्याओं को लेकर हमें आगाह करता है।ग्राम पंचायत बड़े चकवा उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप और किसान का कहना है कि इंद्रावती नदी के जलस्तर गिरने से हम किसानों की फसलें बेकार हो रही हैं। बस्तर के अधिकांश किसान नदी और वर्षा जल पर निर्भर हैं। किसानों ने अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए। किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं लेकर सरकार हमें उग्र प्रदर्शन करने के लिए उकसा रही है।

शेष पेज

ईमानदार प्रयासों का ही ..

यहीं पर रोजगार बनेंगे। गैस पाइप लाइन आने से यहां सीएनजी से गाडियां चल पाएंगी। इसका एक और फायदा होगा। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है। मोदी ने कहा कि थोड़ी देर पहले 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों का घर है, स्कूल है, रोड है, बिजली है, पाइप लाइन है। ये सारे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा देने वाले हैं। नौजवानों के लिए नए रोजगार बनाने वाले हैं। भारत माता की जय, मां महामाया और जय जोहार से सभा की शुरुआत की। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर के आरएसएस मुख्यालय केशव कुंज पहुंचे। वे सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यहां रहे। उन्होंने संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

सुरक्षा कारणों से मोदी का विमान ...

विमान वहां उतरने के उपयुक्त नहीं पाया गया। इस वजह से नागपुर से विमान से प्रधानमंत्री रायपुर पहुंचे।

राजग सरकार आई तो ...

आया हूं कि वर्ष 2025 के चुनाव में फिर से राजग की सरकार बनाइए हम सारी चीनी मिलों को चालू कर देंगे।

शाह ने कहा कि बिहार के गरीबों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की सरकार में मंत्री थे तो बिहार को दस वर्ष में मात्र दो लाख 80 हजार करोड़ रुपये मिले जबकि केंद्र की मौजूदा मोदी सरकार ने दस साल में बिहार को नौ लाख 23 हजार करोड़ रुपए दिए। साथ ही चार लाख करोड़ रुपये के सड़क-पुल की परियोजनाएं, एक लाख करोड़ रुपये की रेल परियोजना और दो लाख करोड़ रुपये की हवाई परियोजनाएं मिली हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दस साल के भीतर जनता की सुविधा के हर क्षेत्र में काम किया। उन्होंने कहा कि 81 करोड़ परिवारों को पांच किलो प्रति व्यक्ति मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। चार करोड़ लोगों को घर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि यदि गरीबों के लिए किसी ने काम किया तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

शाह ने कहा, बीते 10 साल में मोदी सरकार ने देश के 60 करोड़ गरीब के लिए काम किया। मैं लालू जी से पूछता हूं कि आपने गरीबों के लिए कुछ किया हो तो खाका लेकर आइए। लालू यादव ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी जी ने गरीबों की मदद के लिए सहकारिता क्षेत्र में काम किया। सहकारिता क्षेत्र का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को होने वाला हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 11 करोड़ से अधिक लोगों को गैस का सिलेंडर दिए। करोड़ों लोगों को घर दिया गया। पांच किलो मुफ्त अनाज के साथ पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की सुविधा दी। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिला, मत्स्य पालन के कार्यों को गति देने के लिए सहकारिता मंत्रालय बनाया। 75 वर्ष तक किसी सरकार ने सहकारिता को मजबूत करने की कोशिश नहीं की लेकिन, नरेंद्र मोदी ने इस विभाग को गति दी।

शाह ने कहा, जब-जब बिहार में लालू यादव की सरकार आई है तो बिहार नीचे गया है और जब भी राजग की सरकार बनी है तो बिहार आगे बढ़ा है। इसलिए अपील करता हूं कि वर्ष 2025 में फिर से बिहार में राजग की सरकार बनाइए और भारत सरकार को बिहार में काम करने का मौका दीजिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, मंत्री रेणु देवी एवं जीवेश मिश्रा सहित कई वरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

30 दिनों में एआईसीसी को...

अवैध कब्जा कर लिया।

पार्टी कार्यालयों पर हमले को लेकर राहुल गांधी चिंतित

त्रिपुरा कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ हुई बैठक के बारे में बताया। साहा ने कहा कि राहुल गांधी भाजपा शासन के दौरान पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी कार्यालयों पर हुए हमलों को लेकर चिंतित हैं। बैठक के दौरान सभी जिला अध्यक्षों को अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले पार्टी कार्यालयों पर जल्द से जल्द स्थिति रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। पिछले छह वर्षों के दौरान त्रिपुरा में कई पार्टी कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई है।

रामनवमीं पर सूर्य की किरणें ...

अर्घ्य देकर उदीयमान सूर्य की आरती उतारी। नववर्ष के स्वागत के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरयू के सुरम्य तट पर खूबसूरत नजारा रहा।

छत्तीसगढ़ में बदल रहा है ...

ही अब तक 350 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं।

पुनरुत्थान के लिए तत्पर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर संभाग के सुदूर अंचलों में हमारी सरकार द्वारा लगातार नए सुरक्षा कैंप स्थापित करने, नियद नेल्ला नार योजना से सड़क निर्माण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। हमारी सरकार, लाल आतंक का दामन छोड़ शांति के रास्ते पर लौटने वाले इन लोगों के पुनरुत्थान के लिए तत्पर है।

अग्निवीर में चयनित युवाओं का सम्मान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अग्निपथ योजना के तहत देश के युवाओं को सशस्त्र बलों में अग्नि वीर के रूप में भर्ती किया जाता है जिससे सेना को युवा और कुशल बल मिलता है यह योजना देश की सेवा करने के इच्छुक युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर प्रदान करती है। इसी कड़ी में ग्राम मोहबा से आकाश यादव पिता श्रीराम यादव, ग्राम दारागांव से कालीचरण वर्मा पिता कोमल राम वर्मा दरागांव और बुंदेलीकला से डोमेश्वर वर्मा पिता एस तेजराम वर्मा का अग्निवीर में चयन हुआ है

हिन्दू नववर्ष चैत्र प्रारंभ, मंदिरों में घट स्थापना

देवी मंदिरों में प्रज्वलित हुए आस्था के दीप

कुरूद/नवप्रदेश। हिन्दू नव वर्ष के साथ आज से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया है। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्वलित कर जोत-जंवारा बोएं गए है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कुरूद स्थित छत्तीसगढ़ महतारी महाकाली मंदिर में शुभ मुहूर्त पर संस्थापक व पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा ने पूजा-अर्चना के साथ दीप जलाए। इसी तरह नगर की

अधिष्ठात्री देवी चंडी मंदिर में भी शांडिल्य परिवार के साथ प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किए गए । इसके अलावा यहां के शीतला माता, खल्लारी माता सहित अनेक देवी मंदिरों में विधि-विधान के साथ घट स्थापना किया गया।

रविवार को हिन्दू नव वर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत शुभ मुहूर्त में कुरूद की छत्तीसगढ़ महतारी काली मंदिर, चंडी मंदिर, माता शीतला सहित विभिन्न देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किए गए। तत्पश्चात पुजारी महेश शर्मा ने दुर्गा पाठ सहित पूजा-अर्चना किया। जिसमें मां काली मंदिर के संस्थापक व पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा सपत्नीक पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इस अवसर पर श्रद्धालुगण उपस्थित थे। इसी तरह नगर की आराध्य देवी चण्डी मंदिर में शांडिल्य परिवार के रामचन्द्र चन्द्राकर, खिलेंद्र चन्द्राकर, नरेंद्र चन्द्राकर,रजत चन्द्राकर, प्रहलाद चन्द्राकर,दीपक चन्द्राकर एवं प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित किया गया। इसके अलावा यहां के शीतला मंदिर तथा विभिन्न गांवों में स्थापित देवी मंदिरों में घट स्थापना कर ज्योत-जंवारा बोया गया।

न्यूज गैलरी

चेट्रीचंड्र महोत्सव पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया

कुरूद/नवप्रदेश। वरुणवतार प्रभु झूलेलाल अवतरण दिवस चेटीचंड महोत्सव रविवार को पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही सिंधी भाषा दिवस भी मनाया गया। पर्व पर सिंधी समाज की तरफसे डीजे के साथ नाचते और भगवान झूलेलाल के जय कारे लगाते हुए आकर्षक रैली निकाली गई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया। कुरूद नगर भ्रमण में पूरे रास्ते में महिलाओं व बच्चों ने प्रभु झूलेलाल के गीतों को गाते नाचते हुए सबको मुग्ध किया। रैली का जगह-जगह प्रसाद का वितरण करते हुए स्वागत किया गया । इस अवसर पर सिंधी समाज के राजकुमार बजाज, प्रभात शादीजा, राजेश चैनवानी ,दीपक बजाज,,मुकेश नागवानी,मोहन सुखरामणि , प्रकाश चेनवानी , बड़ी संख्या में महिलाएं एवं समाजजन शामिल हुए।

महाराणा प्रताप की मूर्ति अनावरण हेतु सर्व राजपूत समाज की बैठक

नवागढ़/नवप्रदेश। आगामी 9 मई को रेस्ट हॉउस चौक नवागढ़ में होने वाले महाराणा प्रताप जी की मूर्ति अनावरण समारोह की तैयारियों को लेकर सर्व राजपूत समाज नवागढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक मिलन मंगल भवन नवागढ़ में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता बजरंग सिंह बैंस (केंद्रीय अध्यक्ष) ने की। बैठक में घनश्याम सिंह, विष्णु सिंह सहित अन्य प्रमुख समाजसेवी व पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और विभिन्न व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से 9 मई को आयोजित मूर्ति अनावरण कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई।समाज के सभी वर्गों को आमंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों की सूची पर विचार किया गया और आमंत्रण भेजने की योजना बनाई गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व राजपूत समाज के सभी सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँगे। बैठक के अंत में बजरंग सिंह बैंस ने सभी समाजबंधुओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएँ।इस दौरान जवाहर सिंह, मिंटू बिसेन, वल्लभ सिंह, सुरेंद्र सिंह, गणेश सिंह, ऋतुराज सिंह, भूपेंद्र सिंह, वीरेश सिंह, लक्ष्मण सिंह, अश्विन सिंह, प्रह्लाद सिंह, अजय सिंह, अर्जुन सिंह, पीयूष सिंह, संतोष सिंह, मनहरण सिंह, पोषण सिंह, भरत सिंह, हरिशंकर सिंह, नंद किशोर सिंह सहित ठाकुर समाज के लोग उपस्थित रहे।

गोड़ वंश की देवी महामाया का मंदिर बना भक्ति-आस्था का केंद्र

दर्शन से होती हैं मनोकामनाएं पूर्ण

नवागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर स्थित मां महामाया शारदा मंदिर एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में उभरकर सामने आया है। यह मंदिर न केवल नवागढ़ बल्कि समूचे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बन चुका है। प्राचीन काल में स्थापित यह मंदिर अब एक प्रमुख तीर्थस्थल का रूप ले चुका है, जहां शारदीय और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए एकत्रित होते हैं। परंपरा के अनुसार, गर्भगृह की प्रमुख ज्योत नगर प्रधान के परिवार द्वारा प्रज्वलित की जाती है। रविवार को नवरात्र के प्रथम दिवस पर नगर प्रधान विकास धर दीवान ने आचार्यों द्वारा विधिपूर्वक मंत्रोच्चार के बीच गर्भगृह की ज्योत प्रज्वलित की।

मंदिर की स्थापना और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: लोकमान्यता के अनुसार, माँ महामाया मंदिर की स्थापना नवागढ़ के गोड़ वंशीय राजा नरवरसाय ने की थी। इसी कारण, पहले नवागढ़ को 'नरवरगढ़' के नाम से जाना जाता था। इतिहासकारों के

अनुसार, राजा नरवरसाय शक्ति के उपासक थे और उन्होंने अपने किले के भीतर माँ महामाया की मूर्ति स्थापित कर एक छोटे मंदिर का निर्माण कराया था। धीरे-धीरे यह मंदिर नवागढ़ क्षेत्र के प्रमुख शक्ति उपासना केंद्र के रूप में विकसित हुआ।

मां महामाया की प्रतिमा अत्यंत सिद्ध और जागृत मानी जाती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में कई पुजारियों एवं भक्तों को माँ के दिव्य दर्शन प्राप्त हुए। यह भी कहा जाता है कि कलचुरी राजाओं की कुलदेवी मां महामाया थीं, जिनकी तांत्रिक उपासना के कारण उनकी प्रतिष्ठा हुई थी।

पुराणों में उल्लेख और धार्मिक महत्व: मां महामाया देवी का उल्लेख 'श्री दुर्गा सप्तशती' में मिलता है। मंदिर परिसर में माँ दुर्गा, मां गायत्री, शीतला माता सहित अन्य देवी-देवताओं के मंदिर भी स्थापित हैं। नवरात्रि में यहाँ महामाया देवी, दुर्गा पूजन एवं कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दौरान भक्तों द्वारा सैकड़ों ज्योति-कलश प्रज्वलित किए जाते हैं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है।

शारदा मंदिर का ऐतिहासिक निर्माण: वर्ष 1973-74 में यहाँ एक विशाल टिला (टापू) स्थित था। शारदीय नवरात्रि के दौरान विष्णु प्रसाद मिश्रा नामक भक्त को माँ शारदा की शक्ति का अनुभव हुआ। सन 1973 (क्वार सुदी एकादशी) को वे उसी स्थान पर बैठ गए, जहां आज मां शारदा की मूर्ति विराजमान है। इसके बाद ग्रामवासियों ने चंदा एकत्र कर मंदिर निर्माण का निर्णय लिया और सामूहिक सहयोग से इस मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया। आज यह मंदिर आस्था और उपासना का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहाँ नवरात्रि के दौरान ज्योति प्रज्वलित की जाती है।

सैनिकों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था: ऐसा कहा जाता है कि जहां मां शारदा की मूर्ति स्थापित है, वहां पहले 200 फीट ऊंचा एक टीला था। यह टीला राजा नरवरसाय के लिए एक महत्वपूर्ण प्रहरी स्थल था। राजा एवं उनके सैनिक इस ऊँचाई से दूर तक नजर रखते थे, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण था।

पर्यटन विभाग द्वारा विकास कार्य: नगर प्रधान विकास धर दीवान के प्रयासों से माँ महामाया एवं शारदा मंदिर परिसर को छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। इसके तहत 3 करोड़ रुपये की लागत से मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। विशाल डोम, सुंदर उद्यान और तालाब सौंदर्यीकरण से इसकी भव्यता और आकर्षण में वृद्धि हुई है।

चैत्र नवरात्रि महोत्सव और धार्मिक आयोजन: मंदिर की देखभाल 'श्री शमी गणेश महामाया शारदा पर्यटन समिति' द्वारा की जाती है। समिति के अध्यक्ष विकास दीवान ने बताया कि प्रतिवर्ष तीन दिवसीय चैत्र नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्र की अष्टमी को मानाबन तालाब में भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है।

चेट्रीचंड्र: भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर सिंधी समाज में उमंग, सद्भावना के साथ मनाया महापर्व

गरियाबंद/नवप्रदेश। चैत्र शुक्ल द्वितीया से सिंधी नववर्ष का शुभारंभ होता है, जिसे चेटीचंड के नाम से जाना जाता है। चैत्र मास को सिंधी भाषा में 'चेट' और चांद को 'चण्डु' कहा जाता है। इसीलिए चेटीचंड का अर्थ है 'चैत्र का चांद'। इस वर्ष यह पावन पर्व 30 अप्रैल, रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर सिंधी समाज के लोग गरियाबंद के स्वामी आत्मानंद स्कूल के समीप एकत्रित हुए, जहां समाज द्वारा चेटीचंड के पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं के लिए शरबत और चना प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जो प्रसाद ग्रहण करते हुए आनंद और भक्ति में डूबे नजर आए।

चेट्रीचंड्र का क्या महत्व है?

सिंधी इस त्योहार को भगवान झूलेलाल के जन्मदिन समारोह के रूप में मनाते हैं, जिन्हें उदरोलाल के नाम से भी जाना जाता है। उन्हें उनके संरक्षक संत के रूप में जाना जाता है। इस दिन वरुण देव झूलेलाल के रूप में अवतरित हुए थे। उन्होंने सिंधी संस्कृति और हिंदू धर्म को होने से बचाने के लिए अवतार लिया था। अतः इस दिन जल देवता की पूजा कर उनका आभार जताया जाता है। हिंदू पंचाग के चैत्र माह को एक महत्वपूर्ण महीना माना जाता है जिसे सिंधी समुदाय द्वारा 'चेत' कहा जाता है। इसके अलावा, उनके पंचांग के अनुसार प्रत्येक नया महीना अमावस्या यानी 'चांद' से शुरू होता है। इसलिए, उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है और इस दिन को चेटीचंड नाम दिया गया है।इस मौके पर समाज के प्रमुख सदस्य अजय रोहरा ने कहा, ÷सिंधी समाज हर साल इस पर्व को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाता है। चेटीचंड केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, एकता और भगवान झूलेलाल के प्रति अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

आर्थिक संपन्न लोग दानवीर भामाशाह जैसे उदार बनें : भागवत साहू

आलीखुटा के कर्मा जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पापमोचनी एकादशी को कर्मा जयंती मनाया जाने के साथ साहू समाज के लोग एक माह तक विभिन्न स्थानों पर कर्मा जयंती समारोह आयोजित कर लोगों को समाज हित में प्रेरक संदेश देते रहते हैं। इसी कड़ी में समीपस्थ ग्राम आलीखुटा (सिंघोला) में आयोजित कल शनिवार को आयोजित जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि समाज के संपन्न लोगों को दानवीर भामाशाह जैसे उदार होकर गरीबों की मदद करनी चाहिए। श्री साहू ने कहा कि हमें पिछड़ों को आगे बढ़ाना आता है लेकिन बहुत से संपन्न लोग सिर्फ और सिर्फ बटोर कर अपनी संपन्नता बढ़ाते रहते हैं जबकि समाज हित में चाहिए कि थोड़ी सी भी संपन्नता आने पर हमें अपनी यथाशक्ति गरीबों की मदद करते रहनी चाहिए।

श्री साहू मुख्य अतिथि की आसंदी से आगे कहा कि साहू समाज बहुत ही परिश्रमी और विकासशील समाज है। जिसकी दूसरे समाज के लोग भी प्रशंसा प्रशंसा करते नहीं अघाते है। भागवत साहू ने कर्मा माता की महिमा बताते हुए कहा कि उन्होंने अपनी भक्ति की शक्ति से भगवान श्री कृष्ण को वश में कर लिया था जिससे वह उनकी खिचड़ी खाने बालक का रूप धरकर चले आते थे माता कर्मा ने छुआछूत और महिलाओं के तिरस्कार के खिलाफ भी एकजुट होने का आह्वान किया। इस अवसर पर खचाखच भरी भीड़ में जिला अध्यक्ष श्री साहू के उद्बोधन पर करतल ध्वनि से स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने दी आवास की सौगात

प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने अपने खुशियों के घर में आज रखा पहला कदम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। रंगोली सजा कर, चौक पूरते हुए, रिबन काटकर, विधि-विधानपूर्वक पूजा- अर्चना कर जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों ने अपने खुशियों के घर में आज कदम रखा। उनके जीवन में उमंग और उल्लास के विविध रंग बिखर गए। अपने पक्के आवास का सपना जो आज साकार हो गया है। चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर संपूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश के लिए बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आज जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5753 हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। प्रधानमंत्री की मंशा अनुरूप जिले में इस योजना को मूर्त रूप प्रदान किया गया। जिले में अपने घर के सपने के सच होने की बाट जोह रहे जनमानस के लिए आज उत्सव का दिन रहा। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए मिशन मोड में कार्य किया गया। आत्मविश्वास से भरे चेहरों पर जीवन की एक नई शुरूआत की खुशी दिखी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह ने सभी हितग्राहियों एवं जिला पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना की टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत दिसम्बर 2023 से अब तक छत्तीसगढ़ राज्य में 3 लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर संपूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश का आयोजन बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से 3 लाख हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। गौरतलब है कि राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2023 तक जिले में स्वीकृत 27442 आवासों में से 27055 आवास पूर्ण हो चुके है तथा शेष 387 आवास प्रगतिरत है। उसी प्रकार वर्ष 2024-25 में 29468 आवासों के लिए जारी पहली और दूसरी किश्त के आधार पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें से दिसम्बर 2023 अब तक 5753 पूर्ण आवासों का जिले में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा चैत्र प्रतिपदा हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर संपूर्ण जिले में सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया।

विधायक के प्रयासों से 11 करोड़ 11 लाख रुपए के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

- **सतनामी समाज के तीर्थ स्थान सिलयारीबाहरा संतोषपुरी धाम तक बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण की विधायक के प्रयास से मिली सौगात**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा के सक्रिय विधायक रोहित साहू का प्रयास लगातार क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा है। इन्हीं प्रयासों के क्रम में उन्होंने क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप विभिन्न मदों से 11 करोड़ 11 लाख रूपये के विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाई है। इसमें सबसे प्रमुख रूप से सिलयारी बाहरा संतोष पूरी धाम तक चार किमी 7 करोड़ 81लाख रुपये के सड़क निर्माण की स्वीकृति भी शामिल है। इस पवित्र धाम के बारे में मान्यता है कि बाबा गुरु घासीदास जब सतनाम पंथ के प्रवर्तक के रूप में समाज को जोड़ने कार्य कर रहे थे तक यहाँ आकर रूके थे तब से सतनामी समाज की आस्था के केंद्र के रूप में संतोषपुरी धाम के रूप में प्रसिद्ध है जहां भव्य मेले का आयोजन भी होता है। जहां आने जाने में परेशानी को देखते हुए समाज जनों ने विधायक से विगत दिनों मांग की थी। जिसे पूर्ण करने संकल्प लिया था। जिसे विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पूरा हुआ है। अन्य स्वीकृत विकास कार्यों में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के ग्राम पिपरछेड़ी में गली कांक्रीटीकरण कार्य शीतला चौक से सतनामी समाज पारा गली तक

7.80 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कौंदकेरा ग्राम रामनगर में गली कांक्रीटीकरण कार्य तालाब से नदी पहुँच मार्ग तक 7.80 लाख, विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत खुटेरी गली कांक्रीटीकरण कार्य प्रहलाद घर से चोवा घर तक 7.80लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत बेलटूकरी गली कांक्रीटीकरण कार्य वार्ड क्र. 13 व 14 में 7.80 लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य सतनामी समाज पारा 6.50लाख, विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में गली कांक्रीटीकरण कार्य साहू समाज भवन के पास 2.60लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत परसदाकला के ग्राम खुड़सा में गली कांक्रीटीकरण कार्य सुंदर घर से द्वारिका ध्रुव घर तक 5.20लाख, विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में गली कांक्रीटीकरण कार्य वार्ड क्र. 04 में 5.20लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत तर्रा में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण 4.79लाख

विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायत जरगांव के ग्राम में पण्डरीपानी में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय शेड निर्माण 4.79लाख,विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत देवरी में व्यावसायिक परिसर निर्माण बाजार चौक में 15.00लाख, फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत पितईबंद में सी. सी. रोड निर्माण 10.00लाख,फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाटसिवनी में सी. सी. रोड निर्माण 10.00लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कनेसर के ग्राम जुनवानी में सी. सी.रोड निर्माण 10.00लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत कौंदकेरा में गली कांक्रीटीकरण कार्य एवं नाली निर्माण सतनामी समाज पारा गली में 20.00लाख रूपये,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत श्यामनगर में टिन शेड निर्माण कार्य शीतला के पास 25.00लाख,फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत जेंजरा में सी.सी रोड निर्माण कार्य कपसीडीह मार्ग से शीतला मंदिर तक।

चैत्र नवरात्रि पर्व-2025 डोंगरगढ़ में वाहन पार्किंग संचालकों की थाना परिसर में बैठक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर्व में माँ बम्लेश्वरी देवी जी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाओं एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये आज 30मार्च को थाना परिसर डोंगरगढ़ में एसडीएम मनोज मरकाम , सीएमओ नगर पालिका डोंगरगढ़ चन्द्रकांत वर्मा एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेन्द्र वर्मा द्वारा मेला में पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करानें वाले संचालकों का थाना परिसर डोंगरगढ़ में मीटिंग लिया गया। मीटिंग में पार्किंग व्यवस्था को लेकर विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक चर्चा कर पार्किंग संचालको से सुझाव प्राप्त कर नगर पालिका डोंगरगढ़ द्वारा निर्धारित नई दर दोपहिया वाहन- 30/-रू0, चार

पहिया वाहन- 80/-रू0 एवं बस, ट्रक, ट्रेक्टर व अन्य वाहन- 100/-रू0 के अनुसार पार्किंग शूल्क लेने हिदायत दिया गया है। साथ ही वाहन पार्किंग संचालकों को 01. सभी पार्किंग स्थल पर वाहन पार्किंग का रेट लिस्ट चस्पा करने, 02. पार्किंग के निर्धारित क्षेत्र के बाहर खड़ी वाहन से पार्किंग शुल्क वसुली नहीं करने, 03. सभी पार्किंग स्थल प्रभारी, महिलाओं एवं पुरूषों के लिए पृथक से लघुशंका हेतु व्यवस्था करने, 04. प्रत्येक पार्किंग स्थल प्रभारी दर्शनार्थियों/श्रद्धालुओं हेतु स्वच्छ पीने का पानी रखने, 05. सभी पार्किंग स्थल में सीएचसी डोंगरगढ़ द्वारा प्रदाय ओ0आर0एस0 का घोल रखने, 06. किसी भी वाहन मालिक/चालक से पार्किंग के कर्मचारी द्वारा दुर्व्यव्हार या गाली गलौच नहीं करने, 07. पार्किंग प्रवेश द्वार पर पार्किंग प्रभारी एवं कार्यरत कर्मचारियों का नाम एवं मोबाईल नंबर लेख कर चस्पा करने 08. किसी भी दर्शनार्थी से पार्किंग के नाम पर निर्धारित राशि से ज्यादा अवैध वसुली नहीं करने संबंधी समझाईस व 09. सभी पार्किंग स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु समझाईस दिया गया है।

तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी सिहावा का वार्षिक महाधिवेशन 29 मार्च को फरसियां परिक्षेत्र के ग्राम अमाली में सम्पन्न हुआ। महाधिवेशन का शुभारम्भ समाजजनों के द्वारा साहू समाज के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की पूजन अर्चन कर कलश यात्रा निकाल कर किया, इस कलश यात्रा में फरसियां परिक्षेत्र के महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल होकर ग्राम अमाली के मुख्य गली-मोहल्लों व चौक चौराहों से गुजरते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे उसके बाद सामाजिक परम्परा अनुसार समाज के मुखिया कंवल राम साहू का ताजपोशी रस्म अदा कर सामाजिक पदाधिकारियों व आमन्त्रित अतिथियो का स्वागत सम्मान किया गया।

इस महाधिवेशन में साहू समाज के सामाजिकजनों के द्वारा समाज की परम्परा व संस्कृति को बचाए रखने पर विचार रखे गए, साथ ही समाज में हो रही दिन प्रतिदिन खर्चीली महंगी शादियों पर विराम लगाने, अंतर्जातीय प्रकरण को रोकने, धर्मांतरण को रोकने तथा नशा मुक्त समाज की स्थापना करने पर जोर दिया गया।

युवा नशापान से रहें दूर : अरुण सार्वा - महासभा के

द्वितीय सोपान के मुख्य अतिथि जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भी सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमें समाज से जुड़कर रहना चाहिए।उन्होंने समाज के लोगो को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोग अधिक से अधिक छोटे छोटे व्यापार, व्यवसाय को अपनाकर लगन से काम करे तो निश्चित ही एक दिन हमे सफलता मिलेगी साथ ही उन्होंने समाज के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि नए नए कौशल और कलाकारी को सीखकर अपने परिवार का भरण पोषण करे एवं नशापान से दूर रहकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दें।

प्रतिभावान छात्र छात्राओं, पत्रकारों और समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान- इस महाधिवेशन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों का सम्मान किया गया। इस महाधिवेशन में नगरी सिहावा क्षेत्र के पत्रकार बंधुओ को भी आमंत्रित किया गया था उन्हे पेन, डायरी और श्रीफल भेंटकर समाजप्रमुखो द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले समाज के लोगो का अभिनंदन कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर साहू समाज के तहसील, परिक्षेत्र और ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों और सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष एवं युवाओं की उपस्थिति रही।

समाज में महिलाओं को आगे आना जरूरी

अंबिका मरकाम महासभा के प्रथम सोपान के मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमे समाज के लिए नई सोच रखना है ताकि हमारे समाज के सभी लोगो का विकास हो सके, उन्होंने समाज में शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा से समाज आगे बढ़ता है और समाज संस्कारित होता है, समाज में अंतर्जातीय विवाह को रोकने के लिए गहन विचार करना जरूरी है। साहू समाज एक संगठित समाज है, उन्होंने समाज में महिलाओं की भूमिका पर कहा कि अपने बच्चों तथा परिवार को संस्कार देना महिलाओ पर अधिक निर्भर करता है साथ ही शादी, छुट्टी, मृतक संस्कार में महिलाओ का महत्वपूर्ण योगदान होता है, उन्होंने आगे बताया कि हमारी परम्परा और संस्कृति को बचाए रखने के लिए समाज में पुरुषों के साथ महिलाओ को भी कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है।

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला भाजपा के मंत्री राजेंद्र गोलछा ने आज जगदलपुर में राजमहल पहुंच कर बस्तर महाराजा कमल चंद्र भंजदेव को गुलदस्ता भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जगदलपुर निवासी अमर चंद गोलछा भी उनके साथ रहे।

छिन्दीटोला उमरगांव में गोंडी कथा का समापन

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम उमरगांव मे गोंडी कोयापुनेम धर्म दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 24 से 28 मार्च तक चला। इस आयोजन में धर्माचार्य शंकर शाह इरपाची निवासी सिवनी (मप्र) के द्वारा प्रकृति में जीव जगत की उत्पत्ति सहित आदिवासियों की पुरातन संस्कृति और परंपराओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आदिवासी युवक-युवतियों ने पारंपरिक नृत्य रेला पाटा प्रस्तुत कर जमकर नाचे गाएं। आदिवासी समाज के प्रमुखों ने कहा कि, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी भाईयों को अपने परम्परा और संस्कृति के प्रति जागरूक करना। साथ ही अपनी परंपराओं को आने वाली पीढ़ी को अवगत कराकर आदिवासी संस्कृति को अक्षुण बनाए रखना है। इस प्रकार के आयोजन से आदिवासी समाज में एकता भाईचारे की भावना जागृत होती है। संस्कृति और परंपराओं को जानने व समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर धमतरी जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने उपस्थित होकर आदिवासी समाजजनों से मेल मिलाप कर गोंडी गाथा का समापन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गोड़वाना समाज के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर नगरी सिहावा, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, बालोद जिले सहित उड़ीसा राज्य के आदिवासी बड़ी संख्या उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

तीनदिवसीय रामचरित मानस 3 अप्रैल से

नगरी/नवप्रदेश। आदर्श ग्राम पंचायत बिरगुड़ी में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि की पावन पर्व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से तीन दिवसीय रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कुल 36 मंडली की प्रस्तुति होगी और अपने राम रस की बखान करेगी कार्यक्रम की तैयारी में समस्त ग्राम वासी अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं यह जानकारी मानश सम्मेलन अध्यक्ष अकबर कश्यप ने दी।

योजना सैचुरेशन के एंट्री को गंभीरतापूर्वक करे पूर्ण- कलेक्टर अग्रवाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने एलडब्ल्यूई डैशबोर्ड में विभिन्न प्रकार के योजनाओं के सैचुरेशन से संबंधित एंट्री की जानकारी ली। कलेक्टर ने सैचुरेशन के ऑनलाइन एंट्री के कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए गंभीरता पूर्वक एंट्री कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑनलाइन और ऑफलाइन डाटा का शत प्रतिशत मिलान कर एंट्री पश्चात प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि योजनाओं के सैचुरेशन कार्य शासन की प्राथमिकता में है। एंट्री की शासन स्तर से समीक्षा की जा रही है। इस कार्य को तेजी से पूर्ण की जाए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं के सैचुरेशन की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने राशन कार्ड, वन अधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पूरक पोषण आहार वितरण, एनएनसी रजिस्ट्रेशन, कौशल विकास पंजीयन, स्वास्थ्य कार्ड, जाति, निवास प्रमाण पत्र, श्रमिक पंजीयन, मनरेगा पंजीयन, पीएम आवास योजना, उज्जवला, टीकाकरण, मातृत्व वंदन योजना, जनधन खाता, पीएम पोषण एवं स्कूलों में गणवेश एवं पाठपुस्तक वितरण आदि की जानकारी लेकर शत प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही तकनीकी दृष्टि से त्रुटियुक्त एंट्री में आवश्यक सुधार भी करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर द्वय प्रकाश राजपूत, नवीन भगत सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेला में 1100 से अधिक पुलिस कर्मियों तैनाती

- **9 दिन तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक संभालेंगे ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था**

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु - 1- ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2- रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3- ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4- क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5- गोताखोर पार्टी, 6- बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

दिनांक 30.03.2025 से 06.3.2025 तक मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 04 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 1100 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में एस0आर0 मंडावी, सेनानी पीटीएस जगदलपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफ कर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अति0पु0अधी0 (ऑप्स) राज0 मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, प्रज्ञा मेश्राम, उप सेनानी, 07वीं वाहिनी, छसबल भिलाई, बी0 आर0 भगत, उप सेनानी, 16वीं वाहिनी छसबल नारायणपुर, सु अनिता सागर, सहायक सेनानी, 03री छसबल अम्लेश्वर, भरत लाल ध्रुव, सहायक सेनानी, 08वीं वाहिनी छसबल राजनांदगांव, अजीत सिंह यादव, सहायक सेनानी, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, तनुप्रिया ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजनांदगांव, दिलीप सिसोदिया, पु0अ0अ0 डोंगरगांव, संदीप मोरे, सहायक सेनानी, 07वीं वाहिनी छसबल भिलाई, किशोरीलाल वर्मा, सहायक सेनानी, 14वीं वाहिनी छसबल बालोद, अखिलेश कौशिक, उपुअ कबीरधाम, प्रशांत पैकरा, उपुअ एमएमएसी, एलेक्जेण्डर किरो, उपुअ दुर्ग, कमल नारायण शर्मा, उपुअ बेमेतरा, सु प्रतिभा लहरे, उपुअ कांकेर, सु लितेश सिंह, उपुअ कोण्डागांव, संगम राम, उपूअ जगदलपुर एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

आश्रम-छात्रावासों का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिला मुख्यालय स्थित आश्रम-छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने शासकीय कन्या आश्रम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा शासकीय आदिवासी कन्या आश्रम का निरीक्षण किया। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने इन छात्रावासों में छात्राओं को मिलने वाली सुविधाएं, नाश्ता, भोजन, आवास, खेलकूद सामग्री एवं पुस्तकालय, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, शयन कक्ष, किचन का भी अवलोकन कर छात्रावास अधीक्षिका एवं वहां मौजूद छात्राओं से जानकारी ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने शासकीय पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद के बच्चियों से चर्चा के दौरान कहा कि अभी परीक्षाएं चल रही है। अच्छे से मेहनत करें। चर्चा के दौरान कलेक्टर ने छात्राओं से उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। इस पर कलेक्टर ने छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में भी सक्रिय रहने को कहा। साथ ही अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने कहा कि आप लोग घर से दूर रहकर यहां पढ़ाई करने आये हैं। अपने भोजन एवं अपनी सेहत का ध्यान रखें। छात्रावासों में मौजूद छात्रावास अधीक्षिका को निर्देशित किया कि छात्राओं को समय पर भरपेट ताजा भोजन एवं नाश्ता निर्धारित मीनु के अनुसार ही गुणवत्तायुक्त आहार प्रदान किया जाये।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में छात्र और अध्यापकों की कार्यशाला

नगरी/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में श्री प्रकाश राय प्राचार्य डाइट नगरी के दिशा निर्देशों पर एवं पी. एस. टी.ई.प्रभारी जोहन नेताम व्याख्याता डाइट नगरी के मार्गदर्शन पर 6 दिवस कार्यशाला डाइट नगरी में सम्पन्न हुवा कार्यशाला में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी छात्र अध्यापक कार्यशाला में शामिल हुवे कार्यशाला के प्रथम दिवस पर शिक्षाविद श्री लक्ष्मण राव मगर सहायक संचालक से सेवानिवृत के द्वारा शिक्षा की एवं शिक्षक की भूमिका पर प्रशिक्षण प्रदान किया कार्यशाला में शिक्षक का व्यक्तित्व शाला समुदायिकता संबंध विद्यालय में तमाम प्रकार के गतिविधि का संचालन कैसे करें पूरे 1 दिन के कार्यशाला हुआ लंच के बाद विद्यालय में कितने प्रकार के पंजी होती पंजी को साधारण कैसे करें सूचीबद्ध कैसे करें रखरखाव कैसे करें एवं कितने प्रकार के अवकाश होते हैं भावी शिक्षक श्री मगर सर के इस प्रशिक्षण से बहुत लाभान्वित हुए।

कार्यशाला के दूसरे दिवस पर निशा साहू व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल सिहावा द्वारा मेडिटेशन योग के नियम बताएं मेडिटेशन के माध्यम से साहस, लगन ,धैर्य, उत्साह, परोपकार यह सारे गुण हम अपने-आप पर कैसे निर्मित करेंगे भावी शिक्षकों को बताया गया ध्यान योग से सभी छात्राध्यापक लाभ लिए और अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया खेल -खेल में शिक्षा किस प्रकार दी जाती है गणित विषय को टी. एल. एम.के माध्यम से अवधारणा को कैसे क्लियर करें कैसे सरल बनाये ये सारी बाते निशा साहू द्वारा दिया गया दूसरे दिवस दे द्वितीय कालखंड दूधेश्वर साहू शिक्षक माध्यमिक शाला मौहाबाहरा द्वारा स्काउट गाइड के नियम छात्राध्यापको को अवगत कराया लंच के पास तीसरा काल खंड पर श्री मनोज साहू व्याख्याता हाई स्कूल उमरगांव द्वारा शाला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का प्रशिक्षण छात्राध्यापकों को दिया आग लगने पर किस प्रथम बच्चों को दुर्घटना होने से बचाएं किसी बच्चे को अगर कुत्ता काटने एवं जहरीली जीव जंन्तु के काटने पर तुरंत उसका प्राथमिक उपचार कर अस्पताल तक कैसे पहुंचाएं स्ट्रक्चर का निर्माण कैसे करें तमाम बिंदु पर 2 घंटा साला सुरक्षा एवं व्यक्तिगत सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर अग्रवाल ने नपा क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

- **साईं गार्डन, स्टेडियम, देवरनीन तालाब, नया तालाब, ऑडिटोरियम एवं गांधी मैदान का किया अवलोकन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। साथ ही गरियाबंद नगर के सांई गार्डन, स्टेडियम, वीर सुरेन्द्र साय कॉलेज, देवरनीन तालाब और नया तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यो का अवलोकन करते हुए कहा कि किसी भी निर्माण कार्यों में लापरवाही एवं गुणवत्ता से समझौता नहीं की जायेगी। जो भी कार्य चल रहे है उन कार्यो को निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही बनाये।

कलेक्टर ने साई मंदिर परिसर में विकसित किये जा रहे उद्यान के कार्यों का अवलोकन कर सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सांई गार्डन में चल रहे निर्माण कार्य 15 अप्रैल तक हर हालत में पूर्ण होने चाहिए। कलेक्टर अग्रवाल ने वहां सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने पेड़-पौधे लगाने, ग्रीन घास बिछाने, लाईटिंग, पेंटिंग, साफ-सफाई, नाली निर्माण करने के निर्देश दिये। उन्होंने गार्डन के अंदर एवं बाहर जो भी मलबे है, उसे शीघ्र हटाने को कहा। इसके अलावा गार्डन के सामने गुमाटी लगाये गये है, उसे हटाने तथा अन्यत्र जगह शिफ्टिंग कराने के निर्देश दिये है।

उन्होंने स्टेडियम का अवलोकन करते हुए कहा कि साफ-सफाई, पोताई कराने, लाईटिंग, ट्रांसफार्मर लगाने, रात्रिकालीन समय के लिए चौकीदार रखने, पोल पर पॉलिशिंग करने, डस्टबिन रखने तथा स्विमिंग पूल, दरवाजा मेंटेनेंस, लेंस स्कैपिंग के लिए प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश दिये। इसी तरह वीर सुरेन्द्र साय कॉलेज एवं परिसर में लाईब्रेरी में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए कॉलेज परिसर के बाहर यात्री प्रतीक्षालय बनाने को कहा। साथ ही कॉलेज परिसर के सामने सफाई अभियान चलाने को कहा। साथ ही लाईब्रेरी में पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने छिंद तालाब एवं देवरनीन तालाब एवं नया तालाब पहुंचकर तालाब गहरीकरण, सफाई, तालाब के पास जिन्होंने अतिक्रमण कर मकान बनाये है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

कलेक्टर अग्रवाल ने देशी-विदेशी मदिरा दुकान का किया औचक निरीक्षण

परिसर की साफ-सफाई एवं मदिरा दुकानों में मूल्य सूची चस्पा करने के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय के केशोडार स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकान का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने शराब दुकान के रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने शराब की गुणवत्ता और उसकी सही कीमत पर बिक्री की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने दुकान के कर्मचारियों से बातचीत की और उनसे लाइसेंस शर्तों और अन्य नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि दुकान के आसपास कोई अवैध गतिविधि न हो और न ही किसी प्रकार की अव्यवस्था फैल रही हो। उन्होंने शराब दुकान प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे सभी नियमों का पालन करें और स्थानीय समुदाय के हितों का ध्यान रखें। साथ ही आसपास की अवैध गतिविधियों की जांच की गई, जैसे कि शराब की अवैध

बिक्री या बिना लाइसेंस के शराब बेचना। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित किया कि शराब दुकान के सुपरवाईजर और कर्मचारी सभी नियमों और कानूनों का पालन कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सभी शासकीय देशी-विदेशी मदिरा दुकाने में मदिरा की मूल्य सूची चस्पा करने के निर्देश दिये। उन्होंने दोनों दुकानों को सुव्यवस्थित एवं मॉडल बनाने, डस्टबिन रखने, परिसर को साफ रखने के निर्देश दिये । कलेक्टर ने परिसर में अव्यवस्था एवं साफ-सफाई नहीं होने पर जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रिखीराम यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत एवं नवीन भगत, सीएमओ गिरीश चन्द्रकर, पीडब्यूडी के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर अग्रवाल के निरीक्षण के वापसी के दौरान ओम राठौर ने बिना अनुमति इमारती पेड़ साल को काटने पर प्रकरण बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर अग्रवाल के विभिन्न क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

महापौर व निगम पदाधिकारियों द्वारा दी गई ईद-उल-फितर की बधाई

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फित्तर पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं दी है। उन्होंने हमारी संस्कृति से जुड़े इस महत्वपूर्ण पर्व को अपूर्व उमंग-उल्लास-उत्साह के साथ मनाने की अपील की है। महापौर श्री यादव ने मुस्लिम समुदाय को ईद-उल-फित्तर की बधाई देते हुए कहा कि इस्लाम धर्म का यह पर्व हमें इबादत एवं सदका की प्रेरणा देता है। रमजान के एक महिने के रोजे के बाद मनाये जाने वाला यह पर्व मालिक की इबादत में वृद्धि करने,अच्छाई की ओर कदम बढ़ाने,भाई-चारा, शील-संकोच,दीन-धर्म का प्रदर्शन करने व मालिक की याद से ह्दय को जगमग करने की प्रेरणा देता है।

निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री साावन वर्मा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, श्रीमती केवरा विजय राय, आलोक श्रोती, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा, श्रीमती बिना ध्रुव, डीलेश्वर प्रसाद साहू, राजा माखीजा एव राजेश जैन रानू सहित अपील समिति के सदस्यों श्रीमती श्रुती लोकेश जैन, श्री संतोष कुमार साहू, श्रीमती मोहनी बाई एवं श्री सेवक राम उइके तथा पार्षदों ने मुस्लिम समुदाय को एक महिने के रोजे के उपरांत मनाये जाने वाले इस त्योहार को उमंग व उल्लास के साथ मनाने के लिये बधाई दी है।

चैत्र नवरात्र: देवी मंदिरों में प्रज्ज्वलित हुए मनोकामना ज्योत

मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

गरियाबंद / नव प्रदेश। गरियाबंद में चैत्र नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर सहित अंचल के देवी मंदिरों में नवरात्रि के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घटस्थापना की गई। वहीं देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योत भी प्रज्वलित किए गए हैं। नवरात्रि में देवी मां के नौ रूपों की पूजा-अर्चना होगी।

नवरात्र पर्व शक्ति की भक्ति के लिए खास माना जाता है। जिसके चलते नवरात्र के नौ दिनों तक देवी भक्त मां दुर्गा की भक्ति में डूबे रहेंगे। चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो गई है, इसके साथ ही अब नौ दिनों तक नवरात्र की धूम रहेगी। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर-देवालयों में पहुंच रहे थे, जिनके आने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा।हर साल चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्र का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र का आरंभ 30 मार्च से हो रहा है, जो 6 अप्रैल तक चलेगा। नवरात्रि का पर्व न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय समाज में सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर का हिस्सा भी है।

नववर्ष का स्वागत

चैत्र नवरात्र का समय भारतीय नववर्ष की शुरुआत के रूप में भी महत्वपूर्ण होता है। इस दिन को हिंदू कैलेंडर के अनुसार नये साल के रूप में मनाया जाता है, जो संक्रांति के समय आता है। इस दिन को विभिन्न राज्यों में विभिन्न नामों से मनाया जाता है।

चैत्र नवरात्र का पर्व केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह दिन हमें शुद्धता, तपस्या और देवी के आशीर्वाद से अपने जीवन को सफल और समृद्ध बनाने की प्रेरणा देता है। इस पर्व के माध्यम से हम अपने भीतर की नकारात्मकता को समाप्त करके सकारात्मकता और शक्ति का अनुभव कर सकते हैं।

पेयजल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था: सरपंच

छुरिया दैनिक नव प्रदेश। ग्राम पंचायत करमरी सरपंच दीनदयाल साहू द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर शुद्ध पेयजल ठंडा पानी के लिय 20, 40 लीटर वाटर कुलर ग्राम पंचायत के नागरिक व आने जाने वालो राहगीरों के नाम समर्पण किया इस अवसर पर ग्रामवासी एवं पंच गण उपस्थित रहे।

डॉ. रमन सिंह एवं सांसद पांडे ने ईद-उल-फितर की दी बधाई

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश । छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष व विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद श्री संतोष पाण्डे ने ईद-उल-फित्तर के मुबारक अवसर पर मुस्लिम समुदाय को बधाई दिये है।विधायक डॉ.रमन सिह ने मुस्लिम समुदाय को बधाई देते हुए कहा कि रमजान के इस पावन महीने में लोग उपवास रखते हैं और नियमित तौर से प्रार्थना कर अल्लाह के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। ईद-उल-फित्तर का यह पवित्र त्यौहार रमजान के खत्म होने पर आता है। इस त्यौहार को भाईचारा एवं सद्भाव को मजबूती देने वाले पर्व के रूप पर मनाया जाता है। ईद-उल-फित्तर एक ऐसा पर्व है, जो हमें मानवता की सेवा में समर्पित होने और जरूरतमंद लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए उनकी मदद करने की प्रेरणा देता है।सांसद श्री पाण्डे ने बधाई देते हुए का कि ईद का पर्व दुनिया भर में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्यौहार है।

जैन मुनियों के धमतरी आगमन पर रंजना साहू ने लिया आशीर्वाद

धमतरी। स्वामी महावीर जन्मकल्याणक के पावन अवसर पर धर्मधरा धाम धमतरी की पावन भूमि में उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी प. पू. श्री महेंद्रसागर जी म. सा., उपाध्याय प्रवर युवामनिषी प. पू. श्री मनीषसागर जी म. सा. आदि ठाणा 15 एवं कैवल्यधाम तीर्थ प्रेरिका परम पूज्या निपुणा श्री जी महाराज साहब की सुशिष्या प. पू. हंसकीर्ति श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा का चतुर्विघसंघ के साथ ऐतिहासिक मंगल प्रवेश नगर धमतरी में हुआ, इस अवसर आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू पहुंचकर आशीर्वाद लिए। इस अवसर पर बी.एल जैन, नीरज नाहर, हर्षित नाहर, संजू लोढ़ा, विनोद बैद, राहुल पारख, सतीश नाहर, भावेश नाहर, अंकित बरडिया, प्रतीक बैद, कान्हा गांधी, आकाश छाजेड़, भव्य भंसाली, सौरभ पारख सहित समाजजन एवं नगर वासी उपस्थित रहे।

विधायक ओंकार साहू के निवास में होली मिलन समारोह, जमकर थिरके कांग्रेसी

होली मिलन समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन की एकजुटता को बनाए रखने का संकल्प लिया

धमतरी/ नव प्रदेश। आज विधायक निवास रुद्री में दिन शनिवार को होली मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में धमतरी विधानसभा से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं कार्यकर्त्ताओं की मौजूदगी रही, जिससे धमतरी विधानसभा में संगठन की एकजुटता का संदेश पूरे प्रदेश में गया. होली मिलन समारोह में आरंग के ÷ रंग झरोखा ÷ कार्यक्रम कि प्रस्तुति हुई मंच के सामने होली के रसिया गीतों से कार्यकर्ताओं ने जमकर डांस किया 7 कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू ने कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन मुलाकात कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को स्नेह बाटते हुए गुलाल का टीका लगाया. दूर-दराज से आए बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष,जोन अध्यक्ष , उपसरपंच , सरपंच , जनपद सदस्य , जिला पंचायत सदस्य सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी ने इस आयोजन को सफल बना दिया 7 विधायक निवास पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन की एकजुटता को बनाए रखने का संकल्प लिया. पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस अब और अधिक संगठित होकर आगे बढ़ेगी. इस होली मिलन कार्यक्रम में नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य , जनपद सदस्य , सरपंच , पार्षद , उपसरपंच का सम्मान भी किया गया इसी तारतन्या में विधायक ओंकार साहू ने इस होली मिलन समारोह में उपस्थित समस्त नेताओं व कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया 7 समारोह में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक हर्षद मेहता, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, प्रदेश कांग्रेस सचिव तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता योगेश बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मदन मोहन खंडेलवाल, गोपाल शर्मा, विजय प्रकाश जैन, हरमिंदर छाबड़ा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर, मनोज साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शहर आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सूर्यप्रभा चेटियार, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव अम्बिका सिन्हा, जिला कांग्रेस महामंत्री अमरदीप साहू, राजेश साहू, चंदन बाफना, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, पार्षद दीपक सोनकर, सुमन मेश्राम, विशु देवांगन, ऋषभ ठाकुर, जितेंद्र साहू, पारसमणी साहू, जनपद सदस्य भारती चंद्रहास साहू, योगेश मारकंडे, खिलेंद्र ध्रुव, हर नारायण साहू, जोन अध्यक्ष नीलमणि साहू, हरीश चंद्राकर, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, सरपंच होमेश्वर साहू, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, गजेंद्र कुम्भकार, आशुतोष खरे, सूरज पासवान, मुकेश यादव, घासीराम साहू, केशव साहू, रंजीत साहू, गुरु गोपाल गोस्वामी, भागी निषाद, अश्वनी सिन्हा, साकेंद्र निषाद, भोलाराम देवांगन, अशोक देवांगन, पन्नालाल साहू, अनूप नेताम, धर्मेंद्र पटेल,लक्की जैन, हुलार कोर्राम, खिलेन्द्र साहू, टीकाराम साहू साथ में हजारों कि संख्या में युवा कांग्रेस , एनएसयूआई , महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें

हाईवा वाहनों के लिए किया गया रूट निर्धारण

धमतरी । पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार,उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के उद्देश्य से शहर के अंदर से रेत लेकर गुजरने वाले हाईवा वाहनों के मार्ग का निर्धारण किया गया है, जिसके तहत बालोद से रेत लेने आने वाले हाईवा वाहन श्यामतराई से सीधे बाईपास होकर खपरी से होकर अर्जुनी मोंड़ होते हुए रेत खदान की ओर जायेंगे, इसी प्रकार दुर्ग की ओर से आने वाले हाईवा वाहन भी बाईपास होते हुए खपरी, अर्जुनी मोंड़ से रेत खदान की ओर जायेंगे।

शहर में प्रवेश के लिए रात्रि 10:00 बजे का समय निर्धारण किया गया है, समयोपरांत 20-20 वाहन 15 मिनट के अंतराल के बाद जायेगी, जिनकी निर्धारित गति 20 किमी प्रति घंटा की होगी एवं रेत लेकर आने के दौरान वाहनों को तिरपाल से ढकेंगे। निर्धारित किये गये रूट के अलावा शहर के अंदर से रेत परिवहन करने वाले वाहन गुजरती है, तो उसके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

यातायात पुलिस ने अपील की है, कि निर्धारित किये गये समय एवं रूट से ही वाहन का चालन करें ।

धर्म नगरी में अवैध शराब पर राजनीतिक रोटी सेंकने वाले नेता अब क्यों हैं मौन: संजय बहादुर

राजनांदगांव -छुरिया- नव प्रदेश। हिंदू मुसलमान के नाम पर राजनीति करने वाले भाजपा के राज में माता की नगरी डोंगरगढ़ में 28 लाख का अवैध शराब का जखीरा मिलना बेहद ही श्र्मनाक मामला है आज जब ध्र्म नगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब का दाखिला पुलिस द्वारा पकड़ा गया है तब ध्र्म के नाम राजनीति रोटी सेंकने वाले छुट भैय्या नेता कहा खो गए हैं। उक्त विचार प्रदेश उपाध्यक्ष करणी सेना संजय बहादुर सिंह का है उन्होंने आगे कहा हालमार्क पिछ्ली सरकार का बड़ी शाज़िश बताने वाली बीजेपी सरकार के नेताओं को बताना चाहिए छत्तीसगढ़ सरकार का हालमार्क वहां कैसे बरामद हुआ आज जो लोग इस मामले पर चुप्पी साधे हुए है वे चाहे किसी भी दल या पा्र्टी के नेता हो निश्चित तौर पर इन शराब माफ्यिाओं से इनका समंध और मिलीभगत इन्कार नहीं किया जा सकता उन्होंने दावे के साथ कहा इतना बड़े पैमाने में अवैध शराब का कारोबार बैगर सत्ता दल के नेता पुलिस के मिलीभगत के बीना संभव नहीं है शासन प्रशासन में बैठे चंद लोग आम लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं क्या यही भाजपा के कुशासन को दर्शाता है धर्म के नाम राजनीति करने वाले नेता जानता से माफी मागे संजय बहादुर ने आगे कहा कांग्रेस हो या भाजपा के चंद नेता धर्म नगरी डोंगरगढ़ में लम्बे समय से चल रहे अवैध कारोबार बैगर इनके जानकारी मिलीभगत के हो नहीं सकता हाल ही में 28 लाख का अवैध शराब डोंगरगढ़ के एक फार्म हाऊस में पुलिस जब्त करती है और ऐसे नेता जो समय समय पर धर्म के आड़ में उत्तेजीत बयान जारी कर समाज के युवाओं को भड़काने का कार्य करते हैं आज इस मामले पर एक बयान भी नही देना इनके असली चेहरे को उजागर करता है।

जेके सीमेंट का राजमिस्त्री के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कुरूद/ नव प्रदेश। जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी द्वारा आयोजित राजमिस्त्री मजदूर संघ के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि के मुख्य आथित्य थे एव आशीष केला प्रोपाइटर बील्डिंग एसोसिएट,राज मिस्त्री मजदूर संघ के संरक्षक टोमन लाल साहु अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव के आथित्य में आयोजित किया गया । जेके लक्ष्मी सीमेंट के डीलर बिल्डिंग एसोसिएट्स एवं जेके लक्ष्मी कंपनी के अधिकारियों ने आज राजमिस्त्री मजदूर संघ के स्वास्थ्य शिविर में जे के लक्ष्मी सीमेंट कंपनी के सिविल इंजीनियर पुननेश्वर वर्मा, सेल्स ऑफिसर विकास साहू कुलेश्वर साहू हरीश साहू ने राजमिस्त्री और मजदूरों का स्वास्थ्य चेकअप करवाते हुए उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश एवं जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी द्वारा प्रदत योजनाओं का पूरा लाभ लेने के बाद कहीं।* इस अवसर पर मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर ने प्रदेश की राजमिस्त्री मजदूर के लिए अच्छी से अच्छी योजनाओं को लाने वाली साय सरकार की योजनाओं को बताते हुए राज मिस्त्री मजदूर में भाइयों से उनका लाभ लेने की बात कही। साथ उन्होंने ऐसे स्वास्थ्य शिविर के लिए कंपनी की प्रशंसा की इस दौरान भानु चंद्राकर ने खास तौर पर उपस्थित मजदूर यूनियन के सदस्यों को और परिजनों को भी नशे से दूर रखना और अपने परिवारजनों को भी नशे से दूर रखने की हिदायत देते हुए कहा कि आजकल के नए-नए नशे के तरीके घर परिवार और समाज के लिए बेहद घातक हैं जिससे दूर रहकर ही हम अपना जीवन स्तर ऊपर उठा सकते हैं। इस शिविर में 100 से भी अधिक मजदूर भाइयों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

संस्कृत संभाषण शिविर का समापन

गरियाबंद/ नव प्रदेश शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन हुआ । इस दौरान छात्र छात्राओं ने संस्कृत भाषा में संभाषण किया । अतिथियों द्वारा संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्री सी एल तारक सहायक प्राध्यापक , कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत सढ़ौली श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर ने की । विशेष अतिथि उपसरपंच लीलांबर शांडिल्य , मोहन ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि , श्री कामता प्रसाद नाग सेवानिवृत शिक्षक, श्री लीलाराम ठाकुर ग्राम पटेल , सत्यप्रकाश मानिकपुरी , श्री लोकनाथ साहू , श्री के के निर्मलकर , श्री पुष्पक सिंह चौधरी व्याख्याता , श्री भुनेश्वर कुर्रे, श्री बोधन लाल काशी , देवेंद्र कुमार काशी , उपस्थित रहे । कार्यक्रम में श्री होमेश्वर चंद्राकर संस्कृत भारती कार्यकर्ता शामिल हुए । कार्यक्रम का संचालन कुमारी सुनैना कश्यप ने संस्कृत भाषा में विभिन्न श्लोकों एवं सूक्तियों के साथ किया। श्री प्रेमानंद महिलांग सहायक प्राध्यापक संस्कृत विभाग द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

चेट्रीचंड्र जयंती, चैत्र नवरात्रि, हिंदू नव वर्ष पर शहर में हुए विभिन्न आयोजन

सामाजिक सद्भावना , समरसता, सौहार्द्रता का समुचित स्थान है अटूट लंगर-: विजय मोटवानी

धमतरी/दैनिक नव प्रदेश। सिंधी समाज के आराध्य देव चेट्रीचंड भगवान की जयंती, हिंदू नव वर्ष चैत प्रतिपदा, के साथ ही नवरात्रि के प्रथम दिवस शहर में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए सिंधी समाज द्वारा तीन दिन तक पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाले भंडारे में सर्व समाज सहित गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि सम्मिलित होकर एक दूसरे को उक्त सभी धार्मिक उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी जिसमें प्रमुख रूप से सर्व समाज के प्रमुख दीपक लखोटिया, नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षद विजय मोटवानी, समाजसेवी महेंद्र खंडेलवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे इस अवसर पर नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अध्यक्ष विजय मोटवानी ने बताया कि आधुनिकता के चलते जब लोगों में दूरियां बढ़ती जा रही है ऐसे में सामाजिक रूप से होने वाले आयोजन जिसमें विशेष रूप से सिंधी समाज का भंडारा जो गुरु के अटूट लंगर के रूप में सभी के लिए समर्पित होता है इसमें शामिल होकर एक साथ भोजन करना हम सबको आपस में सामाजिक सौहार्दता ,सद्भावना, तथा समरसता की एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है जो वर्तमान समय की सर्वाधिक आवश्यकता है। गौरतलब है कि दिन भर चलने वाले लंगर के बाद शाम को सिंधी समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी की सभा सुनने जिले से हजारों कार्यकर्ता रवाना

राजनांदगांव दैनिक नव प्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहभठठा ग्राउंड मे आयोजित ऐतिहासिक जनसभा को सफ्ल बनाने मे। देश की ज्वंलत परिस्थितियों पर मोदी जी के बेबाक संवाद को सुनने के लिए जिले से हजारो की संख्या मे भाजपा नेता व कार्यकर्ता बिल्हा क्षेत्र के लिए रवाना हुए है।

भाजपा मिडिया सेल द्वारा दि गई जानकारी के अनुसार जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया की छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी योजनाओं को हरी झंडी दिखाने तथा भावी समस्यों के समाधान के लिए विभिन्न जन उपयोगी परियोजनाओं का शिलान्यास करने। प्रधानमंत्री मोदी का आगमन हो रहा है इस दौरान जहां रायपुर से नवा रायपुर तथा अभनपुर तक नई ट्रेन प्रारंभ होगी वही सड़क की दो बडी परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया जाएगा इसी प्रकार 3 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास के तहत घरों की चाबी सौपी जाएगी इसी प्रकार 12 दर्जन से अधिक पी.एम. स्कूलो का शुभांरभ भी होगा इसके अलावा, रेल्वे की 7 परियोजनाओं का, सड़क की 1 परियोजना का, उर्जा क्षेत्र की 1 परियोजना का और तेल एवं गैस की 2 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा जिससे छत्तीसगढ़ की आधारभूत योजनाओं का अमलीजामा पहनाने मे मदद मिलेगी।

राजपूत ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी की इस सौगात भरी यात्रा को सफ्ल बनाने के लिए जिले के कार्यकर्ताओं मे अभूतपूर्व उत्साह है अलसुबह से ही विभिन्न माध्यमो से सड़क मार्ग द्वारा हजारो कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी की सभा को सुनने के लिए रवाना हुए है।

बैडमिंटन के बेहतरीन शॉट के साथ महाराष्ट्र मंडल के स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ

- **हर रोज सुबह- शाम कैरम, शतरंज व बैडमिंटन का लुत्फ़ ले सकेंगे खिलाड़ी**

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के स्पोर्ट्स क्लब का रविवार की देर शाम वरिष्ठ आजीवन सभासद विवेक शेजवलकर ने विभिन्न खेलों में हाथ आजमा कर शुभारंभ किया। मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि स्पोर्ट्स क्लब के माध्यम से युवाओं की मंडल में आवाजाही बढ़ेगी और नियमित भी रहेगी। इससे वे समाज से जुडेंगे। यही हमारा उद्देश्य भी है।

शेजवलकर के साथ बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ कार्यवाह सुबोध टोले, अजय काले, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर ने बैडमिंटन खेलते हुए स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ किया। तत्पश्चात शेजवाल व काले के साथ निरंजन पंडित, अतुल गद्रे की जोड़ियों ने कैरम बोर्ड के माध्यम से शुभारंभ समारोह को आगे बढ़ाया। स्पोर्ट्स क्लब शुभारंभ के अंतिम पड़ाव पर शेजवलकर ने किशोर कुमार साहू के खिलाफ शतरंज में भी दो- दो हाथ आजमाया। स्पोर्ट्स क्लब के प्रमुख अजय पोतदार ने बताया कि यह सुविधा महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासदों एवं उनके नाबालिग बच्चों के लिए है।

इस मौके पर उपाध्यक्ष गीता दलाल, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर,आध्यात्मिक व योग समिति की समन्वयक आस्था काले, शंकर नगर बाल वाचनालय की प्रभारी रेणुका ठाकरे पुराणिक, सचेतक रविंद्र ठेंगडी समेत बड़ी संख्या में विभिन्न समितियां के पदाधिकारी, महिला केंद्रों की संयेजिकाएं- सह संयोजिकाएं व आजीवन सभासद उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स क्लब का शुभारंभ होने के साथ क्लब की सदस्यता लेने के लिए हर आयु वर्ग के सभासदों में उत्सुकता और तत्परता देखी जा रही है।

जम्मो संगी साथी जंवरिहा महतारी दीदी बहिनी अऊ सियान जवान मन ला जय जोहार

हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, अटल निर्माण वर्ष का है हमारा संकल्पः नरेंद्र मोदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। *मोहभट्ठा में पीएम नरेंद्र मोदी के विशाल सभा आयोजित की गई, जिसमें देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने करोड़ों के सौगात दिए जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हिंदू नववर्ष के शुभारंभ के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर विकास की नई रोशनी फैली है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को 33,700 करोड़ रुपए से अधिक की बहुआयामी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा लोकार्पित एवं शिलान्यास की गई परियोजनाएं रेल, सड़क, ऊर्जा, ईंधन, आवास और शिक्षा से जुड़ी हैं, जो न केवल लोगों के जीवन में खुशहाली और सुविधा का नया सूर्योदय लाएंगी, बल्कि विकसित छत्तीसगढ़ की नींव भी मजबूत करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने भरोसा किया जिससे विधानसभा और लोकसभा चुनावों में डबल इंजन की सरकार बनी और अब स्थानीय निकाय चुनावों में तीसरा इंजन भी जुड़ गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ इसमें ऊर्जा, खनिज और कृषि के क्षेत्र में राष्ट्रीय आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक बनेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि जैसे कार्यक्रमों के जरिए अंतिम छोर तक लाभ पहुंचा है। साथ ही रेल, सड़क, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने जनजातीय बहुल छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा और दशा दी है। भारत अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अयोध्या में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बना और प्रयागराज महाकुंभ में भारत की संस्कृति की भव्यता को दुनिया ने देखा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण के लिए सरकार पूरी शक्ति से जुटी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अंत में प्रधानमंत्री जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि जब-जब छत्तीसगढ़ के विकास के लिए हमने मांग की, आपने अपेक्षा से अधिक दिया। इसके लिए हम सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने प्रदेश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।*

कांग्रेस के राज में यहां विकास कार्य नहीं हो पाए

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो गए हैं। यह साल छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। संयोग से यह साल अटलजी की जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है कि हमने बनाया है, हम ही इसे संवारेंगे। मोदी ने कहा कि आज जितने भी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ, वह इसी संकल्प का हिस्सा हैं। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा, क्योंकि विकास का लाभ यहां नहीं पहुंच रहा था। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के राज में यहां विकास कार्य नहीं हो पाए और जो काम हुआ भी, उसमें कांग्रेस के लोग घोटाले कर देते थे। कांग्रेस को कभी आपकी चिंता नहीं रही। हमने आपकी जिंदगी, आपकी सुविधाओं, आपके बच्चों की चिंता की है। हम विकास योजनाओं को छत्तीसगढ़ के गांव-गांव तक पहुंचा रहे हैं।

विकास के नाम पर कांग्रेस ने किया घोटाला

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को राज्य बने 25 साल हो रहे हैं। ये वर्ष छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। संयोग से यह साल अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष भी है। छत्तीसगढ़ सरकार 2025 को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मना रही है। हमारा संकल्प है, हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। श्री मोदी ने कहा कि आज इन्फ्रास्ट्रक्चर के जितने भी प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। वो इसी संकल्प का हिस्सा है। छत्तीसगढ़ को अलग राज्य इसलिए बनाना पड़ा था, क्योंकि यहां विकास का लाभ नहीं पहुंच पा रहा था। पीएम ने कहा कि कांग्रेस के राज में यहां विकास का काम नहीं हो पाता था। काम होते भी थे, उसमें कांग्रेस वाले घोटाले कर देते थे। कांग्रेस को कभी आप लोगों को चिंता नहीं रही। आपके जीवन की और आपके बच्चों की चिंता हमने की है।

मोदी ने कहा कि यहां दूर-सुदूर के आदिवासी क्षेत्रों में भी अच्छी सड़कें पहुंच रही है। कई इलाकों में पहली बार ट्रेन पहुंच रही है। अभी मैंने यहां एक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई है। अभी यहां कहीं पहली बार बिजली पहुंच रही है। कहीं पाइप से पानी पहली बार पहुंच रहा है। कहीं नए मोबाइल टावर पहली बार लग रहा है। नए स्कूल-कॉलेज और अस्पताल बन रहे हैं। हमारे छत्तीसगढ़ की तस्वीर भी बदल रही है और तकदीर भी बदल रही है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है। जहां शत् प्रतिशत रेल नेटवर्क बिजली से चलने लगा है। ये बहुत बड़ी उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ में करीब 40 हजार करोड़ के रेल प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इस साल बजट में छत्तीसगढ़ के लिए 7 हजार करोड़ की व्यवस्था की गई है। इससे छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों में अच्छी रेल कनेक्टिविटी की मांग पूरी होगी। मोदी ने कहा कि विकास के लिए बजट के साथ-साथ नेक नीयत भी जरूरी है। अगर कांग्रेस की तरह मन और मस्तिष्क में बेईमानी भरी हो, तो बड़े-बड़े खजाने भी खाली हो जाते हैं। यही स्थिति हमने कांग्रेस के शासन के दौरान देखी है। इस कारण आदिवासी अंचलों तक विकास नहीं पहुंच पाया। हमारे सामने कोयले का उदाहरण है। मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत बड़ी मात्रा में कोयला है, लेकिन आपको जरूरत भर की बिजली भी नहीं मिल पाती थी। कांग्रेस के समय में बिजली की हालत खस्ताहाल थी। यहां बिजली के कारखानों पर उतना काम नहीं किया गया। आज हमारी सरकार नए बिजली कारखाने लगवा रही है। हम यहां सौर ऊर्जा से बिजली बनाने पर भी बहुत जोर दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैं आपको एक और शानदार योजना के बारे में बताउंगा।

स्वयंभू महादेव के आशीर्वाद से विकास को गति

मोदी ने कहा कि मोहभट्ठा स्वयंभू महादेव के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने का अवसर मिला है। थोड़ी देर पहले 33 हजार 700 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इसमें गरीबों का घर है, स्कूल है, रोड है, बिजली है, पाइप लाइन है। मोदी ने कहा कि ये सारे प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा देने वाले हैं। नौजवानों के लिए नए रोजगार बनाने वाले हैं। भारत माता की जय, मां महामाया और जय जोहार से सभा की शुरुआत की।

पीएम मोदी को सीएम साय का जय जोहार

पीएम के आगमन को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ से आत्मीय लगाव है। यहां के लोगों की मेहनत, संस्कृति और परंपराओं को उन्होंने हमेशा सम्मान दिया है। माता कौशल्या की पुण्य भूमि, भांचा राम के ननिहाल, छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक स्वागत, वंदन और अभिनंदन। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

3 हजार से अधिक जवान लगे रहे सुरक्षा में

सुरक्षा व्यवस्था के लिए बिलासपुर सहित प्रदेशभर से करीब 3 हजार जवान सभास्थल पहुंचे। पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) के अफसर भी बिलासपुर पहुंच गए हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में देर शाम से लेकर रात तक जिला और पुलिस प्रशासन के अफसरों की बैठक ली। प्रधानमंत्री की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, इसलिए किसी भी व्यक्ति को बगैर जांच के सभास्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभास्थल पर 1500 मेटल डिटेक्टर गेट लगाए जाएंगे। लोगों को 3 घंटे पहले ही पहुंचना होगा।

55 एकड़ में लोगों के बैठने की व्यवस्था

बिलासपुर में पीएम की सभा से पहले प्रदेश डिप्टी सीएम अरुण साव ने आयोजन को लेकर मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया हिंदू नव वर्ष के पहले दिन प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, यह ऐतिहासिक है। अनुमान है लगभग 2 लाख लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। मोहभट्ठा मैदान में 55 एकड़ क्षेत्र में कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है । जिसमें 4.50 लाख स्क्वायर फीट में पांच डोम तैयार किए गए हैं जिसे 75 सेक्टर में बांटा गया है ।

सुविधा के पूरे इंतजामः साव

साव ने बताया कि जनसभा में पहुंचने वाले हितग्राहियों की सुविधा के लिए सभी प्रकार के इंतजाम किए गए हैं , ताकि उन्हें कोई समस्या ना हो। आपातकालीन स्थिति के लिए दवाई, जलपान, सुलभ समेत सभी प्रकार की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सभी सेक्टर पार्किंग और अन्य स्थानों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 50 एलईडी स्क्रीन की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में सभी बड़ी संख्या में हितग्राहियों की उपस्थिति को देखते हुए 100 एकड़ क्षेत्र में 9 अलग-अलग पार्किंग जोन बनाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का मायका है। मेरा सौभाग्य है कि नवरात्र के पहले दिन मैं यहां पहुंचा हूं। छत्तीसगढ़ की राम भक्ति भी अद्भुत है। यहां रामनामियों ने पूरा शरीर भगवान राम को समर्पित किया है।

मोहभट्ठा सभा स्थल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसएसपी रजनेश सिंह।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत किया।

18 लाख आवास बनाने का लक्ष्य, 3 लाख गरीब परिवारों का सपना हुआ साकार

मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 3 लाख गरीब परिवार अपने नए घर में गृहप्रवेश कर रहे हैं। मुझे यहां तीन लाभार्थियों से मिलने का अवसर मिला। उनके चेहरे पर खुशी नहीं समां रही थी। मां तो अपना आनंद रोक नहीं पा रही थी। मोदी ने कहा कि 3 लाख परिवारों को नए जीवन के लिए बहुत शुभकामनाएं देता हूं। गरीब परिवारों के सिर पर पक्की छत आप सभी की वजह से ही संभव हो पाई है। क्योंकि आपने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों के पक्के घर का सपना पहले की सरकार ने फाइलों में गुमा दिया था। तब हमने गारंटी दी थी। ये सपना हमारी सरकार पूरा करेगी। इसलिए विष्णुदेव की सरकार बनते ही पहली कैबिनेंट में 18 लाख घर बनाने का निर्णय लिया गया। आज उनमें 3 लाख घर बनकर तैयार है। मुझे खुशी है, इसमें बहुत सारे घर आदिवासी क्षेत्रों में बने हैं। बस्तर और सरगुजा के अनेक परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। जिन परिवारों की अनेक पीढ़ियों ने झोपड़ियों में बेहाल जीवन बिताया है। ये उनके लिए कितना बड़ा उपहार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्यपाल रमेन डेका ने बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा हैलीपेड पर आत्मीय स्वागत किया।

सम्मान

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भेंट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया बिलासा देवी केवट का मोमेंटो

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा एवं विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज एक विशेष मोमेंटो भेंट किया, जो छत्तीसगढ़ की वीरांगना बिलासा देवी केवट की स्मृति में तैयार किया गया है। यह मोमेंटो न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता की जीवंत अभिव्यक्ति भी है। छत्तीसगढ़ की बिलासा देवी एक साहसी, परिश्रमी और दूरदर्शी महिला थीं, जिनके नाम पर छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर बिलासपुर का नाम पड़ा। वे केवट समुदाय से संबंध रखती थीं-एक ऐसा समुदाय, जो भारतीय इतिहास में जल परिवहन, सेवा भाव और ईमानदारी के लिए जाना जाता है। भगवान श्रीराम के जीवन में केवट समुदाय की भूमिका आज भी आदर्श के रूप में स्मरण की जाती है। बिलासा देवी केवट का यह प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं के सामर्थ्य और भारतीय संस्कृति के यशस्वी मूल्यों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित भी किया है।

बिलासा देवी का जीवन इस बात का प्रमाण है कि महिलाएँ सीमाओं को पार कर इतिहास रच सकती हैं। उनके नेतृत्व, परिश्रम और कौशल ने यह सिद्ध किया कि चाहे वह प्रशासन हो या सामाजिक नेतृत्व-नारी कहीं भी पीछे नहीं। यह मोमेंटो उन्हीं मूल्यों और प्रेरणाओं का दर्पण है। यह भेंट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस दूरदर्शी नेतृत्व के साथ प्रतिध्वनित होती है।

कोसा सिल्क से बना शॉल प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा आज बिलासपुर जिले के ग्राम मोहभट्ठा में आयोजित आमसभा और विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में कोसा सिल्क से निर्मित एक विशेष हस्तनिर्मित शॉल भेंट किया गया, जो छत्तीसगढ़ की समृद्ध बुनाई परंपरा और जनजातीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह शॉल न केवल कपड़े का एक सुंदर नमूना है, बल्कि छत्तीसगढ़ की कला, संगीत और जनजातीय अस्मिता का जीवंत दस्तावेज भी है। यह शॉल पूरी तरह हस्तनिर्मित है और इसमें राज्य की स्थानीय बुनकर परंपरा की गहराई को दर्शाया गया है।

न्यूज गैलरी

नए वित्तीय वर्ष में बढ़ेगी अर्थव्यवस्था की रफ्तार

नई दिल्ली। नए वित्तीय वर्ष से पहले भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की बड़ी खबर सामने आई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहेगी। इससे विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। नया वित्तीय वर्ष एक अप्रैल से शुरू हो रहा है। यह साल भारत की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देगा। ईवाई इकोनॉमी वॉच की रिपोर्ट में कहा गया है कि नए वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च बढ़ाने पर जोर दिया गया है। संतुलित राजकोषीय रणनीति को मतदीर्घकालिक विकास संभावनाओं को काफी बढ़ा सकती है। ईवाई इकोनॉमी वॉच के मार्च संस्करण में कहा गया कि वित्त वर्ष 25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया। जबकि नए वित्तीय वर्ष में 6.5 प्रतिशत से वृद्धि का अनुमान है। पिछले महीने एनएसओ ने वित्त वर्ष 23 से वित्त वर्ष 25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत का अनुमान लगाया। जबकि वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही की वृद्धि 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के लिए निजी अंतिम उपभोग व्यय में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि संशोधित अनुमानों के अनुसार सरकार का राजकोषीय घाटा अनुदान की पूरक मांग से प्रभावित हो सकता है। बढ़ती आबादी और विकसित आर्थिक संरचना के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में अतिरिक्त निवेश दीर्घकालिक विकास को बनाए रखने और मानव पूंजी परिणामों में सुधार करने के लिए आवश्यक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगले दो दशकों में भारत को अपने सामान्य सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य व्यय को धीरे-धीरे बढ़ाने की आवश्यकता होगी। जिससे यह उच्च आय वाले देशों के करीब आ जाएगा।

कंगाल पाकिस्तान को विश्व बैंक का सहारा

बिज़नेस डायरी। पाकिस्तान की स्थिति दिन-प्रतिदिन बद से बदतर होती हुई जा रही है। जहां आर्थिक संकट के बीच पंजाब प्रांत में वायु प्रदूषण का बढ़ता स्वरूप चिंता का विषय है। हालांकि पाकिस्तान को वायू प्रदूषण से बचने के लिए विश्व बैंक ने एक बड़ी राहत दी है। कंगाल पाकिस्तान दिन-प्रतिदन कर्ज को बोझ तले दबता ही जा रहा है। जहां एक बार फिर विश्व बैंक ने पाकिस्तान पर रहम दिखाते हुए पाकिस्तान के कर्ज के आवेदन को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो रविवार को विश्व बैंक ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 300 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। बता दें कि यह ऋण पंजाब स्वच्छ वायु कार्यक्रम (पीसीएपी) के तहत अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) द्वारा प्रदान किया गया है और इसे शुक्रवार को विश्व बैंक समूह के निदेशक मंडल ने मंजूर किया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में वायु प्रदूषण लोगों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। शहबाज सरकार भी इसका निपटारा करने में अबतक असफल रही। ऐसे में पंजाब स्वच्छ वायु कार्यक्रम (पीसीएपी) शुरू करना पंजाब के लोगों के लिए थोड़ी राहत की बात होगी, क्योंकि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाब में वायु गुणवत्ता प्रबंधन को मजबूत करना। साथ ही इलाके में बढ़ते प्रदूषण को कम करना है। यह पंजाब सरकार की स्मॉग मिटिगेशन एक्शन प्लान (एसएमएपी) को सपोर्ट करेगा और पूरे प्रांत में वायु गुणवत्ता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए कई पहलें शुरू करेगा, जिससे परिवहन, कृषि, उद्योग, ऊर्जा और नगरपालिका सेवाओं जैसे क्षेत्रों में सुधार किए जाएंगे।

नेक्स्ट 50 के एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के आखिरी सोमवार को होगी

एनएसई ने निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के लॉट साइज में किया बदलाव

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के लॉट साइज में बदलाव किया है।एनएसई के फ्यूचर्स और ऑप्शनंस (एफएंडओ) डिपार्टमेंट द्वारा निकाला गया सर्कुलर सेबी के दिशानिर्देशों के अनुरूप जारी किया गया है।नए सर्कुलर में निफ्टी बैंक के मौजूदा लॉट साइज को 30 से बढ़ाकर 35 कर दिया गया है।

वहीं, निफ्टी मिड सिलेक्ट के एफएंडओ लॉट साइज को बढ़ाकर 140 कर दिया गया है, जो कि पहले 120 था।इसके अलावा एनएसई ने अन्य किसी इंडेक्स के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट में कोई बदलाव नहीं किया है।निफ्टी 50 के एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट्स का लॉट साइज 75 बना हुआ है। इसके अलावा, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के लॉट साइज को 65 और निफ्टी नेक्स्ट 50 के लॉट साइज को 25 पर बरकरार रखा गया है।निफ्टी बैंक और निफ्टी मिड सिलेक्ट इंडेक्स के डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स में बदलाव मौजूदा मंथली एक्सपायरी कॉन्ट्रैक्ट्स 24 अप्रैल, 2025, 29 मई, 2025 और 26 जून, 2025 से नहीं होगा। बल्कि, यह 31 जुलाई को होने वाली मंथली एक्सपायरी से प्रभावी होगा।इससे पहले, एनएसई ने निफ्टी, बैंक निफ्टी समेत सभी इंडेक्सों की एक्सपायरी 'महीने के आखिरी सोमवार' को करने का फैसला लिया था।

एनएसई की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया कि निफ्टी, बैंक निफ्टी, फिननिफ्टी, निफ्टी मिडकैप सिलेक्ट और निफ्टी नेक्स्ट 50 के एफएंडओ कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के आखिरी सोमवार को होगी। लेकिन भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आदेश के बाद, इस सर्कुलर पर फिलहाल के लिए रोक लगा दी गई है। सेबी के आदेश में कहा गया कि सभी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी मंगलवार और गुरुवार में से किसी एक दिन हो सकती है।सेबी की ओर से यह आदेश ऐसे समय पर दिया गया था, जब एक्सचेंज डेरिवेटिव्स सेगमेंट में अधिक मार्केट शेयर हासिल करने के लिए एक्सपायरी में बदलाव कर रहे थे।

दवाइयों की कीमत में वृद्धि और सीमित आपूर्ति के चलते फार्मास्यूटिकल्स पर 25 प्रतिशत या उससे अधिक टैरिफ असंभव है

अधिक यूएस टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मिलेगी मदद : रिपोर्ट

मुंबई। बढ़ते अमेरिकी टैरिफ से भारतीय फार्मा कंपनियों को मार्केट शेयर बढ़ाने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में दी गई। जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय दवा कंपनियों में बेहतर लागत प्रतिस्पर्धात्मकता के कारण अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों की कीमत पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने की क्षमता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि अधिक टैरिफ के कारण इस बात की भी संभावना कम है कि भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं को अमेरिका में शिफ्ट करें।

जेपी मॉर्गन ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए दवाइयों की कीमत में वृद्धि और सीमित आपूर्ति के चलते फार्मास्यूटिकल्स पर 25 प्रतिशत या उससे अधिक टैरिफ असंभव है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अगर फार्मास्यूटिकल्स पर 10 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाता है, तो इसका एक बड़ा हिस्सा ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। इसकी वजह दवाइयों की नियमित मांग बने रहना है।टैरिफ में बढ़ोतरी का बाकी बचा हिस्सा मैन्युफैक्चरर्स और फार्मेसी बेनिफिट मैनेजर्स (पीबीएम) द्वारा वहन किया जाएगा।टैरिफ वृद्धि से दवाओं की लागत बढ़ने की आशंका है और मध्यम अवधि में अमेरिका में मरीजों के लिए बीमा प्रीमियम में भी वृद्धि होगी। ब्रोकरेज ने कहा कि अगर टैरिफ जारी रहता है, तो बड़ी भारतीय फार्मा कंपनियां अपनी बातचीत की शक्ति बढ़ाने के लिए एकजुट हो सकती हैं, लेकिन उनके बाजार से बाहर निकलने की संभावना नहीं है।जेपी मॉर्गन का यह भी मानना है कि बायोसिमिलर को टैरिफ से छूट दी जा सकती है। अमेरिका में इन उत्पादों के लिए सीमित मैन्युफैक्चरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर होने के कारण मांग का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि बायोसिमिलर पर टैरिफ लगाने से मरीजों के लिए लागत बढ़ सकती है।जेपी मॉर्गन की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के अलावा, इजराइल और स्विट्जरलैंड से आने वाली जेनेरिक दवाओं पर आयात शुल्क लगाए जाने की संभावना बहुत अधिक है। इसकी वजह इन देशों में टेवा और सैंडोज जैसी दवाओं की बड़ी मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं होना है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये कंपनियां भारतीय कंपनियों की तुलना में कम लाभ मार्जिन पर काम करती हैं और इसलिए टैरिफ से उन पर अधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

नियम एक अप्रैल से होंगे लागू

इनएक्टिव मोबाइल नंबर वाले यूजर्स को आ सकती है परेशानी

नई दिल्ली। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने न्यूमेरिक यूपीआई आईडी सॉल्यूशन पर हाल ही में यूपीआई नंबर से जुड़े भुगतानों के लिए कस्टमर एक्सपीरियंस बढ़ाने के उद्देश्य से नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। नए दिशानिर्देश 1 अप्रैल से प्रभावी होंगे।

इन नए दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना यूपीआई मेंबर बैंक, यूपीआई ऐप्स और थर्ड पार्टी प्रोवाइडर के लिए जरूरी होगा। नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, इनएक्टिव मोबाइल नंबर से जुड़ी यूपीआई आईडी भी इनएक्टिव हो जाएगी। अगर किसी यूपीआई यूजर का बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर लंबे समय से इनएक्टिव है तो यूजर की यूपीआई आईडी भी अनलिंक हो जाएगी और यूजर यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल नहीं कर सकेगा। ऐसे में यूपीआई सर्विस का इस्तेमाल करने वाले हर यूजर को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि उसके बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एक्टिव हो। सही मोबाइल नंबर के साथ बैंक रिकॉर्ड अपडेट रखे जाने पर ही यूपीआई सर्विस का बिना किसी परेशानी के इस्तेमाल किया जा सकेगा। इनएक्टिव या दोबारा असाइन किए गए मोबाइल नंबर को लेकर उनसे जुड़ी यूपीआई सर्विस को लेकर परेशानी आ सकती है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट के नियमों के अनुसार, डिसकनेक्ट होने पर मोबाइल नंबर 90 दिन बाद एक नए यूजर को असाइन किया जा सकता है। अगर किसी ग्राहक का मोबाइल नंबर कॉल, मैसेज या डेटा के साथ इस्तेमाल न किया जा रहा हो तो ऐसे नंबर को टेलीकॉम प्रोवाइडर्स डिएक्टिवेट कर देते हैं। इन नंबरों को रिसाइकल या चर्न्ड नंबर कहा जाता है। नए दिशा-निर्देशों के तहत यूजर का बैंक-वेरिफाइड मोबाइल नंबर यूजर के यूपीआई आइडेंटिटीफायर के रूप में काम करेगा। जिसके साथ यूजर अलग-अलग यूपीआई ऐप्स का इस्तेमाल कर सकता है। दूसरी ओर बैंक और यूपीआई एप्लीकेशन को भी अपने मोबाइल नंबर रिकॉर्ड्स को हर हफ्ते अपडेट करने की जरूरत होगी, जिससे रिसाइकिल या मॉडिफाइड नंबर से होने वाली गलतियों से बचा सके।

पटना-सासाराम 4-लेन हाइवे प्रोजेक्ट को दी मंजूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने बिहार में पटना से शुरू होकर सासाराम तक जाने वाले 120 किलोमीटर तक के 4-लेन प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना-आरा-सासाराम कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी। सीसीईए ने बैठक के बाद जारी किए बयान में कहा कि प्रोजेक्ट हाइब्रिड एनुटी मोड (एचएएम) में डेवलप किया जाएगा। इसकी लागत 3,712.40 करोड़ रुपये होगी। एचएएम एक पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल है जिसे सड़क इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को पुनर्जीवित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सरकार प्रोजेक्ट के निर्माण के दौरान निजी डेवलपर को वार्षिक भुगतान के रूप में लागत का 40 प्रतिशत प्रदान करती है। निजी डेवलपर प्रोजेक्ट लागत का शेष 60 प्रतिशत लोन या इक्विटी के माध्यम से जुटाता है। सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया कि वर्तमान में, सासाराम, आरा और पटना के बीच संपर्क मौजूदा स्टेट हाईवे (एसएच-2, एसएच-12, एसएच-81 और एसएच-102) पर निर्भर करता है, जिसमें आरा शहर सहित भारी यातायात के कारण 3 से 4 घंटे लगते हैं। मौजूदा ब्राउनफील्ड हाईवे के 10.6 किमी के अपडेट के साथ एक ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बढ़ती भीड़ को कम किया जा सके, जिससे आरा, गड़हनी, पीरो, बिक्रमगंज, मोकर और सासाराम जैसे स्थानों में घनी आबादी वाले क्षेत्रों की जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

यह प्रोजेक्ट एनएच-19, एनएच-319, एनएच-922, एनएच-131जी और एनएच-120 सहित प्रमुख परिवहन गलियारों को एकीकृत करता है, जिससे औरंगाबाद, कैमूर और पटना को निर्बाध संपर्क प्रदान होता है।

Amazon.in के होम शॉपिंग स्प्री के साथ गर्मी के इस सीजन में अपने घर को दीजिए नया लुक

1 से 5 अप्रैल 2025 के बीच लीजिए शॉपिंग का मजा

रायपुर। ग्राहक 1,000 रुपये तक के निश्चित कैशबैक, प्रोडक्टक पर न्यूनतम 40% छूट जैसे कई रोमांचक ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं होम, किचन और आउटडोर उत्पादों पर चुनिंदा बैंक कार्ड्स के साथ पाएं 10% तक की अतिरिक्त छूट कूलर आदि पर शानदार ऑफर्स के साथ गर्मी को मात देने के लिए हो जाएं तैयार सोफा सेट, डाइनिंग सेट, शोपीस आदि के विशाल संग्रह के साथ अपने घर को नई तरह से डिज़ाइन करें '%बाय मोर सेव मोर' - दो या अधिक वस्तुओं की खरीद पर अतिरिक्त 3% छूट बेंगलुरु, 27 मार्च 2025: Amazon.in अपने होम शॉपिंग स्प्री समर एडिशन के साथ वापस आ गया है। यहां ग्राहक एयर कूलर, रिक्लाइनर, वैक्यूम क्लीनर, पानी की बोतलें, पर्दे आदि जैसे होम, किचन और आउटडोर उत्पादों पर आकर्षक डील्स का लाभ उठा सकते हैं। ग्राहक 1 से 5 अप्रैल 2025 के बीच ल्यूमिनस, नरवाल, बजाज, द बेटर होम जैसे शीर्ष और सबसे पसंदीदा ब्रांडों के उत्पादों पर शानदार डील्स का आनंद ले सकते हैं। अपने साल की सबसे कम कीमतों के साथ घर को गर्मी के लिए तैयार करने का ये शानदार मौका हरगिज न चूकें।घर के लिए बजाज PX97 टॉर्क न्यू 36 लीटर पर्सनल एयर कूलर– टर्बो फैन तकनीक के साथ, बजाज PX97 टॉर्क न्यू 36 लीटर एयर कूलर में तेज हवा के साथ ही स्मार्ट कूलिंग मिलती है। यह एंटी-बैक्टीरियल हेक्साकूल मास्टर, एडजस्टेबल एयर फ्लो आदि जैसे कई फीचर्स के साथ आता है। इसे Ama-zon.in पर 5,799 रुपये में खरीदें। द बैटर होम कॉपर वाटर बॉटल – द बेटर होम कॉपर वॉटर बॉटल के साथ 'खुद को हमेशा हाइड्रेट बनाए रखें'। स्टेनलेस स्टील से बना यह प्रोडक्ट आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है और इसे साफ करना भी आसान है। इसे Amazon.in पर 849 रुपये में खरीदें। UGAOO फ्लेक्सी वॉटर होज़ PVC पाइप लीक-प्रूफ टैप एडाप्टर के साथ (15 मीटर)– उपयोग में आसान यह प्रोडक्ट बेहतरीन क्वालिटी वाले PVC से बना है। इसे लंबे समय तक चलने के लिए तैयार किया गया है। यह बागवानी, पालतू जानवरों को नहलाने, कार धोने आदि के लिए बेहद उपयोगी है। इसे Amazon.in पर 759 रुपये में खरीदें। नीलकमल सिएरा वेलवेट फैब्रिक मैनुअल रिक्लाइनर– नीलकमल सिएरा वेलवेट फैब्रिक मैनुअल रिक्लाइनर के साथ अपने लिविंग स्पेस को और भी खूबसूरत बनाएं। इसे टिकाऊ बनाने के लिए ठोस पाइन वुड और इंजीनियर्ड वुड से तैयार किया गया है।

खेल

सीएसके की प्लेइंग 11 में हो सकता है बड़ा बदलाव

चेन्नई। आईपीएल 2025 के 8वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को अपने ही घर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ करारी शिकस्त झेलनी पड़ी. आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 196 रन बनाए, जबकि सीएसके की पूरी टीम 146 रन पर सिमट गई. इस हार के बाद सीएसके की टीम में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. कुछ खिलाड़ी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए, जिससे उनकी जगह अगले मैच की प्लेइंग इलेवन में खतरे में पड़ सकती है. आइए जानते हैं वो तीन खिलाड़ी कौन हो सकते हैं जो बाहर हो सकते हैं।

राहुल त्रिपाठी को इस सीजन ओपनिंग का मौका दिया गया, लेकिन वो लगातार फ्लॉप हो रहे हैं. आरसीबी के खिलाफ भी वो सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए. ओपनर का काम होता है टीम को अच्छी शुरुआत देना, लेकिन त्रिपाठी ऐसा करने में नाकाम रहे हैं. ऐसे में अगले मैच में टीम मैनेजमेंट उन पर बड़ा फैसला ले सकता है और आंद्रे सिद्धार्थ को उनकी जगह मौका दे सकता है। सैम करन एक ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं, लेकिन इस मैच में उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा. उन्होंने 13 गेंदों में सिर्फ 8 रन बनाए, जबकि गेंदबाजी में 3 ओवर में 34 रन लुटा दिए और एक भी विकेट नहीं लिया. करन से टीम को उम्मीद थी कि वो गेंद और बल्ले दोनों से कमाल दिखाएंगे, लेकिन वो पूरी तरह फेल रहे. इस वजह से अगले मैच में उन्हें बाहर बैठाया जा सकता है. सैम करन की जगह टीम डेवोन कॉनवे को मौका दे सकती है। दीपक हुड्डा गेंद या बल्ले से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं, इसलिए टीम मैनेजमेंट दीपक हुड्डा पर फैसला ले सकता है. दीपक हुड्डा ने सीएसके के लिए 2 मैचों में 7 रन बनाए हैं, मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में 3 रन और आरसीबी के खिलाफ 4 रन बनाए थे. उन्होंने अभी तक गेंदबाजी नहीं की है. इस प्रदर्शन के कारण टीम विजय शंकर को मौका दे सकती है और दीपक हुड्डा टीम से बाहर हो सकते हैं। सीएसके के लिए यह हार बड़ी सीख है. टीम मैनेजमेंट को अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कड़ा फैसला लेना होगा. अगले मैच में कुछ खिलाड़ियों को बाहर कर नए खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है. फैंस को उम्मीद है कि सीएसके अपनी गलतियों से सीखेगी और अगले मैच में दमदार वापसी करेगी।

न्यूजीलैंड ने पहले वनडे में पाकिस्तान को 73 रन से हराया

नईदिल्ली। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच नेपियर में खेले गए पहले वनडे मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा. न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 344 रन बनाए. जवाब में पाकिस्तान की टीम 44.1 ओवर में सिर्फ 271 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली.पाकिस्तानी कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 50 रन के अंदर ही 3 विकेट गंवा दिए. इसके बाद मार्क चैपमैन और डैरिल मिचेल ने पारी संभाली. दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 199 रन की बड़ी साझेदारी की। मार्क चैपमैन ने 111 गेंदों में 13 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 132 रन बनाए. वहीं, मिचेल ने 76 रन की शानदार पारी खेली. न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू कर रहे मुहम्मद अब्बास ने भी सिर्फ 26 गेंदों में 52 रन बनाए, जिससे टीम 344 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंच गई. पाकिस्तान के लिए इरफान खान ने 3 विकेट झटके.बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम को अच्छी शुरुआत मिली. अब्दुल्लाह शफीक और उस्मान खान ने पहले विकेट के लिए 83 रन जोड़े. शफीक ने 36 और उस्मान खान ने 39 रन बनाए. इसके बाद बाबर आजम ने 83 गेंदों में 78 रन की शानदार पारी खेली। मोहम्मद रिजवान ने 30 रन बनाए, जबकि सलमान अली आगा ने 48 गेंदों में 58 रन की पारी खेली. लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं पाए और लगातार विकेट गिरते चले गए. न्यूजीलैंड के गेंदबाज नाथन स्मिथ ने 4 विकेट लेकर पाकिस्तान की पारी को समेट दिया। न्यूजीलैंड की टीम इस सीरीज में अपने कई बड़े खिलाड़ियों के बिना खेल रही है, क्योंकि न्यूजीलैंड के बड़े खिलाड़ी इस समय आईपीएल में बिजी हैं. इसके बावजूद टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान को 73 रनों से हराकर सीरीज में बढ़त बना ली. अब पाकिस्तान को अगला मैच जीतना जरूरी होगा, वरना सीरीज हाथ से निकल जाएगी।

दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की मनोकामना ज्योत हुई प्रज्वलित

संक्षिप्त खबरें

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय प्रार्थिया ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि आरोपी प्रवीण पाल 23 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर प्रोफेसर कालोनी स्थित होटल में ले जाकर उससे शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

अधेड़ से मोबाइल की लूट, अपराध दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। वीआईपी क्लब किड्स एकेडमी के पास स्कूटी सवार अज्ञात दो युवकों ने एक अधेड़ से मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रामायण साहू 59 वर्ष वीआईपी क्लब किड्स एकेडमी के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने घर के बाहर बैठा था, तभी स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एमएन 4457 से दो अज्ञात युवक प्रार्थी के पास आया और पता पूछने के बहाने प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। दंतेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 3 हजार सहित टीवी पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैलेन्द्र कुमार बेनर्जी 30 वर्ष दंतेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 3 हजार रुपए और 1 नग टीवी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 13 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रोफेसर कालोनी में लावारिश बैग से फैली सनसनी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कॉलोनी में एक लावारिस बैग मिलने से सनसनी फैल गई. बैग की तलाशी लेने पर उसमें जापानी महिला का पासपोर्ट, वीजा, 20 दिसंबर 2024 का टोक्यो से दिल्ली का एयर टिकट, भारत के विभिन्न शहरों की हवाई टिकटें, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए.वहीं इस बैग के मिलने से पुलिस के सामने अब कई सवाल खड़े हो गए हैं. यह बैग किसका है? क्या यह किसी विदेशी पर्यटक का खोया हुआ सामान है? या फिर किसी आपराधिक घटना से इसका कोई संबंध है? ऐसे कई सवालों के जवाब अब ढूंढने होंगे. फिलहाल, पुरानी बस्ती थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बैग का असली मालिक कौन है और यह रायपुर में कैसे पहुंचा.

खदान धंसकने से दो ग्रामीण की मौत

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। अवैध रूप से कोयला खोदते समय मिट्टी धसकने से दो ग्रामीणों की मौत होने के पांचवे दिन पता चला। मामले में मौके पर पुलिस पहुँची और रेस्क्यू शुरू किया है। जानकारी अनुसार मनेंद्रगढ़ से लगभग 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत घुटरा स्थित धुनैटी नदी में कई वर्षो से अवैध कोयला निकाला जा रहा है। जहाँ फटपानी निवासी इंद्रपाल अगरीया 50 वर्ष एवं राजेश अगरिया नदी कोयला निकालने गए थे। अवैध खदान में मिट्टी धंसने से दोनों ग्रामीण दब गए है। चार दिन घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। पांचवे दिन अवैध खनन स्थल पंहुचे, तब चप्पल, टिफिन देखकर दबने की बात कही है। चूकी माफियों द्वारा ग्रामीणों को चंद पैसो की लालच में कोयला खनन करा मोटी रकम कमा रहें है। बताया जा रहा है कोयला माफिया का सत्ताधारी दल से कनेक्शन भी है। दोनों ग्रामीण चार दिन तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने कल शनिवार को नदी जाकर खोजबीन करने पर घटनास्थल पर दोनों के टिफिन व चप्पल से पुष्टि हुई।

छत्तीसगढ़ में हीट-वेव अलर्ट

■ **1-2 अप्रैल को तेज हवा के साथ हो सकती है बारिश**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग ने आज मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में गर्म दिन होने की चेतावनी जारी की है। वहीं 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ में मौसम में बदलाव हो सकता है। 1 और 2 अप्रैल को तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है।

प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान रायपुर में रहा। यहां 40.2 डिग्री दिन का तापमान पहुंच गया है। वहीं मौसम विभाग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिनों तक दिन तापमान स्थिर रहेगा। इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट होगा।

जगदलपुर में भी औसत से 2.3 डिग्री ज्यादा तापमान : मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को जगदलपुर में तेज गर्मी रही। अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया लेकिन शनिवार को पारा 38.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां दिन पारा औसत से 2.3 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं रात में टेम्प्रेचर 23.4 डिग्री रहा।

दुर्ग-राजनांदगांव में भी 38 के पार : शनिवार को दुर्ग और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 38 के पार रहा। दुर्ग का पारा 38.2 डिग्री और राजनांदगांव का पारा 38.9 डिग्री रहा।

अम्बिकापुर में तापमान में गिरावट : मौसम विभाग के मुताबिक सरगुजा संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। शुक्रवार को अधिकतम पारा 36.8 डिग्री रहा जो शनिवार को करीब 2 डिग्री कम होकर 34.8 तक पहुंच गया। वहीं रात का तापमान 17 डिग्री रिकॉर्ड किया गया यह प्रदेश में सबसे कम रहा।

रायपुर में सबसे तेज गर्मी

रायपुर में आज अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। शनिवार को रायपुर में दिन का तापमान 40.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यह प्रदेश में सबसे अधिक रहा। यह सामान्य से 3.6 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो औसत से 4.7 डिग्री अधिक था।

बिलासपुर में तापमान 39 डिग्री

बिलासपुर में भी दिन का तापमान सामान्य से अधिक है। वहीं शनिवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान 24.8 डिग्री रहा। गौरेला पेंड्रा मरवाही में अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

कुदरगढ़ में बाघ की हलचल सुरक्षा को लेकर बढ़ी सतर्कता

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले के कुदरगढ़ क्षेत्र में आज सुबह एक बाघ घूमता हुआ दिखाई दिया। यह बाघ चांदनी बिहारपुर वन परिक्षेत्र के चंपाजोर जंगल में देखा गया। इस दौरान ओड़गी-बिहारपुर मार्ग से गुजर रहे राहगीरों ने बाघ का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद से इलाके में सुरक्षा के लिए सतर्कता बढ़ा दी गई है।

आज से कुदरगढ़ धाम में चैत्र नवरात्र मेला शुरू हो रहा है, जिसमें लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचने वाले हैं। ऐसे में वन विभाग और प्रशासन दोनों ही बाघ की गतिविधियों पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं। वन विभाग बाघ की मूवमेंट पर निगाह रखे हुए है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। कुदरगढ़ क्षेत्र में बढ़ी इस सतर्कता के बीच, श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त उपाय किए जा रहे हैं।

प्री B.Ed और D.El.Ed एंट्रेंस एग्जाम का शेड्यूल जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यापमं ने प्री B.Ed और प्री D.El.Ed प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी तय समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

व्यापमं ने परीक्षा के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। इस साल परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन, परीक्षा तिथियों और एडमिट कार्ड को लेकर व्यापमं ने पूरी जानकारी साझा की है।

ऑनलाइन आवेदन की तिथि

शुरुआत: 28 मार्च 2025 (शुक्रवार)

अंतिम तिथि: 25 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) शाम 5:00 बजे तक

फॉर्म में संशोधन (करेक्शन विंडो): 26 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025, शाम 5:00 बजे तक

परीक्षा की संभावित तारीख 22 मई तय की गई है।

परीक्षा तिथि और समय-

संभावित परीक्षा तिथि: 22 मई 2025

प्री बी.एड एन सुबह 10:00 से 12:15 बजे तक, प्री डी. एडएल.बी.एड एन दोपहर 2:00 से 4:15 बजे तक

एडमिट कार्ड जारी होने की तिथि: 14 मई 2025 (बुधवार)

परीक्षा केंद्र: छत्तीसगढ़ के 33 जिला मुख्यालयों में होंगे।

स्थानीय अभ्यर्थियों को एग्जाम फीस नहीं देनी होगी

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को राहत दी है। सरकार के आदेशानुसार, इस परीक्षा में शामिल होने वाले स्थानीय अभ्यर्थियों से कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे हजारों छात्रों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

संबलपुर-टिटलागढ़ सेक्शन में पुल निर्माण के चलते रेलवे ने रद्द की ट्रेनें

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रेलवे यात्रियों को 66 दिनों तक बड़ी परेशानी झेलनी पड़ेगी। रेलवे ने 1 अप्रैल से 26 मई तक 6 प्रमुख ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है।

रेलवे ने टिटलागढ़-लखोली और टिटलागढ़-संबलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण कार्य के चलते ट्रैफिक ब्लॉक लिया है। इसके चलते यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं।

62 बार रद्द रहेंगी ट्रेनें

इन 6 ट्रेनों को अप्रैल और मई महीने में 62 बार रद्द किया जाएगा। खासतौर पर छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्रप्रदेश के यात्रियों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

रद्द की गई ट्रेनें और तारीखें-

टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर और बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर: रद्द तिथियां: 1, 4, 8, 11, 15 अप्रैल

विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर, रद्द तिथियां: 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल

3, 6, 11, 18, 20, 25 मई

रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर और जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेंजर :

रद्द तिथियां: 2, 6, 10, 13, 19, 23, 27 अप्रैल, 3, 6, 11, 18, 20, 25 मई

यात्रियों को झेलनी होगी असुविधा

रेलवे की इस कार्रवाई से दैनिक यात्रियों के साथ ही छत्तीसगढ़ से ओडिशा और आंध्रप्रदेश जाने वाले यात्रियों को भी भारी दिक्कत होगी।रेलवे का कहना है कि पुल निर्माण के चलते ट्रेनों का संचालन असंभव है। यात्री वैकल्पिक साधनों का इस्तेमाल करें।

लूट का नया फंडा | खुद को कुंवारी बताती और पैसे ऐंठती, मां-बेटी मिलकर लोगों को बनाती थीं शिकार

लुटेरी दुल्हन...प्यार में फंसाकर 4 शादियां की

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में एक लुटेरी दुल्हन का मामला सामने आया है। दुल्हन लड़कों को सामाजिक ग्रुप में बायोडाटा भेज कर अपने प्यार में फंसाती है। फिर शादी होने के बाद दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर पैसे ऐंठ लेती है। इस पूरे कांड में उसकी मां भी शामिल थी।

रायपुर के एक युवक को शादी के बाद शक हुआ तो उसने पुलिस और कोर्ट का सहारा लिया। तब जाकर दुल्हन और उसकी मां के खिलाफ मुजगहन थाने में एफआईआर दर्ज हुई।

शादी के कुछ महीनों बाद दूरियां बढ़ा ली : शुभम देवांगन (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उसकी शादी साल 2023 मई में पूजा देवांगन उर्फ़ गीतांजलि से हुई थी। पूजा मूल रूप से आरंग की रहने वाली है। एक सामाजिक ग्रुप में उसका बायोडाटा आया था। शुभम के परिवार वालों ने पूजा से अप्रोच किया। धीरे-धीरे पूजा और शुभम के बीच बातचीत होने लगी। इस दौरान पूजा ने उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया और जल्दी शादी की जिद करने लगी।

मिली जानकारी के मुताबिक, शादी के कुछ महीने बाद पूजा ने शुभम से दूरियां बढ़ा ली। वह घर में विवाद करने लगी और अलग रहने की जिद करने लगी। परेशान होकर शुभम रायपुर से अंबिकापुर शिफ्ट हो गया। शुभम एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगा। महिला वहां से अपने मायके जाने की जिद करने लगी। इसके बाद वह लंबे समय तक मायके में रही। इस दौरान शुभम को शक भी हुआ।

दहेज और मानसिक प्रताड़ना का केस दर्ज करवाया : शुभम का आरोप है कि पूजा ने विवाद के बाद पुलिस में झूठी शिकायत दी। उसने शुभम और उसके परिवार वालों के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें दहेज और मानसिक प्रताड़ना का आरोप था। शुभम ने भी मुजगहन थाने में शिकायत दी लेकिन पारिवारिक विवाद होने से मामला साल 2024 में कोर्ट में चला गया।

5 लाख के गहने किए पार किए, तब खुला राज

इस विवाद के दौरान पूजा देवांगन ने शुभम के घर में रखे करीब 5 लाख रुपए के गहने लॉकर से निकाल लिए। इनमें उसकी मां के जेवर भी शामिल थे। फिर उसे लेकर वह मायके चली गई। इसके बाद शुभम ने शक बढ़ते ही महिला के संबंध में जांच पड़ताल की। पता चला कि पूजा देवांगन ने 2015 से लेकर 2023 के बीच अलग-अलग लड़कों से 4 शादियां की है। उन्होंने उमेश देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन और लोकनाथ देवांगन से भी शादी की है।

पहले पतियों से नहीं लिया तलाक : आरोप है कि महिला पूजा देवांगन के साथ इस कांड में उसकी मां गायत्री देवांगन ने भी साथ दिया। शुभम को पता चला कि महिला ने पहले के पति को तलाक भी नहीं दिया है और खुद को कुंवारी बताकर उससे विवाह कर लिया। इस मामले में कोर्ट ने करीब 8 महीने की सुनवाई के बाद पुलिस को महिला और उसकी मां के खिलाफ FIR दर्ज करने के मुजगहन पुलिस को निर्देश दिए।

इस मामले में पुलिस ने आपराधिक षड्यंत्र, पैसों की उगाही और धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला की तलाश कर रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com